लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# जन एक्सप्रेस
हैप्पी रक्षाबंधन 2025
शनिवार 09 अगस्त, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 295
www.janexpresslive.com/epaper
अगर टैरिफ हटाया गया तो अमेरिका में आएगी... 12

# स्वदेशी अपनाएं, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएं

## बच्ची की जिद पर योगी ने खाई मिठाई, राखी बंधवाई, सेल्फी ली, बोले, रक्षाबंधन पर स्वदेशी सामान खरीदें, चाहे महंगे मिलें

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लखनऊ में सीएम योगी ने बच्चियों से राखी बंधवाई। इस दौरान एक बच्ची ने उनसे मिठाई खाने की जिद की। इसके बाद सीएम मुस्कुराए और मिठाई खाई। सीएम ने बच्चियों को चॉकलेट दीं। सीएम के साथ डिप्टी सीएम केशव मौर्य भी थे। उन्होंने भी राखी बंधवाई और बच्चियों को पैसे दिए। योगी शुक्रवार को काकोरी एक्शन शताब्दी समापन समारोह में केशव मौर्य के साथ पहुंचे थे। उन्होंने अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा- अगर हम विदेशी वस्तुएं खरीदेंगे तो वह पैसा कहीं न कहीं आतंकवाद और नक्सलवाद को बढ़ावा देता है। इसीलिए हमें स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदनी चाहिए। आने वाले रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दिवाली और अन्य त्योहारों पर उपहार और जरूरत का सामान सिर्फ स्वदेशी खरीदें, चाहे वह महंगे ही क्यों न हों। यह देश की अर्थव्यवस्था और कारीगरों के लिए वरदान होगा।



### बच्चों ने योगी जी को तिरंगा वाली राखी बांधी

स्कूल की प्रधानाध्यापक अंजलि सक्सेना ने बताया कि मेरे विद्यालय के बच्चों द्वारा सीएम जी को राखी बांधी गई। मेरे लिए गर्व की बात है। सभी स्टाफ बहुत खुश है। हमें एक अच्छा मौका मिला है। बच्चों ने योगी जी को तिरंगा वाली राखी बांधी है। चिया और अश्वनी काकोरी ब्लाक की प्राथमिक विद्यालय की कक्षा 3 की छात्र हैं। गांव के ही खुशहाल गंज सरकारी स्कूल में दोनों पढ़ने जाती हैं। चिया के पिता मजदूरी करते हैं। वहीं दूसरी बच्ची अश्वनी के पिता भी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। माता राजेश्वरी हाउसवाइफ हैं।

### हमने मलिहाबादी आम को काकोरी ब्रांड बनाया : योगी

क्रांतिकारियों के सम्मान व्यक्त करते हुए हमारी सरकार ने यह तय किया कि मलिहाबादी आम को पूरी दुनिया में पहुंचाएंगे। यह काकोरी ब्रांड के रूप में सबको काकोरी कांड की याद दिलाएगा। योगी ने कहा- यह अवसर है हमारे बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करने का। 15 अगस्त पर हर घर तिरंगा झंडा होना चाहिए। हमें बलिदानियों के प्रति कृतज्ञ रहने के साथ महात्मा गांधी के स्वदेशी अपनाओ आंदोलन को भी आगे बढ़ाना है। महात्मा गांधी ने जो मंत्र दिया, उसी पर हमें चलते हुए केवल स्वदेशी अपनाना है। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद हुए देश के सपूतों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पीपल का पौधा भी लगाया। छोटी बालिकाओं के हाथों राखी भी बंधवाई और बेटियों को मिठाई और चॉकलेट भी उपहार में दी। इसके बाद उन्होंने म्यूजियम में सेल्फी और फोटोशूट भी कराया। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को भी मंच पर सम्मानित किया, जबकि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस दौरान संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें काकोरी ट्रेन एक्शन की उस घटना को प्रस्तुत किया गया। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन के मन में पुनः प्रतिष्ठित करना आज का हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आह्वान को दोहराते हुए कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराया जाए, हर गांव और नगर निकाय, वार्ड में तिरंगा यात्रा निकले, यही हमारी आजादी के अमृत महोत्सव की सार्थकता होगी। उन्होंने कहा कि हर घर के ऊपर ये तिरंगा झंडा हो और हम सब तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की एकता के संदेश को विभाजनकारी मंसूबों को तोड़ते हुए आगे बढ़ाएं। अगर हम इस संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं तो आजादी का यह महोत्सव एक बार फिर से हर भारतवासी को अपने आप से जोड़ने में सफल सिद्ध होगा।

### सीएम योगी ने बच्चों के साथ सेल्फी ली

सीएम योगी ने बच्चों के साथ सेल्फी ली। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, बीकेटी के विधायक योगेश शुक्ला, मलिहाबाद की विधायक जय देवी, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### 14 अगस्त को विभाजन दिवस मनाना है : केशव प्रसाद मौर्य

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, हमारे वीरों ने आजादी दिलाई। उन्हें भूलकर 14 अगस्त को अलग पाकिस्तान की मांग की गई। देश का विभाजन हो गया। उन्होंने आह्वान किया कि 14 अगस्त को विभाजन दिवस मनाना है ताकि विभाजन की याद बनी रहे। उसके अगले ही दिन 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालकर स्वतंत्रता दिवस भी मनाना है।

### काकोरी में ट्रेन कैसे लूटी, कलाकार दिखा रहे

काकोरी में स्वतंत्रता सेनानियों ने ट्रेन कैसे लूटी थी, कलाकार इसका मंचन कर रहे हैं। सीएम योगी, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, मेयर सुषमा खर्कवाल सहित कई अतिथि मौजूद हैं। समारोह में काकोरी शौर्य कांड पर आधारित नाटक दिखाया जा रहा है। इसमें वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने कैसे घटना को अंजाम दिया, इसका प्रदर्शन किया जा रहा है। समारोह स्थल को तिरंगे की थीम पर सजाया गया है। यहां कलाकार काकोरी एक्शन प्लान के 100 साल पूरे होने की थीम के गीत पर अतिथियों के सामने नृत्य प्रस्तुत कर रहे हैं। सीएम सहित सभी अतिथियों के सामने स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। इस दौरान कई तरह के करतब भी दिखाए।

### जिनके बलिदान से हम आजाद हुए, उन्हें याद रखना है

मुख्यमंत्री ने मेरठ, झांसी, गोरखपुर और लखनऊ जैसे शहरों में क्रांति की अलख जगाने वाले वीरों को याद किया। कहा कि प्रदेश सरकार शहीद स्मारकों के संरक्षण का कार्य लगातार कर रही है। 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुभकामनाएं देते हुए कहा, हमारा दायित्व है कि तिरंगा हर घर पर लहराएं और राष्ट्रभक्ति हर दिल में बसे। हमें उन्हें याद रखना है जिनके बलिदान से हम आजाद हुए।卐 सीएम योगी ने कहा कि अगर हम विदेशी वस्तुएं खरीदेंगे तो वह पैसा कहीं न कहीं आतंकवाद और नक्सलवाद को बढ़ावा देता है। इसीलिए हमें स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदनी चाहिए। आने वाले रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दीपावली और अन्य त्योहारों पर उपहार और जरूरत का सामान सिर्फ स्वदेशी खरीदें। चाहे वह महंगे ही क्यों न हो।

# चित्रकूट में तबाही, सांसद गायब

## जनता डूब रही है, नेताजी डकैतों गुण ज्ञान में व्यस्त

**सदन चले या न चले, जनता का दर्द मत भूलिए माननीय, बाढ़ में बहते गांव, टूटी सड़कें और सूनी थालियां देख रही हैं आपकी गैरहाजिरी**

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट-बांदा**

एक तरफ चित्रकूट में बाढ़ से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। सड़कों का नामोनिशान मिट चुका है, पुल बह गए हैं, लोग भूख और बीमारी से जूझ रहे हैं तो दूसरी ओर बांदा-चित्रकूट की सांसद कृष्णा पटेल पूरी तरह से ग़ायब हैं। जनता सवाल कर रही है सांसद जी, जब हम डूब रहे हैं तो आप कहां हैं? बाढ़ में फंसे गांव, लेकिन सांसद जी की कोई सुध नहीं चित्रकूट के रामघाट ,सरधूवा, अर्की, मऊ जैसे इलाकों में हालात इतने भयावह हैं कि गांव पानी में घिरे हैं, रास्ते कट गए हैं, बीमारियां फैल रही हैं और लोगों को दो वक़्त की रोटी तक नसीब नहीं हो रही। चमरौहा पुल बाढ़ में है, जिससे आवाजाही पूरी तरह बंद है। लेकिन अफ़सोस की बात ये है कि किसी जनप्रतिनिधि ने न तो ज़मीनी हकीकत देखी और न ही कोई राहत पहुंचाई।


बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल, शिव शंकर सिंह पटेल

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की हकीकत

- सरधूवा, अर्की और मऊ में दर्जनों गांव जलमग्न
- चमरौहा पुल बाढ़ में है,संपर्क कटा
- सड़कों की हालत बदतर, बीमारियों का खतरा बढ़ा
- कोई राहत नहीं, न दवा, न खाना, न मदद
- तीन-तीन दिन से भूखे लोग, इलाज का साधन नहीं

### राजनीति में मलाई खाइए, लेकिन जनता का हक़ मत छीनिए

- सांसद और उनके पति पर सवाल अब गंभीर आरोपों में बदल रहे हैं।
- क्या जनता सिर्फ वोट देने की मशीन है?
- क्या डकैतों को जननायक बताकर ही अब नेता सियासत करेंगे?
- क्या पूड़ी-भंडारे की तस्वीरें ही आपकी उपलब्धि हैं?

### सांसद महोदया से विनम्र आग्रह

- सिर्फ दया बयान नहीं चाहिए, ज़मीनी दौरा करिए।
- जनता को आपके फोटो से नहीं, आपकी उपस्थिति से राहत चाहिए।
- डरिए उस दिन से, जब यही जनता वोट की चोट से जवाब देगी।

### जनता की चेतावनी 'जनता सब देख रही है'

इस बार जनता चुप नहीं बैठेगी। मऊ, सरधूवा, चमरौहा, हर गांव में आक्रोश है। लोग जानते हैं कि उनकी सुध लेने कोई नहीं आ रहा, लेकिन अब जनता भी हिसाब बराबर करेगी—चुनाव में।

### जनता की नाराज़गी : पूड़ी-पराठा खाइए, लेकिन भूखी जनता को मत भूलिए

गांव-गांव से अब आवाज़ें गूंज रही हैं। लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। जनता कह रही है वोट हमने दिए, लेकिन सांसद जी शायद डकैतों की राजनीति में व्यस्त हैं। लोगों को उम्मीद थी कि कम से कम सांसद प्रतिनिधि ही आएंगे, लेकिन वहां भी सन्नाटा ही मिला। जिन गांवों में कीचड़ और सड़ांध फैली है, वहां न कोई मेडिकल कैंप है, न ही राहत सामग्री।

### हमारी सरकार नहीं है बहाना नहीं, सांसद जी

अब कुछ लोग कहेंगे कि केंद्र और राज्य में आपकी पार्टी की सरकार नहीं है, इसलिए आप क्या कर सकते हैं? तो सुनिए सांसद जी को वेतन, सुविधाएं और फंड जनता के ही टैक्स से मिलते हैं। सरकार आपकी हो या न हो, जनता आपकी ज़िम्मेदारी है। आपसे लोगों ने विकास के नाम पर वोट दिया था, सिर्फ संसद में बैठने या फोटो खिंचवाने के लिए नहीं।

### डकैतों की चिंता ज़्यादा, जनता की नहीं?

सांसद कृष्णा पटेल पर यह भी आरोप लग रहे हैं कि उनके पति, पूर्व भाजपा मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल, डकैतों को रॉबिनहुड बताकर उनका महिमामंडन करते हैं। सवाल उठता है, जब डकैतों के लिए लव-लश्कर के साथ भंडारा हो सकता है, तो बाढ़ में फंसी जनता के लिए एक राहत वाहन भी नहीं भेजा जा सकता?



चित्रकूट में बाढ़ से हालात बेहद खराब हैं, जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि ऐसे संकट की घड़ी में कहीं दिखाई नहीं दे रहे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं चित्रकूट के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि जब जनता ने बड़ी उम्मीदों से सांसद चुना था, तो आज इस संकट में उन्हें जनता के बीच खड़ा होना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से पूरे चित्रकूट में बाढ़ राहत वाहन चलाकर जगह-जगह शिविर लगाने की मांग की। पंकज मिश्र ने कहा कि यह कटु सत्य है कि सदैव से पाठा को छला गया है, हर जनप्रतिनिधि ने यहां की जनता को केवल वादों के जाल में फंसाया है और चुनाव जीतने के बाद उनका ध्यान जनता की समस्याओं से हट जाता है। जनता जब सबसे ज्यादा तकलीफ में होती है, तब उनके चुने हुए नेता गायब हो जाते हैं, जो लोकतंत्र और जनसेवा दोनों के साथ विश्वासघात है।

**-पंकज मिश्रा (सदस्य एआईसीसी) पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस**



चित्रकूट के कई गांव आज प्राकृतिक आपदा से ग्रसित हैं, भाजपा के सारे जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व प्रशासन दिन रात बाढ़ पीड़ितों के सेवा में लगे है पर दुर्भाग्य है कि बांदा चित्रकूट की सांसद कृष्णा पटेल को इन समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है, बाढ़ से प्रभावित गांवों का दौरा करना मुनासिब नहीं समझ रही। जिन लोगों के वोट से महोदया सांसद बनी आज वही वोटर खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। ऐसे जनप्रतिनिधि होना न होना एक समान है।

**-आशीष कुमार, प्रदेश मंत्री, भाजपा एसटी मोर्चा यूपी**

# दुपट्टे की राखी और भरोसे का रिश्ता

## धराली में भावुक हुआ रक्षाबंधन

- गुजरात की महिला ने धामी को दुपट्टा फाड़कर बांधी राखी, कहा भैया, रक्षाबंधन पर याद रखना
- धराली में आपदा निरीक्षण के दौरान भावुक कर देने वाला पल

**जन एक्सप्रेस। उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी के धराली गांव में तीन दिन पहले आई प्राकृतिक आपदा के बाद शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राहत और बचाव कार्यों का जायजा लेने पहुंचे। वहीं एक पल ऐसा भी आया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। गुजरात की रहने वाली धनगौरी बरौलिया नाम की महिला ने अपना दुपट्टा फाड़कर मुख्यमंत्री की कलाई पर राखी बांधी।

### गुजरात से आई थी गंगोत्री दर्शन के लिए, आपदा में फंसी

धनगौरी बरौलिया अपने परिवार के साथ गंगोत्री दर्शन के लिए उत्तराखंड आई थीं। लेकिन 5 अगस्त को हुई भीषण बारिश और बादल फटने की घटना के बाद वह धराली में फंस गईं। राहत और बचाव दलों ने तीन दिन के अथक प्रयास के बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला।

### भावनाओं से भरी राखी, दायित्व का एहसास

इस रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पहले जो दृश्य धराली में देखने को मिला, उसने यह साबित कर दिया कि राखी का बंधन सिर्फ रेशम के धागे का नहीं होता यह भरोसे, सुरक्षा और आत्मीयता का प्रतीक होता है। धनगौरी द्वारा बांधी गई दुपट्टे की राखी मुख्यमंत्री के लिए सिर्फ एक परंपरा नहीं, एक भावनात्मक जिम्मेदारी बन गई। राखी के इस बंधन ने एक नया रिश्ता जन्म दिया जहां भाई मुख्यमंत्री है, और बहन एक आम नागरिक। लेकिन दोनों के बीच जुड़ा है भरोसे और कर्तव्य का वो धागा, जो किसी भी आपदा से मजबूत है।




Post
Pushkar Singh Dh... @pushkardhami Follow
Translate post
धराली (उत्तरकाशी) में आपदा प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान एक बहन ने साड़ी का किनारा फाड़ कर मेरी कलाई पर राखी के प्रतीक के रूप में बांधा तो मन अत्यंत भावुक हो उठा।
ना थाली, ना चंदन, केवल एक कपड़े का टुकड़ा, लेकिन उसमें रिश्ते का सच्चा एहसास, सुरक्षा का वचन, और मानवता का सबसे सुंदर रूप समाया था। उस राखी में एक बहन की प्रार्थना थी और एक भाई के कंधों पर आया एक नया दायित्व। ये कोई सामान्य राखी नहीं थी ये थी भरोसे की, अपनत्व की, और उस रिश्ते की जो खून से नहीं, दिल से जुड़ता है।

### ना थाली, ना चंदन... पर भावनाओं से भरी राखी : सीएम धामी

मुख्यमंत्री ने इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, धराली में एक बहन ने साड़ी का किनारा फाड़ कर मेरी कलाई पर राखी बांधी, तो मन अत्यंत भावुक हो उठा। ना थाली, ना चंदनज केवल एक कपड़े का टुकड़ा, लेकिन उसमें रिश्ते का सच्चा एहसास, सुरक्षा का वचन और मानवता का सबसे सुंदर रूप समाया था। उन्होंने आगे कहा, ये कोई सामान्य राखी नहीं थी, ये थी भरोसे की, अपनत्व की और उस रिश्ते की जो खून से नहीं, दिल से जुड़ता है।

### आपकी राखी बहुत स्पेशल है : सीएम धामी

राखी बांधने के बाद जब धनगौरी ने झुककर मुख्यमंत्री के पैर छूने की कोशिश की, तो सीएम धामी ने उन्हें गले से लगा लिया। महिला ने आभार जताते हुए कहा, बस मेरी यही प्रार्थना है कि रक्षाबंधन पर हमको याद करना। हमारा भैया सुखी रहे। मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, मैं आ गया ना आपको लेने। सुरक्षित पहुंच गए ना? धनगौरी ने कहा, हां, मिलिट्री से बहुत बड़ी सुरक्षा मिली, कोई परेशानी नहीं हुई।

### बधाई व अवकाश सूचना



आप सभी को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं, साथ ही सभी को सूचित किया जाता है कि रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर जन एक्सप्रेस के प्रेस व कार्यालय में दिनांक 09 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 11 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

**संपादक**

### बेसिक शिक्षा विभाग के 5378 शिक्षकों का हुआ तबादला


**लखनऊ।** यूपी में बेसिक शिक्षा विभाग के 5378 शिक्षकों का तबादला किया गया है। शुक्रवार को बेसिक शिक्षा परिषद ने तबादला सूची जारी की। वहीं जिन स्कूलों का विलय निरस्त हो गया है, उनके शिक्षक अपने विद्यालय में ही तैनात रहेंगे। बताया गया है कि जिन स्कूलों का विलय निरस्त किया गया है, उनके शिक्षक अपने वर्तमान विद्यालयों में ही तैनात रहेंगे और उनका तबादला नहीं किया जाएगा।

# आशा कार्यकर्ती भर्ती घोटाला : फर्जी प्रस्तावों पर बंटीं नियुक्तियां

- योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सवालों के घेरे में

**जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय**

भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा कर रही योगी सरकार की नीतियों को जौनपुर जिले में करारा झटका लगा है। सुईथाकला ब्लॉक में आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति में सामने आए भारी घोटाले ने न केवल स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि सरकार की मंशा पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जानकारी के अनुसार, दर्जनों ग्राम पंचायतों में बिना किसी विधिक प्रक्रिया और ग्राम सभा की स्वीकृति के फर्जी प्रस्तावों के आधार पर आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां कर दी गईं। इस पूरे प्रकरण में तत्कालीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सूर्य प्रकाश यादव की भूमिका संदेह के घेरे में है। आरोप है कि लाखों रुपये की रिश्वत लेकर अपात्रों को नियुक्त किया गया।


सेवा में,
श्रीमान मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जनपद-जौनपुर,उत्तर प्रदेश।
विषय-सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुइथाकलां में आशा के चयन में नियमों की अनदेखी करते हुऐ,अनुचित ढंग से पैसा लेकर बगैर ग्राम पंचायत की बैठक किये फर्जी प्रस्ताव पर की गयी नियुक्ति की उच्चस्तरीय जाँचकर आम जनता को न्याय प्रदान करने के सम्बन्ध में।
महोदय,
सादर अवगत कराना है कि प्रार्थिनी के ग्राम कम्मरपुर तथा राजस्व गाँव डकहा जनपद,जौनपुर की वर्तमान ग्राम प्रधान है प्रार्थिनी की ग्राम सभा में आशा के चयन में ब्लाक के अधिकारियों के द्वारा चयन प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर अनियमितता की गई है। आशा के चयन में ग्राम प्रधान के बगैर बैठक एवं प्रस्ताव के के विभागीय अधिकारियों द्वारा अनुचित ढंग से धन लेकर अपात्र व्यक्तियों का चयन विगत माह मे कर लिया गया है। जिसकी जानकारी मुझे कई माह के बाद हुई |विभागीय अधिकारी अपने कलम की बाजीगरी दिखाते हुए पूरे प्रस्ताव चयन प्रकिया,एवं अपात्रों का चयन कर शासनदेश के विरूध्द चयन कर आम जनता के साथ छल किया गया है।
अतः श्रीमान जी से विनम्र निवेदन है कि इस चयन प्रकिया की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जाँच कराते हुए निरस्त कर पुनः नियमानुसार कार्यवाही कराते हुए इसमें संलिप्त कर्मचारियों पर कठोरतम कार्यवाही की जाय। समस्त ग्राम वासी आपका आभारी रहेगें।
प्रार्थिनी
अनुजा सिंह (ग्राम प्रधान)
ग्राम पचायत-कम्मरपुर
वि0ख0-सुइथाकलॉ,जौनपुर।
शाहगंज,जौनपुर।

### इस्तीफों का दौर : घोटाले पर पर्दा डालने की कोशिश?

शिकायतों के बाद अचानक कई नियुक्त आशा कार्यकर्ताओं ने घरेलू कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया है। इनमें शहाना बानो और पुष्पा यादव जैसे नाम शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो इनसे दबाव में इस्तीफे लिए गए ताकि घोटाले को ढंका जा सके और जांच की आंच ऊपरी अधिकारियों तक न पहुंचे।

### फर्जीवाड़े का फॉर्मूला : बिना ग्राम सभा, बिना प्रस्ताव, सीधी नियुक्ति

कम्मरपुर, भगासा, दुमदुमा सहित कई पंचायतों में बिना ग्राम सभा की बैठक के ही नियुक्ति प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। कम्मरपुर की ग्राम प्रधान श्रीमती अनुजा सिंह ने मामले की शिकायत करते हुए कहा, मेरी बिना अनुमति और ग्राम सभा के प्रस्ताव के ही आशा की नियुक्ति कर दी गई। यह शासनादेशों का खुला उल्लंघन है। उनका कहना है कि आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्ति ग्राम पंचायत की संस्तुति के बिना नहीं की जा सकती, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने मनमानी कर लोकतंत्र की नींव को ही हिला दिया।

### जांच के आदेश, लेकिन कार्रवाई पर संदेह बरकरार


इस पूरे प्रकरण पर जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह का कहना है, मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम प्रधान के पति पर दबाव, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर यह भी आरोप है कि वे ग्राम प्रधान अनुजा सिंह के पति प्रवीण कुमार सिंह पर मामले को शांत करने का दबाव बना रहे हैं। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता कबीर सिंह ने कहा, यह सिर्फ कम्मरपुर नहीं, पूरे सुईथाकला ब्लॉक का खेल है। मैंने जिलाधिकारी को पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए पत्र सौंपा है।

आईजीआरएस पर शिकायत प्राप्त हुई है। जांच के लिए टीम गठित की गई है, रिपोर्ट आने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**-डॉ. लक्ष्मी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**



### क्या जीरो टॉलरेंस सिर्फ कागज़ी नारा है?

प्रदेश सरकार बार-बार भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की बात करती है, लेकिन जब ग्राम पंचायत जैसी जमीनी इकाई को ही दरकिनार कर विभागीय अधिकारी फर्जी नियुक्तियों का खेल खेलें, तो यह दावा खोखला साबित होता है। यह घोटाला योगी सरकार की गवर्नेंस मॉडल की साख पर सीधा हमला है। क्या इस मामले में भी सिर्फ बलि का बकरा बनाया जाएगा या असली मास्टरमाइंड पर भी कार्रवाई होगी?

### जनता की मांग : पूरे ब्लॉक की जांच हो, दोषियों को जेल भेजा जाए

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक ही मांग है—संपूर्ण चयन प्रक्रिया रद्द कर, उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई हो। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा महज एक चुनावी नारा ही रहेगा।

# गंगा उफनाई, खादर में बस पानी ही पानी, लोग बोले, रक्षा बंधन मनाएं या अपनी जान बचाएं

**जन एक्सप्रेस। मुजफ्फरनगर**

गंगा और सोलानी नदी का जलस्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र में मुश्किलें बढ़ रही हैं। हजारों बीघा फसलें डूब गई हैं। 21 से अधिक गांव ऐसे हैं, जहां आवागमन बंद है। गांव तक पानी आ जाने के कारण एहतियात के तौर पर लोग छतों पर डेरा जमाए हुए हैं। प्रशासन ने खतरे का सायरन बजाया। लोगों से एहतियात के तौर पर ऊंची स्थानों पर पहुंचने के लिए कहा गया। वहीं रक्षा बंधन के त्योहार को लेकर गांव वालों का कहना है कि त्योहार मनाएं या अपनी जान बचाएं। गंगा बैराज से बिजनौर जाने वाला रास्ता बंद है। रामराज खादर क्षेत्र के गांवों और मजरों में पानी भरा हुआ है। सयाली गांव में सबसे अधिक पानी है। यहां आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। चौहापुर, आलमपुर समेत तहसील क्षेत्र के करीब 21 गांवों के रास्तों पर पानी भर जाने से हालात विकट है। मेरठ और मुजफ्फरनगर के बीच के खादर में हाथीपुर गावड़ी, लतीफपुर, चेतावाला, रहड़वा में ग्रामीणों की ओर से बनाए गए कच्चे पुल भी पानी में बन गए। ग्रामीण किशन सिंह, सत्यदेव और जयपाल ने कहा कि चारे की सबसे ज्यादा समस्या है। मोरना क्षेत्र के महाराजनगर, खैरनगर, बिहारीगढ़ समेत अन्य क्षेत्रों में जलभराव के हालात हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने प्रभावित क्षेत्र का दौरान किया।

### सोलानी के पानी से मुसीबत में घिर गए किसान

रालोद की मीरापुर विधायक मिथलेश पाल, एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र सिंह ने सोलानी नदी खादर क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त मजलिसपुर तौफीर में पहुंचकर लोगों का हाल जाना। लक्सर मार्ग पर पानी अधिक होने के कारण छोटे वाहनों का आवागमन रुक गया है। महाराजनगर, खैरनगर, सिताबपुर में खेतों व घरों में पानी घुस गया है। पशुओं को चारे और गांव में पेयजल की समस्या भी बनी हुई है। सोलानी नदी पुल पर बाढ़ चौकी स्थापित की गई है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन पर जिले में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस । उरई**



काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर जनपद में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं जनमानस में देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से निकाली गई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस लाइन से किया, जो जिला परिषद, अम्बेडकर चौराहा एवं मच्छर चौराहा होते हुए टाउन हॉल तक पहुँची। यात्रा मार्ग में देशभक्ति गीतों की गूंज, हाथों में लहराते तिरंगे और युवाओं के जोशीले नारों ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। जिलाधिकारी व एसपी स्वयं यात्रा में सम्मिलित हुए और आमजन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलकर देशभक्ति का संदेश दिया। इनके साथ-साथ गणमान्य नागरिक, विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, तथा सामान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रास्ते भर लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। घरों और दुकानों पर तिरंगे फहराते नजर आए। जिनमें स्वतंत्रता संग्राम की झलकियाँ और राष्ट्रभक्ति के भाव देखने को मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि काकोरी कांड स्वतंत्रता संग्राम का एक ऐतिहासिक पड़ाव है, जिसने अंग्रेजी हुकूमत की नींव को हिलाया था। काकोरी कांड स्वतंत्रता संग्राम का एक ऐतिहासिक अध्याय है, जिसने भारत की आज़ादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। यह केवल एक डकैती नहीं, बल्कि अंग्रेजी शासन के विरुद्ध एक साहसिक और सुसंगठित क्रांतिकारी कदम था। आज जब हम उसकी शताब्दी मना रहे हैं, तो यह हमारा कर्तव्य है कि उस बलिदान की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाएं। तिरंगा यात्रा न केवल श्रद्धांजलि है, बल्कि देशभक्ति की भावना को प्रबल करने का माध्यम भी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि काकोरी कांड के क्रांतिकारियों ने जो साहस दिखाया, वह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा है। देशभक्ति केवल भावनाओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हमारे आचरण, कर्म और कर्तव्यों में भी परिलक्षित होनी चाहिए। तिरंगा यात्रा जैसे आयोजन हमें याद दिलाते हैं कि आज़ादी की कीमत क्या थी और इसे बनाए रखने की जिम्मेदारी किसकी है। युवाओं से तकनीक, शिक्षा और सेवा के माध्यम से राष्ट्र को आगे बढ़ाएं और एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। यही सच्ची देशभक्ति है। यह तिरंगा यात्रा जनपद के नागरिकों के लिए एक प्रेरणादायक अवसर बनी, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने एकजुट होकर देश के गौरवशाली इतिहास को नमन किया। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह आदि अधिकारी सहित गणमान्य मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों ने विभागीय कर्मचारियों पर मढ़े आरोप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जालौन नगर कोतवाली क्षेत्र के धंतौली गांव निवासी रितेश कुमार जाटव 25 वर्ष की गुरुवार की शाम को करंट लगने से मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई विशाल ने बताया कि थाना क्षेत्र के हरदोई गूजर फीडर में तैनात अधिकारियों ने 15 दिन पहले लाइनमैन के पद पर नौकरी लगवाने की बात कहकर उसे अपने साथ रख लिया। वह उससे तभी से काम ले रहे थे। आरोप है कि गुरुवार को टीजी टू व जेई ने उसे फोन कर बुलाया और गांव में फाल्ट सही करने के लिए कहा उस समय एक लाइनमैन भी मौजूद था। लाइनमैन ने बताया कि शट डाउन ले लिया है, इस पर रितेश खंभे पर चढ़ गया। वह लाइन सही कर रहा था कि अचानक सप्लाई शुरू हो गई। इससे रितेश बुरी तरह से झुलसकर नीचे गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे उठाकर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि टीजीटू व जेई की लापरवाही की वजह से ही उसके भाई की मौत हुई है। बताया कि उसकी शादी नहीं हुई थी, और वह अपने पिता जगत नारायण का इकलौता पुत्र था।उसकी मौत से मां अरुणा सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नशेड़ी पुत्र ने पिता के साथ गाली-गलौज कर घर में लगाई आग

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैसारी कला में गुरुवार की देर रात पिता मौलवी खान व पुत्र बटेर खान का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान पुत्र नशे की हालत में पिता के साथ गाली गलौज करते हुए झगड़ा करने लगा और पुत्र ने शराब के नशे में घर के पीछे रखे कंडे और लड़कियों में आग लगा दी और मौके से भाग गया। देखते ही देखते आग ने बिकराल रूप ले लिया और आग घर में फैल गई। इस दौरान घर में रखे छोटे गैस सिलेंडर में भी आग लग गई, जिससे घर में रखा गृहस्ती का सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से एक घंटे की कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया। तब तक करीब एक लाख रुपए का माल जलकर तबाह हो गय। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौहान का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज जेल भेजा जाएगा।

### त्योहारों से पहले पुलिस की मुस्तैदी, एसपी ने किया पैदल मार्च

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** आगामी रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के त्योहारों को देखते हुए जालौन पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने अपनी टीम के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय लोगों से सीधे बात की। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। एसपी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति भंग करने वाले तत्वों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट की सूचना पर पहुंची पीआरबी टीम के साथ मारपीट, दबंगो ने फाड़ी वर्दी

**जन एक्सप्रेस । उरई**



कुठौद थाना क्षेत्र के शंकरपुर में हुई मारपीट की सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस टीम के साथ हमलावरों ने मारपीट कर दी। इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी देते हुए वर्दी भी फाड़ दी। कर्मियों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

कुठौंद थाने की पीआरबी में तैनात कांस्टेबल अंकित पटेल, नरेंद्र कुमार व चालक होमगार्ड जितेंद्र तिवारी गुरुवार रात शिफ्ट की ड्यूटी पर थे।तभी रात 10:23 बजे कॉलर अनुज कुमार राजपूत निवासी शंकरपुर, कुठौन्द द्वारा सूचना दी गई कि उसका भाई रामू शराब के नशे में उससे गाली-गलौज कर रहा है।सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कॉलर अनुज से मिलने के बाद रामू को बुलाया। लेकिन रामू ने बाहर आते ही पीआरबी पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान रामू का दूसरा भाई श्यामू भी वहां पहुंच गया। देखते ही देखते रामू, श्यामू, कॉलर अनुज, उनकी मां गायत्री देवी और दो अज्ञात महिलाओं ने एकराय होकर पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने पुलिसकर्मियों से हाथापाई की, वर्दी फाड़ दी और सरकारी कार्य में बाधा डाली। स्थिति बिगड़ते देख पुलिसकर्मी वाहन में बैठकर जान बचाने की कोशिश करने लगे, लेकिन हमलावरों ने वाहन में घुसकर मारपीट जारी रखी। इस दौरान मौके से तत्काल थाने को सूचना दी गई। जब थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। कांस्टेबल अंकित पटेल ने घटना की लिखित शिकायत थाने में दी है। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

## जिला कारागार में कैदियों को राखी बांधकर मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला कारागार में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने कैदियों को राखी बांधी। इस दौरान ब्रह्माकुमारी बहन दुर्गेश नंदिनी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जन्म से अपराधी नहीं होता। सभी मनुष्य परमात्मा की संतान आत्मा हैं, जो मूल रूप में शांति, प्रेम, पवित्रता, दया, करुणा आदि गुणों से युक्त है, लेकिन कुसंग व दुर्व्यसन वश अथवा किसी परिस्थिति वश उसमें क्रोध, लोभ, काम या अहंकार की उत्पति होती है और वह कोई अपराध या अनैतिक कार्य कर बैठता है।

उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि व्यक्ति आत्मा के सत्य स्वरूप और गुणों को जानें। साथ ही आत्मा के पिता परमपिता परमात्मा शिव के गुण व कर्तव्यों को भी जानें। स्वयं को ज्योति स्वरूप अमर आत्मा समझ शांति, पवित्रता, प्रेम और परम आनंद के सागर परमात्मा को याद करने से न सिर्फ हमें सुख, शांति और आनंद की अनुभूति होती है, बल्कि इससे हमारे विकर्म और पाप भी नष्ट होते हैं और आत्मा पवित्र बनती जाती है। इसे ही 'राजयोग' कहा जाता है। राजयोग और आध्यात्मिक ज्ञान की शिक्षा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में निःशुल्क दी जाती है, जिसका लाभ कोई भी जाति या धर्म का व्यक्ति ले सकता है। इस दौरान सभी कैदियों को नशा व दुर्व्यसन त्यागने की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। अंत में सभी कैदियों को राखी बांधकर ईश्वरीय प्रसाद व साहित्य पुस्तिका का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने माउंट आबू में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जेल अधिकारियों को आमंत्रित किया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी बहन बीके सोनू, ब्रह्माकुमारी बहन साधना आदि मौजूद रहे।

## हत्या कर जंगल में शव फेंकने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को कर्वी कोतवाली पुलिस ने परिक्रमा मार्ग से गुमशुदा हुए व्यक्ति की हत्या कर शव जंगल में फेंकने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बाइक व 2,64,610 रुपये भी बरामद किए है। शुक्रवार को हुई पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 25 जुलाई को बांदा जिले के सिविल लाइन चैकी के जरैली कोठी निवासी दिलीप कुमार यादव ने बताया कि बीती 24 जुलाई को उसके पिता राजा भैया अमावस्या के दिन भगवान कामतानाथ के दर्शन करने व परिक्रमा करने के लिए अपने साथियों के साथ मोटर साइकिल से चित्रकूट आये थे तथा परिक्रमा करते समय कही गुम हो गए। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। जिसके बाद तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। विवेचना के दौरान बीती चार अगस्त को थाना भरतकूप क्षेत्र के ग्राम हुड़ा के ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी कि क्षेत्र के जंगल की खाई में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जिसके पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर लिया। शव की शिनाख्त कराने पर पता चला कि यह शव राजा भैया (62) का है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली कर्वी में दर्ज कराई गई थी। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बीती छह अगस्त को मृतक के पुत्र ने बताया कि उसके चचिया ससुर बुद्ध विलास उर्फ राजा निवासी फौजदार का पुरवा थाना अतर्रा जनपद बांदा व राहुल तिवारी निवासी कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा अक्सर उसके घर आते रहते थे और उसकी माता की तबियत ठीक करने के लिए कई बार अनुष्ठान कराने के नाम पर 20 से 25 हजार रुपये लेकर लौंग व गंगाजल पिलाकर चले जाते थे। बीती 24 जुलाई के दिन भी ये लोग घर आकर उसके पिता से कहा था कि अनुष्ठान के लिए अमावस्या का दिन बहुत शुभ है और अनुष्ठान कराने के चित्रकूट में उनके गुरु के पास जाना पडेगा तथा अनुष्ठान में तीन लाख रुपये लगेगे। बताया कि इससे पहले भी बालू डम्प के नाम पर इन लोगों ने उसके पिता से सात लाख रुपये ले रखे थे। इस सूचना पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए तथा गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके बाद शुक्रवार को कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने शिवरामपुर-पहाड़ी मार्ग में रेलवे की अण्डर पास मार्ग से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बाइक व 2,64,610 रुपये भी बरामद किए। पूंछतांछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह राजा भइया से उसकी पत्नी को ठीक कराने के नाम पर कई बार काफी पैसे तंत्र-मंत्र व अनुष्ठान के लिए ले चुके थे। तंत्र-मंत्र से पत्नी को ठीक कराने के नाम पर सात लाख रुपये भी बालू डम्प के नाम पर ले चुके थे। बताया कि लिए गए पैसे न देना पड़े इसलिए उन लोगों ने बीती 24 जुलाई को राजा भइया से तीन लाख रुपये अनुष्ठान के नाम पर लेकर योजनाबद्ध तरीके से परिक्रमा मार्ग से मोटर साइकिल में बैठाकर मड़फा जंगल ले गए जहां उसका गला घोटकर हत्या कर शव को खाई में फेंक दिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में कोतवाली कर्वी के प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह, परिक्रमा मार्ग चैकी प्रभारी रमेश सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार चैरसिया, आरक्षी आशीष कुमार व नीतू द्विवेदी शामिल रहे।

## चकबंदी सीओ के पेशकार को एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार





**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में उस वख्त हड़कंप मच गया, जब चकबंदी विभाग में तैनात सीओ के पेशकार को एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते धर दबोचा। पीड़ित जीतू निषाद ने बताया कि चकबंदी पेशकार प्रमोद कुमार उस्से दाखिल खारिज करने के बदले में पांच हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे।

जिसके बाद उसने एंटी करप्शन में मामले की लिखित शिकायत की थी, जबकि शिकायत मिलने के बाद टीम ने इस मामले को गम्भीरता से लेते हुये हमीरपुर पहुंचकर पीड़ित से मुलाकात करने के बाद जाल बिछाकर चकबंदी सीओ के पेशकार प्रमोद कुमार को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों कलैक्ट्रैट कैंपस से धर दबोचा।

वहीं टीम पेशकार प्रमोद कुमार को लेकर सुमेरपुर थाने पहुँची, जबकि पेशकार से मामले की पूंछतांछ करने के साथ ही उसके खिलाफ लिखा पढी कर अपने साथ बांदा लेकर चली गई। वही एंटी करप्शन की इस कार्यवाही से सरकारी कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## एक-दूसरे से रुठे मियां बीवी, आपसी सुलह की बदौलत चार साल बाद हुये फिर एक

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में आपसी मनमुटाव के चलते चार साल से रुठे मियां बीवी सुलह समझौता सैन्टर के जरिये हुये फिर एक। जी हाँ! हमीरपुर के जिला कानूनी सर्विसेज अथारिटी में कायम सुलह समझौता सैन्टर में रवीना खातून पुत्री आबिद अली निवासी सुमेरपुर, जबकि शमशाद पुत्र सत्तार निवासी घाटमपुर के बीच आपसी मनमुटाव के चलते दायर किये गये केस नम्बर-1573/2021 में एप्वाईन्ट किये गये बिचौलिया वकील चन्द्रशेखर गौतम ने **मिडियेटर मुहिम** के तहत मियां बीवी को समझा बुझाकर आपसी सुलह-समझौता करा दिया गया। जिसके बाद दोनों मियां बीवी खुश होकर साथ-साथ रहने को तैय्यार हो गये, जबकि रवीना खातून ने सारे गिले शिकवे भुलाकर अपनी नाराजगी को खत्म कर लिया, इसके बाद उन्हें उनके शौहर शमशाद के साथ अदालत कैम्पस से खुशी खुशी विदा किया गया। इस मौके पर जिला कानूनी सर्विसेज अथारिटी हमीरपुर के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शौहर बीवी के बीच चल रहे इस मामले में दोनों में आपसी सुलह होने पर मियां बीवी को मुबारक बाद देने के साथ ही, इस मामले को देख रहे वकील? के काम की तारीफ करते हुये बेहद खुशी जाहिर की। इस मौके पर सचिव पाण्डेय ने कहा कि मियां बीवी बिल्कुल एक गाड़ी के दो पहियों की तरह होते हैं, जिस तरह हम गाड़ी को बहुत सम्हाल कर?, ट्राफिक रुल फालो करते हुये चलाते हैं ताकि हम और हमारी गाड़ी, कहीं किसी हादसे का शिकार न हो जाय, ठीक इसी तरह शादी शुदा जिंदगी में भी हमें बहुत ही सूझबूझ और समझ की जरूरत होती है। तभी हमारी शादीशुदा जिंदगी कामयाब होती है, और हमें खुशियाँ हासिल होती हैं। दुनिया के हर मियां बीवी को चाहिये कि वो एक दूसरे की इज्जत करे। और जिंदगी का हर फैसला बहुत ही सोच समझकर ठंडे दिमाग से करे, क्योंकि गुस्से में लिया गया कोई भी फैसला हमें नुकसान के अलावा फायदा कैसे पहुंचा सकता है। जबकि गुस्से के दौरान हमारे सोचने समझने की ताकत खत्म हो जाती है।

## होम्योपैथिक इलाज से मरीज का मानसिक स्वास्थ्य रहता है संतुलित



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय में शुक्रवार को हेल्थ वेदा अस्पताल का शुभारंभ किया गया। जिसमें होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा के जरिए मरीजों को ठीक करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। चिकित्सालय संचालक डॉ रामकृष्ण मिश्रा, डॉ विकास मिश्रा व देवेन्द्र भार्गव ने बताया कि वर्तमान समय में होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा ही रोग को जड़ से समाप्त कर मरीज को ठीक करने में सक्षम है। इन दवाओं को कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है। उन्होंने बताया कि होम्योपैथिक दवाएं व्यक्ति के सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने पर बल देतीं हैं। यह दवा की ऐसी प्रणाली है, जो शरीर को स्वयं ठीक कर लेने की क्षमता विकसित करती है। वर्तमान समय में दुनिया भर में लगभग 20 करोड़ लोग होम्योपैथिक दवाओं व उपचारों को अपनाते है। इस दौरान पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा, रामनगर ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर भाजपा नेत्री रंजना उपाध्याय, व्यापार मण्डल उपाध्यक्ष सुरेश मिश्रा, रवि द्विवेदी, देवेन्द्र भार्गव, हीरो मिश्रा, आनंद त्रिपाठी बब्बू, ओम नारायण दुबे आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार की परेड का किया निरीक्षण, ली सलामी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्यों,आरटीसी बैरक,आरटीसी शौचालय,आरटीसी मेस आदि का किया गया निरीक्षण।

पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूटों की प्रशिक्षण योजना का लिया गया जायजा,दुरुस्त सिखलाई के दिए निर्देश।

पुलिस लाइन् में ट्रेनिंग कर रहे रिक्रूटों के शारीरिक स्वास्थ के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ को बेहतर बनाने के दिए निर्देश।

दिनांक 8अगस्त को पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया गया तथा परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात पुलिस लाइन में चल रहे लघु और वृहद निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा निर्माण कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन् में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूटों के प्रशिक्षण योजना को भी देखा गया तथा दुरुस्त सिखलाई हेतु प्रशिक्षकों को निर्देशित किया गया।इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा आरटीसी बैरिक,आरटीसी क्लासरुम,आरटीसी शौचालय,आरटीसी मेस आदि का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।तत्पश्चात रजिस्टर पेशी कर विभन्न रजिस्टरों को चेक किया गया।इस दौरान सहायक पुलिस अधिक्षक माविस टक व क्षेत्राधिकारी पीयुष पाण्डेय व अन्य संबंधित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## पलाश बंसल के सिंघम ने तत्परता दिखाते हुए बचाई दो युवकों सहित एक नौनिहाल की जान

- जर्जर कच्चा मकान गिरने से दादा, नाती और साला मलबे में दबे,हालत गंभीर।
- बीस मिनट तक मलबे में फंसे रहे तीनों, पुलिस ने किया रेस्क्यू, हालत गंभीर होने पर जिला रेफर

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



कस्बा जसपुरा के मोहल्ला खेरेपर में शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे एक जर्जर कच्चा मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। हादसे में घर के अंदर लेटे तीन लोग मलबे में फंस गए। चीख-पुकार सुनकर दौड़े आए पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 10 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला और तीनों समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें समुदायिक केन्द्र जसपुरा से रेफर कर जिला अस्पताल भेजा गया।

घटना में घायल हुए लोगों की पहचान अनिरुद्ध सिंह (65) पुत्र रामगोपाल, उनका नाती नैतिक(14)पुत्र शिव प्रकाश और साला शिवमंगल सिंह (50) पुत्र बंशगोपाल, निवासी बेलगांव के रूप में हुई है। नैतिक सरस्वती शिशु मंदिर जसपुरा में कक्षा सात का छात्र है।

अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि मकान कच्चा था और ऊपर एक अटारी बनी थी। हादसे के समय तीनों पटनेर के नीचे लेटे हुए थे, तभी मकान अचानक भरभराकर ढह गया और तीनों लोग उसके नीचे फंस गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान चलाया। पड़ोसियों की मदद से तीनों को बाहर निकाला गया। एम्बुलेंस से उन्हें तुरंत सीएचसी जसपुरा पहुंचाया गया,जहाँ से हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने बाँदा के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार वेद प्रकाश पैलानी और लेखपाल शिवनरेश मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

**बीस मिनट तक मलबे में दबे रहे घायल, बाल-बाल बची जान**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों लोग लगभग 20 मिनट तक मलबे में दबे रहे।समय रहते अगर पुलिस बचाव कार्य शुरू न करती तो पता नहीं क्या होता,कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

**प्रशासन ने शुरू की राहत कार्यवाही**

लेखपाल शिवनरेश ने बताया कि घटना की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है और नियमानुसार पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाई जाएगी।



**जेल की राखियां बनीं शहरवासियों की...**

गाजियाबाद के जिला कारागार डासना में कैदियों द्वारा बनाई गई राखियां इस रक्षाबंधन पर शहरवासियों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रंग-बिरंगी, आकर्षक और हस्तनिर्मित ये राखियां अपनी सुंदरता से लोगों का मन मोह रही हैं। ये राखियां कैदियों के हुनर... पढ़ें पेज 12 पर...

# जमानत पर रिहा हो चुका निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश का करीबी निकांत जैन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सोलर कंपनी का प्रोजेक्ट मंजूर करने के लिए कमीशन मांगने वाले इंवेस्ट यूपी के निलंबित सीईओ अभिषेक प्रकाश का करीबी निकांत जैन जमानत पर रिहा हो गया है। आरोपी के खिलाफ कुल चार एफआईआर दर्ज थी। इसमें गोमतीनगर थाने में आईएएस अधिकारी के लिए रिश्वत लेने और भ्रष्टाचार की एफआईआर के मामले में उसे पहले ही जमानत मिल गई थी। आरोपी के खिलाफ वजीरगंज थाने में दो और हजरतगंज थाने में एक एफआईआर दर्ज हुई थी। इन तीनों मामलों में भी आरोपी को जमानत मिल गई है। निकांत जमानत पर रिहा हो चुका है। बृहस्पतिवार को निकांत और



उसके करीबियों के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा। खास बात ये है कि शुरू से ही इस प्रकरण में पुलिस की लापरवाही देखने को मिली। भ्रष्टाचार के मामले में निकांत जब जेल में बंद था तब समय से उसकी कस्टडी रिमांड की अर्जी नहीं दी गई। देर से अर्जी देने के कारण भ्रष्टाचार निवारण के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह ने तब कस्टडी रिमांड देने से इंकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि निकांत जैन को जिन आरोपों में गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है, उसमें उसे अधिकतम 10 साल की सजा हो सकती है। जिन मामलों में दस साल तक की सजा का प्रावधान है, उनमें अगर आरोपी जेल में है तो पुलिस को अधिकतम 60 दिनों में चार्जशीट दायर करनी होती है। ऐसे मामले में पुलिस को 40 दिन के भीतर पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए कोर्ट में आवेदन कर देना चाहिए, लेकिन इस मामले के विवेचक एसीपी विनय कुमार द्विवेदी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लगभग 44 दिन के बाद पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिए जाने की अर्जी दी। इसकी वजह से अर्जी खारिज कर दी गई।

### 23 मार्च से जेल में बंद था आरोपी

एसटीएफ ने निकांत को गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ गोमतीनगर थाने में केस दर्ज कर 23 मार्च को जेल भेज दिया गया। इस मामले में 31 मई को आरोपी को जमानत मिल गई। इस बीच वजीरगंज में एफआईआर हुई और 27 मई को जेल में वारंट भेजा गया। आरोपी की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई। 22 जुलाई को एसीजीएम कोर्ट ने जमानत मंजूर कर ली। इसके बाद पुलिस की ओर से नौ जून को हजरतगंज में दर्ज एफआईआर का वारंट नौ जून को जेल में भेजा गया। इस मामले में भी आरोपी को सीजेएम 4 की कोर्ट ने 24 जुलाई को जमानत दे दी। इसके बाद आरोपी जेल से छूट गया।

### यह है मामला

सौर ऊर्जा के कलपुर्जे बनाने की इकाई लगाने के लिए आईएएस के नाम पर निकांत ने कंपनी संचालक विश्वजीत दत्ता से एक करोड़ रुपये रिश्वत ली थी। इस मामले में विश्वजीत की तहरीर पर गोमतीनगर थाने में निकांत के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। प्रकरण की जांच एसआईटी को सौंपी गई थी। एसआईटी की ओर से करीब 1600 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की गई थी।

# 'भाजपा के लोगों ने मुझ पर हमला करवाया... कानून व्यवस्था ध्वस्त'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने बीते दिनों रायबरेली में खुद पर हुए हमले को लेकर भाजपा पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने मुझ पर हमला करवाया। ये तो अच्छा हुआ कि मैंने अपनी यात्रा की सूचना पहले दे दी थी नहीं तो स्थिति गंभीर हो जाती। वहां पर मेरे समर्थक और पुलिसकर्मी मौजूद थे। लखनऊ में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए स्वामी प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था



ध्वस्त है। भाजपा संरक्षित गुंडे, माफिया और बदमाश अब प्रदेश के विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहे हैं। इसमें भाजपा के नेता भी शामिल हैं।

### भाजपा सरकार के मंत्री-विधायक इस सरकार से संतुष्ट नहीं

स्वामी प्रसाद ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री-विधायक इस सरकार से संतुष्ट नहीं हैं। विधायकों को भी पीटा गया है। सत्ता पक्ष के विधायक भी मारपीट के शिकार हुए हैं। मारपीट के शिकार हुए विधायक पिछड़ा और एससी-एसटी समाज के थे। मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

# उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों ने रक्षाबंधन पर देश व प्रदेशवासियों को दी बधाई व शुभकामनायें

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भाई बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश, देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व उत्तर प्रदेश विधान परिषद मे नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने भाई-बहन के असीम प्रेम, अटूट विश्वास एवं समर्पण के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।अपने शुभकामना सन्देश में श्री मौर्य ने कहा है कि है कि पावन व पुनीत पर्व सभी के जीवन में प्रेम, सद्भाव, समृद्धि और सौहार्द की वृद्धि करें।उप मुख्यमंत्री ने

■ स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के अटूट बंधन को दर्शाता है रक्षाबंधन: केशव

अपने शुभकामना सन्देश मे कहा है कि रक्षाबंधन का पावन पर्व भारतीय संस्कृति की उस अद्भुत परंपरा का उत्सव है, जो स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के अटूट बंधन को दर्शाता है। यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा और परिवार व समाज में आपसी स्नेह और सम्मान को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है।इस अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम नारी सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहें। उन्होने कहा है कि आइए! रक्षाबंधन के इस शुभ अवसर पर समाज में समरसता, एकता और भाईचारे को और मजबूत बनाएं तथा देश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराएं।
वहीं पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेशवासियों खासतौर से बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की है।रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर एक बधाई संदेश में पर्यटन मंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी का पूजनीय स्थान है। नारी शक्ति का एक रूप है। इस पर्व पर बहने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनसे अपने मान-सम्मान एवं सुरक्षा की कामना करती हैं। यह पर्व नारी सम्मान देने एवं भाई-बहन के प्यार का पर्व है।

# मदरसों में धूमधाम से मनाया जाएगा आज़ादी का महोत्सव: दानिश अंसारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आज़ाद अंसारी ने प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को पत्र के माध्यम से आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के मदरसों में आज़ादी का महोत्सव भव्य एवं व्यापक स्तर पर मनाए जाने के निर्देश दिए हैं।राज्य मंत्री ने कहा है कि 10 से 13 अगस्त तक मदरसों में देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस संगोष्ठी, छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों में देश के प्रति गर्व, सम्मान एवं जागरूकता की भावना और प्रबल हो।उन्होंने निर्देश दिया कि 13 से 15 अगस्त तक प्रदेश के समस्त मदरसों पर तिरंगा फहराना सुनिश्चित करते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए। 15 अगस्त को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मदरसों में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के साथ छात्र छात्राओं में स्वच्छता जागरूकता अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। जिससे समाज में राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण और देशभक्ति का संदेश व्यापक रूप से पहुंचे।

# आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं ने सैनिकों के लिए निर्मित की राखियाँ


जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र अलीगंज लखनऊ में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत इस रक्षाबंधन को खास बनाने के लिए एक सराहनीय पहल की है। छात्राओं ने अपने स्नेह और सम्मान को दर्शाते हुए देश की रक्षा में तैनात हमारे वीर जवानों के लिए अपने हाथों से सुंदर राखियाँ बनाईं।इस पहल का उद्देश्य न केवल सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना है, बल्कि उनमें यह भावना भी जागृत करना है कि देशवासी सदैव उनके साथ हैं। छात्राओं ने परंपरागत और रचनात्मक तरीकों से इन राखियों को सजाया और उनके साथ आभार पत्र भी भेजा।यह आयोजन नारी सशक्तिकरण, देशभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन का प्रतीक है।

# विकास के खाके पर विधानसभा में होगी 24 घंटे चर्चा, मंत्री और अधिकारी तैयार करेंगे विजन डॉक्यूमेंट-2047

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार यूपी के विकास को लेकर गंभीर पहल करते हुए विकसित भारत-विकसित उप्र-2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार करेगी। इसके आधार पर प्रदेश के विकास का खाका खींचा जाएगा और उसके मुताबिक काम होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया है। बैठक में यह भी तय हुआ कि विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा के लिए 24 घंटे विधानसभा लगातार चलेगी। 13 अगस्त की सुबह 11 बजे से शुरू होकर यह चर्चा 14 अगस्त तक जारी रहेगी। इसमें सभी मंत्री अपने अपने विभाग का विजन डाक्यूमेंट पेश करेंगे। यह विजन डॉक्यूमेंट नागरिकों के सुझाव से तैयार होगा। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को अधिकारियों के साथ मिलकर इसे तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री



ने अधिकारियों से कहा कि इस विजन डॉक्यूमेंट के जरिए ही प्रदेश के आगामी विकास लक्ष्यों को पूरा किया जाना है। सीएम ने कहा कि इसके जरिए गांव, गरीब, किसान, व्यापारी व युवकों के साथ ही आम लोगों का जीवन बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा जाएगा। इससे पहले 2019 में भी 2 अक्तूबर की सुबह 11 बजे से तीन अक्तूबर की रात 11 बजे तक लगातार 36 घंटे सदन का विशेष सत्र चला था।

# पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष ने की जनसुनवाई, आये 38 शिकायती मामले

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा इन्दिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 38 शिकायती प्रकरणों पर जनसुनवाई की गई। इस जनसुनवाई में पेंशन भुगतान में देरी, अवैध कब्जे, अधिकारी अनुपस्थिति जैसे गंभीर मामलों पर आयोग ने कड़ा रुख अपनाया। राम आसरे सिंह के सेवानिवृत्ति उपरान्त पेंशन, ग्रेच्युटी और राशिकरण भुगतान में 63 दिन की देरी पर आयोग ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। सहायक कोषाधिकारी, जवाहर भवन ने सूचित किया कि देयकों का भुगतान कर दिया गया है, परन्तु शासनादेश के अनुसार अधिकतम तीन दिन में भुगतान होना चाहिए था। आयोग ने दोषी कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति

■ पेंशन में देरी, अवैध कब्जे जैसे मामलों पर आयोग ने कड़ा रुख अपनाया

■ पेंशन भुगतान में देरी पर नाराजगी जताई और दोषी कर्मियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए

■ विधवा दिव्यांग महिला की भूमि पर कब्जे के मामले में प्रशासन को दिये कार्रवाई के निर्देश

की।फूलकेसरी कश्यप के मामले में नगर निगम लखनऊ का कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ, जिस पर अध्यक्ष ने गम्भीर असंतोष जताते हुए चेतावनी दी कि अगली तिथि पर सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति की स्थिति में नगर आयुक्त के विरुद्ध शासन को कार्रवाई हेतु लिखा जाएगा। बाराबंकी निवासी विधवा दिव्यांग महिला मधु देवी के मामले में आयोग ने विशेष संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन और पुलिस को उनकी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के सख्त निर्देश दिए। अयोध्या के धनीराम वर्मा के प्रकरण में संविदा समाप्ति के बाद भी भूमि खाली न किए जाने पर आयोग ने क्षेत्राधिकारी, अयोध्या को कार्यवाही कर रिपोर्ट के साथ अगली तिथि पर उपस्थित होने का निर्देश दिया।रमेश सिंह एवं दिनेश कुमार के पेंशन प्रकरणों में अनावश्यक विलंब पर पेंशन विभाग के अधिकारी को फटकार लगाई गई और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।सुनवाई में अनुपस्थित अन्य विभागीय अधिकारियों पर आयोग ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि भविष्य में भी यदि सक्षम अधिकारी उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध शासन को लिखकर कार्रवाई कराई जाएगी।

# खाद के लिए दर-दर भटक रहे किसान, जमकर हो रही कालाबाजारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

किसानों को खाद और बीज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।सरकार बराबर दावा कर रही है कि प्रदेश में न उर्वरक की कमी है न ही उन्नत किस्म के बीजों की।दावे हैं दावों का क्या,किये जाते हैं लेकिन धरातल पर हालात विषम और विपरीत हैं।न सहकारी समितियों पर पर्याप्त उर्वरक है और न ही खाद बीज के विक्रेताओं के पास पर्याप्त उर्वरक है। जिस भी दुकान पर खाद है, वो मनमानी कीमतों पर बेंच रहे हैं।निर्धारित दर पर बिक्री के केवल दावे किए जा रहे हैं।दुकानदार यूरिया के साथ कोई कीटनाशक या

■ न सहकारी समितियों पर मिल रही समुचित खाद न अधिकृत दुकानों पर

फिर जिंक अथवा कोई और रसायन जबरन महंगी दर पर बिना जरूरत खरीदने को मजबूर करते हैं। कृषि महकमे के आला ओहदेदार दफ्तरों से बाहर आने को राजी नहीं है। उर्वरक विक्रेताओं के यहां चेकिंग के नाम पर खानापूर्ति होती है। शिकायतें आती हैं जरूर लेकिन उन्हें तरजीह ही नही मिलती।सच यह है कि विभाग के जिम्मेदार हकीकत से वाकिफ हैं लेकिन मौन साधे रहते हैं। कालाबाजारी पर नियंत्रण नहीं है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही बराबर दौरे कर रहे हैं। कहते हैं कि प्रचुर मात्रा में खाद उपलब्ध है।केंद्र से भी सहयोग मांगने के लिए दिल्ली दौरा कर चुके हैं। आये दिन प्रतिष्ठानों और खाद की दुकानों की औचक चेकिंग भी करने जा पहुंचते हैं।लेकिन अफसर तो कालाबाजारी करने वालों पर मेहरबान है।कृषि मंत्री बहराइच दौरे पर बाढ़ प्रभावित लोगों से मिलने पहुंचे तो भी खाद की स्थिति की पड़ताल करने से नही चूके।उत्तर का शायद ही कोई जिला ऐसा हो जहां के किसानों को खाद की लाइन में घण्टो न लगना पड़ रहा हो।किसानों को पुलिस की लाठियां खाद के लिए खानी पड़े, यह तो चिंताजनक जरूर है।प्रदेश के दूरस्थ जिलों में हालत ज्यादा खराब है। शासन ने कहा है कि खतौनी देखकर खाद वितरण किया जाये।बावजूद इसके किसान परेशान हैं।सहकारी समितियों पर न जाने कब खाद आती है और कब खत्म हो जाती है।नेता प्रतिपक्ष विधानसभा माता प्रसाद पांडे तो साफ आरोप लगा रहे हैं कि सरकारी दावे झूठे हैं।किसान बदहाल हैं।लखनऊ ही नही बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, फतेहपुर, गोंडा, बहराइच,मिर्जापुर, सिद्धार्थनगर, बलिया, महराजगंज आदि में खाद की किल्लत किसानो को झेलनी पड़ रही है।बाराबंकी जनपद की तहसील रामसनेही घाट क्षेत्र में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि किसानों को खाद के लिए परेशान न होने पाये इसलिए अफसरों को साफ कहा गया है कि वे स्वयं मॉनिटरिंग करें, लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। सहकारी समितियो पर खाद समुचित रूप से उपलब्ध हो और किसान निर्धारित रेट पर मिले।इसके लिए तहसीलदार रामसनेही घाट महिमा मिश्रा ने यूरिया खाद के लिए टोकन व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया ताकि अकारण भीड़ न हो और सभी पात्र किसानों को उर्वरक मिल सके।

# रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते का उत्सव: भूपेंद्र चौधरी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पावन रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते का उत्सव है। यह विश्वास, सम्मान, सुरक्षा और उत्तरदायित्व का जीवंत प्रतीक है। यह पवित्र रक्षा बंधन परिवार में आपसी प्रेम, सामाजिक सौहार्द और महिलाओं के प्रति आदर की भावना को समर्पित है। उन्होंने कहा, ÷रक्षाबंधन हमें यह भी स्मरण कराता है कि भाई अपनी बहन की रक्षा को संकल्पित है, वैसे ही हम सभी को राष्ट्र, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्रीय सम्पदाओं की रक्षा एवं संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्व उत्सव के साथ ही समाज और राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का अवसर भी हैं।

# सड़क हादसे में जनहानि पर सीएम ने जताया शोक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ


सीएम योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और मृतकों के परिजनों को 5 लाख की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

# सारनाथ को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करने हेतु पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों की संयुक्त बैठक

■ सारनाथ हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर, विश्व धरोहर सूची में शामिल होना गौरव का विषय: जयवीर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने वाराणसी स्थित विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने की दिशा में अपनी तैयारी तेज कर दी है। इस संबंध में लखनऊ स्थित पर्यटन निदेशालय में पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी सितंबर माह में होने वाली यूनेस्को की बैठक के एजेंडे और प्रस्तावित कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'सारनाथ हमारी सांस्कृतिक और



आध्यात्मिक धरोहर है। इसे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करना पूरे विश्व के लिए भारत की विरासत को निकट से जानने का अवसर प्रदान करेगा। सारनाथ को विश्व धरोहर स्थल का दर्जा मिलने से न केवल इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी बल्कि पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षण मिलेगा। उन्होंने इस बैठक के लिए पर्यटन विभाग एवं पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब तक उत्तर प्रदेश में तीन विश्व धरोहर पर्यटन स्थल हैं। सारनाथ को युनेस्कों की सूची में शामिल होने से उत्तर प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से विश्व मानचित्र पर स्थान बनायेगा, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात होगी। एएसआई के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से भेंट की। उन्होंने अब तक की प्रगति और आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। भारत ने 2025-26 नामांकन चक्र के तहत यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची के लिए प्राचीन बौद्ध स्थल सारनाथ को आधिकारिक रूप से नामांकित किया है।यूपी में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थायी सूची में अबतक केवल ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी शामिल हैं। तीनों विश्व धरोहर आगरा में स्थित हैं।सारनाथ को यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करने के संबंध में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई के अधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। बीते डेढ़ साल की प्रक्रिया, पारिस्थितिकी, सतत पर्यटन विकास, इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। वाराणसी में एक बैठक स्टेक होल्डर्स, स्थानीय समुदायों के साथ आयोजित करने पर सहमति बनी। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन ने कहा,पर्यटकों को ध्यान में रखकर सारनाथ, कपिलवस्तु, श्रावस्ती, संकीसा, कुशीनगर और कौशांबी तक बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है। सारनाथ आने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए कुशीनगर और वाराणसी में एयरपोर्ट की भी व्यवस्था की गई है। नेपाल से सटे होने के कारण वहां से भी बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु आते हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई के महानिदेशक यदुवीर सिंह रावत, अतिरिक्त महानिदेशक जाह्नवीज शर्मा ने भी विचार रखे और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। यूनेस्को की सूची में किसी भी स्थल को शामिल करने के लिए संबंधित स्थल का मानव रचनात्मक प्रतिभा की उत्कृष्ट कृति होना आवश्यक है।

# 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम हेतु राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बनायेगा समूहों के माध्यम से 2 करोड़ झण्डे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियो को व्यापक दिशा निर्देश दिये गये हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को झण्डो के निर्माण के लिए आवंटित लक्ष्यो को पूर्ण करने हेतु युद्ध स्तर पर का कार्य सम्पादित करने के निर्देश दिये हैं। श्री मौर्य ने कहा कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तत्वावधान में 2022 में हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया था। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत तथा भावनात्मक संबंध बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। पिछले कुछ वर्षों में, यह राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति एवं गौरव के जन-भागीदारी आंदोलन के रूप में एक सफल अभियान बन चुका है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु जाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में 2 करोड़ झण्डों का निर्माण राज्य

■ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिलों को लक्ष्य का आवंटन

ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित समूहों के माध्यम से कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गत वर्ष 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित समूहों द्वारा सफलता पूर्वक 1.88 करोड़ से अधिक झण्डों का उत्पादन किया गया था, जिसकी उच्च स्तर पर प्रशंसा की गयी है।हर घर तिरंगा कार्यक्रम




अन्तर्गत तिरंगे झण्डे का सम्मान हेतु दिशा निर्देश दिये हैं। स्वयं सहायता समूहों द्वारा इन झण्डों का निर्माण कर इसे ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराया जायेगा। समूहों द्वारा लक्ष्य के अतिरिक्त भी झण्डों का निर्माण कर स्थानीय प्रशासन, स्थानीय बाजार मोहल्लों में भी बिक्री की जा सकती है।राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने जिलाधिकारियो को भेजे गये पत्र मे कहा है कि समूहों को किसी भी प्रकार की वित्तीय हानि न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। समूहों द्वारा निर्मित झण्डों की बिक्री विभिन्न मिशन के अन्य घटकों से लाभान्वित व्यक्तियों के माध्यम से भी करायी जा सकती है। समूह द्वारा निर्मित झण्डों की सूचना आख्या निर्धारित प्रारूप पर मुख्यालय को नियमित साझा की जा रही गूगल शीट के माध्यम से कार्यक्रम समापन के तीन दिवस के अन्दर उपलब्ध करायी जायेगी।हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम के आयोजन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में झण्डे फहराये जाने हेतु 02 करोड़ झण्डों का निर्माण राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराये जाने एवं भुगतान पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किये जाने के सम्बन्ध में शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में ग्रामीण क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित किये जाने वाले झण्डों का जनपदवार लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्देश दिये गये हैं कि झण्डों के निर्माण हेतु दैनिक लक्ष्य भी बना लिए जाएँ तथा इस कार्य में लगे जनपद के सभी समूहों द्वारा प्रतिदिन उत्पादित झण्डों की प्रगति का अनुश्रवण भी किया जाए, जिससे जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्यों की समय से पूर्ति हो सके।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह मनाया गया

- स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पौधरोपण कर दी गई श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के डीपीआरसी परिसर में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी समारोह का आयोजन जनपद स्तरीय कार्यक्रम के रूप में किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से काकोरी ट्रेन एक्शन के वीर क्रांतिकारियों के साहस, बलिदान और देशप्रेम को जीवंत कर दिया।बैंड वादन की प्रस्तुति ने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।

जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का स्वर्णिम अध्याय है।यह दिन हमें बलिदान,साहस और देश के प्रति निष्ठा की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि हर नागरिक को इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों के त्याग और बलिदान से जोड़ने का माध्यम हैं।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कार्यक्रम जिले में देशभक्ति की नई ऊर्जा का संचार करेगा और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि काकोरी के वीरों ने हमें यह सिखाया कि कठिन से कठिन परिस्थिति में भी राष्ट्र के लिए संघर्ष कभी नहीं रुकना चाहिए।आज जब देश प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है,तो हमें भी अपने क्षेत्र,अपने समाज और अपने राज्य के विकास में योगदान देना चाहिए। बलिदान और सेवा की भावना ही सच्ची देशभक्ति है। कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सैनिकों एवं पुलिस बल को राखी और आभार पत्र भेजे गए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन्हें जिला सैनिक एवं पुनर्वास कल्याण अधिकारी तथा पुलिस लाइन के आरआई को सौंपा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने स्थानीय हस्तशिल्प और महिला स्वावलंबन की मिसाल पेश की। कार्यक्रम समापन के बाद जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने **एक पेड़ मां के नाम** से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन का संदेश दिया।

कार्यक्रम से पहले सुबह आठ बजे अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए **वंदे मातरम्** और **भारत माता की जय** के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीपीआरओ मनोज त्यागी, बीएसए संजय तिवारी, जिला पर्यटन अधिकारी परिजात पांडे सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# बिना लाइसेंस मेडिकल गोदाम पर छापा, लाखों की दवाएं जब्त

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



कस्बे के चाणक्यपुरी मोहल्ले में बिना लाइसेंस के संचालित एक मेडिकल गोदाम पर प्रशासन और औषधि विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने पहले से सीज गोदाम का ताला खोलकर गहन जांच की। जांच में रूपए 10 लाख 5 हजार मूल्य की दवाएं बरामद की गईं।

इनमें से पांच प्रकार की दवाएं संदिग्ध पाई गईं, जिनके नमूने परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।यह गोदाम मनीष अग्रहरि के नाम पर बिना औषधि लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित हो रहा था।

सहायक आयुक्त औषधि अयोध्या मंडल के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर राजू सिंह सुल्तानपुर, शैलेन्द्र प्रताप सिंह अम्बेडकर नगर और कमलेश मिश्रा अमेठी की टीम ने कार्रवाई की।दो दिन पहले गोदाम बंद मिलने पर इसे सील कर दिया गया था।एसडीएम की मौजूदगी में जांच के दौरान बिना दस्तावेज और संदिग्ध दवाओं का भंडारण पकड़ा गया।

# कच्ची दीवार गिरने से युवती की मौत मुंशीगंज के कोहरा का पुरवा में हादसा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



मुंशीगंज कोतवाली अंतर्गत कोहरा का पुरवा मजरे सरुवावां गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को दहला दिया। घर की कच्ची दीवार गिरने से 19 वर्षीय युवती की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस व तहसील प्रशासन मौके पर पहुंचकर राहत एवं विधिक कार्यवाही में जुट गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कोहरा का पुरवा गांव में कच्ची दीवार गिरने से गुड़िया पुत्री रामराज चौहान की मृत्यु हो गई है। जानकारी मिलते ही पुलिस दल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। साथ ही स्थानीय तहसील प्रशासन को भी मामले से अवगत कराया गया। पुलिस के अनुसार गुड़िया बचपन से ही अपने ननिहाल में रह रही थी और हादसा भी उसके मामा के घर में हुआ। शुक्रवार की सुबह वह स्नान कर रही थी, तभी अचानक घर की एक पुरानी कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई और वह मलबे की चपेट में आ गई। मौके पर मौजूद परिजन और ग्रामीणों ने तत्काल मलबा हटाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। गांव में इस घटना के बाद मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल के दिनों में लगातार हो रही बारिश के चलते कई कच्चे मकान व दीवारें कमजोर हो गई हैं। मृतका के मामा ने बताया कि दीवार काफी पुरानी थी और बारिश के कारण उसकी नींव कमजोर हो चुकी थी।घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व टीम ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष के तहत सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया है।गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम में जर्जर और कच्चे मकानों का सर्वे कराकर जरूरतमंद परिवारों को समय से मुआवजा और सुरक्षित आवास की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें।

## इन्हौना के रत्नेश्वर मंदिर में चोरों ने घंटा और दान पेटी गायब की

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिले के विकासखंड सिंहपुर अंतर्गत इन्हौना स्थित प्रसिद्ध रत्नेश्वर मंदिर में बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोर मंदिर से घंटा और दान पेटी लेकर फरार हो गए। यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। घटना की सूचना मिलते ही आलोक त्रिपाठी, पिंटू सिंह, बच्चू लाल नेता, राजेश मौर्य, अभिषेक त्रिवेदी और सत्यम गुप्ता सहित कई स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। 112 पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर आई और जांच शुरू कर दी।स्थानीय निवासियों ने चिंता जताई है कि जब इतने प्रसिद्ध मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, तो आम जगहों की स्थिति और भी खराब होगी। उन्होंने प्रशासन से मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने चोरों की जल्द गिरफ्तारी की भी मांग की है। मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था न के बराबर होने से भक्तों में आक्रोश है।

# मामूली विवाद को लेकर युवक की चाकू से गोदकर हत्या, आरोपी फरार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जामो थाना क्षेत्र के पूरे पंचम सिंह भितई गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक की दिनदहाड़े चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है। घटना सुबह करीब 8 बजे की है, जब राजेश चौराहे पर स्थित एक दुकान से चाय-नाश्ता कर अपने घर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही राजेश शकील मास्टर के घर के सामने पहुंचा, तभी गांव के ही निवासी राम बहादुर ने उस पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक राजेश और आरोपी राम बहादुर के बीच दो दिन पहले किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी हुई थी। मृतक की मां फूल कली ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसी रंजिश के चलते राम बहादुर ने उनके बेटे की हत्या की है। घटना की सूचना मिलते ही जामो थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से पूछताछ की।उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल से खून से सने कपड़े, चाकू के निशान और अन्य साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी की पहचान हो चुकी है।और उसकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर जेल भेजा जाएगा। गांव में हुई इस घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी स्वभाव से झगड़ालू है और पहले भी कई बार विवाद कर चुका है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है तथा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक के लिए प्रशासन ने शुरू कर दी है सख्ती

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली मे रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोक के लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। नगर मजिस्ट्रेट ने खाद्य विभाग की टीम के साथ गुरुवार को शहर की खोया मंडी में छापेमारी की, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार दुकानें बंद कर फरार हो गए। गंगा सागर खोया वाले, कमला ट्रेडर्स और अमृत लाल की दुकानों से खोया के सैंपल लेकर लैब जांच के लिए भेजे गए। नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार ने चेतावनी दी कि मिलावट मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मुकदमा चलाया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान ऐसे छापे लगातार जारी रहेंगे। बुधवार को हुई छापेमारी के चलते कई दुकानदार पहले से सतर्क थे और चोरी-छिपे ग्राहकों को खोया बेचते देखे गए।

## रायबरेली आर्थो क्लब की पहल, बोन एंड ज्वाइंट सप्ताह के अंतर्गत कैंप का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आर्थोपेडिक्स क्लब द्वारा शहर में 03 अगस्त से 10 अगस्त 2025 तक चलाए जा रहे बोन एंड ज्वाइंट सप्ताह के अंतर्गत सी.एम.ई. का आयोजन किया गया। जिसमें हड्डियों की बीमारी यानी ऑस्टियोपेरिसिस के बारे में एवं इसके उपचार संबंधी विधियों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में रायबरेली ऑर्थोपेडिक क्लब के सचिव डॉ. अरशद अहमद, आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ. संजीव जायसवाल, डॉ. एस एम सिंह, डॉ. एस. पी. मौर्या, डॉ. एम.पी. सिंह, डॉ. अनिल आहूजा, डॉ. एन. सी. हासानी, डॉ. भूपेश नारंग, डॉ. नितेश गुप्ता, डॉ. मनीष, डॉ. गौरव मिश्रा, डॉ. सुनील वर्मा एवं अन्य डॉक्टर शामिल रहे। इसी कड़ी में गुरुवार को रायबरेली आर्थोपेडिक्स क्लब द्वारा वृद्धाश्रम आई. टी. आई. रायबरेली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आर्थोपेडिक्स क्लब के सचिव डॉ. अरशद अहमद, डॉ. मनीष एवं डॉ. सुनील वर्मा ने वृद्धजन को स्वास्थ्य परामर्श दिया।

# तिलोई में बारिश से राखी व मिठाई का बाजार सुस्त

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



रक्षाबंधन से ठीक पहले लगातार हो रही बारिश ने बाजार की रौनक फीकी कर दी है।राखी,गिफ्ट और मिठाई बेचने वाले दुकानदारों की बिक्री पर बुरा असर पड़ा है। शुक्रवार सुबह तक कारोबार में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई, जिससे व्यापारी लागत निकालने को लेकर परेशान हैं।तिलोई बस स्टॉप राखी विक्रेता रोहित पटवा ने बताया कि आमतौर पर त्योहार से दो-तीन दिन पहले ग्राहकों की भीड़ रहती है,लेकिन इस बार बारिश ने ग्राहकों को घरों में रोक दिया। दुकानदार का कहना है, कि स्टॉक पहले से तैयार था, मगर सड़कों पर कीचड़ और पानी भरने से ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।मिठाई व्यापारी के मुताबिक बाजार का माहौल पूरी तरह सुस्त है, आशंका जताई कि इस बार लागत भी नहीं निकल पाएगी।हालांकि व्यापारियों को उम्मीद है कि यदि शाम तक बारिश थम गई, तो आखिरी समय में खरीदारी से बाजार में रौनक लौट सकती है।

## विभाग ने 360 किग्रा महुआ लहन नष्ट कराया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -1, द्वारा थाना गुरूबक्शगंज में बरुवा, पूरेबढ़ईन का पूर्वा एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र -5, द्वारा थाना लालगंज में टीकरान, पिल्खा के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। दबिश के दौरान लगभग 77 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 360 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कर 04 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को मारी टक्कर, दोनों गंभीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस । सिंहपुर, अमेठी**




विकासखंड सिंहपुर अंतर्गत हजारीगंज के पास शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे में बाइक से जा रहे पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ,जब उनकी बाइक को तेज रफ्तार कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटें आईं। घायलों की पहचान दिलीप 28 वर्ष और उनके पिता रामसेवक 57 वर्ष निवासी कोटवा, थाना इन्हौना, के रूप में हुई है। घटना के बाद आस पास मौजूद लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था की और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ भेजा गया। वहां डॉक्टरों की टीम दोनों का प्राथमिक उपचार कर रही है। और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है। सूचना मिलते ही पीड़ितों के परिजन भी मौके पर पहुंचे और उन्हें हैदरगढ़ ले जाया गया। पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। थाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष से प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार हजारीगंज के इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं। और सड़क सुरक्षा इंतजाम न होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। क्षेत्रवासी लंबे समय से इस स्थान पर स्पीड ब्रेकर, रफ्तार नियंत्रण बोर्ड और चेतावनी संकेतक लगाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क पर सुरक्षा इंतजाम किए जाएं तो हादसों की संख्या में कमी आ सकती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना में शामिल कार की पहचान कर ली गई है। और वाहन चालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत में सुधार होने की उम्मीद है।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

## छात्राओं ने जनपद के अधिकारियों को राखी बांधकर सहेजी समाज की सुरक्षा




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया, प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों की उपस्थिति में भगवान गणेश एवं पेंड़ को राखी बाँधकर प्रकृति की रक्षा हेतु जागरूक किया। विद्यालय की छात्राओं ने जनपद के अधिकारियों, डीएम हर्षिता माथुर, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, डीआईओएस संजीव कुमार सिंह, बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, सीएमओ नवीन चंद्रा, एएसपी संजीव कुमार सिन्हा, सीओ सिटी अमित सिंह, संस्थापक-प्रबंधक एनएसजीआई डॉ शशिकांत शर्मा सहित प्रधानाचार्य को राखी बांधकर उनके मंगलमय जीवन की कामना करते हुए समाज की सुरक्षा का वचन लिया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई, जिसके बदले में छात्रों ने उनकी सुरक्षा का वचन दिया तदोपरांत छात्रा एंजल, अनुष्का, आर्या और आराध्या ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य प्रजापति ने बताया कि विद्यालय में इस तरह त्योहारों का आयोजन छात्रों को भारतीय त्योहारों के विषय में जानकारी प्रदान करता है, जिससे वे अपने रीति रिवाजों, परंपराओं से परिचित होते हैं।इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, अभिषेक, पिंकी जायसवाल, साक्षी द्विवेदी, गिरीश सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लगातार बारिश से धंसा प्रमुख मार्ग, ध्वस्त हुआ सड़क का पूरा हिस्सा

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर के दियरा-बाजार मार्ग पर लगातार दूसरी बार बारिश से सड़क धंस गई है। जिससे आवागमन ठप हो गया। ग्रामीणों ने स्थायी समाधान और पुल निर्माण की मांग दोहराई है।

यूपी के सुल्तानपुर के दियरा बाजार से लंभुआ को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग बरसात की वजह से फिर एक बार से धंस गया। बृहस्पतिवार रात से शुरू हुई तेज बारिश ने इंटर कॉलेज दियरा से करीब 200 मीटर पहले सड़क का हिस्सा पूरी तरह ध्वस्त हो गया। शुक्रवार सुबह से ही इस मार्ग पर आवागमन ठप हो गया, जिससे यात्रियों और ग्रामीणों को कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ा। रक्षाबंधन के दिन इस समस्या ने लोगों की मुश्किलें दोगुनी कर दीं। महिलाएं और बच्चे समय पर अपने घर नहीं पहुंच पाए, जबकि सार्वजनिक परिवहन सेवा लगभग ठप रही। पिछले साल सितंबर 2024 में भी इसी जगह सड़क कट गई थी। लोक निर्माण विभाग ने तब अस्थायी मरम्मत कर यातायात बहाल किया था, लेकिन इस बार भी बारिश के साथ मिट्टी बहने से वही समस्या दोहराई गई। सूचना मिलते ही पीडब्ल्यूडी टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी से अस्थायी रूप से मिट्टी भरकर हल्के वाहनों के लिए मार्ग खोल दिया गया।

# पीएम आवास की धनराशि दिलाये जाने के बदले में की जा रही पैसों की मांग की, शिकायत दर्ज

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



विकास खण्ड अमावां संदीप सिंह ने बताया है कि ग्राम पंचायत थुलवासां में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास की धनराशि दिलाये जाने के बदले में की जा रही पैसों की मांग के शिकायत के क्रम में खण्ड विकास अधिकारी अमावां की अध्यक्षता में जांच समिति द्वारा जांच की गयी। जांच के दौरान यह पाया गया कि आवास प्लस प्राथमिक सूची में दर्ज व्यक्तियों के पास अलग-अलग मोबाइल नंबर से फोन कर आवास की किश्तें दिलाने के नाम पर पैसे मांगे गये है।

प्रारम्भिक जांच में फोन करने वाले व्यक्ति का नाम सोनू यादव पाया गया है। आवास सर्वे सूची में से 03 अलग-अलग महिलाओं के पास फोन कर डरा धमका कर व स्वयं की पहचान आवास योजना से जुड़े सरकारी कर्मचारी के रूप में बताते हुए साइबर धोखाधड़ी कर कुल 15200.00 रू0 सोनू यादव व पूजा केसरवानी नाम के दो व्यक्तियों द्वारा अपने-अपने यू0पी0आई0 आई0डी0 पर अपराधिक कृत्य करते हुए पैसा ट्रांसफर कराये गये है। जांच में प्रथमदृष्ट्या उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि होने पर विकास खण्ड के कर्मचारियों द्वारा सर्वे सूची में दर्ज तीनों व्यक्तियों /महिलाओं (जिनसे पैसे आन लाइन ट्रांसफर कराये गये है) को साइबर थाने ले जाकर तहरीर थाने में दिलाकर शिकायत दर्ज करायी गयी है। खण्ड विकास अधिकारी अमावां द्वारा बताया गया कि प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए अपराधिक कृत्य करने वालों की पहचान कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा रही है तथा यह अपील की गयी कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पी0एफ0एम0एस0 आधारित एक स्कीम है। जिसमें पात्रता के परीक्षण के उपरान्त सीधे लाभार्थियों के खाते में धनराशि अन्तरित की जाती है।

इसमें यदि किसी व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग की जाती है तो यह अपराधिक कृत्य है। जिसकी सूचना तत्काल विकास खण्ड मुख्यालय पर या मोबाइल नंबर 9454465408 या 9454465402 पर दें। किसी भी व्यक्ति द्वारा यदि किसी ग्रामवासी का नाम आवास सूची में जुड़वाये जाने या आवास दिलवाये जाने दावा किया जाता है तो तत्काल इसकी पुष्टि विकास खण्ड कार्यालय या कार्यालय परियोजना निदेशक (डी0आर0डी0ए0) से कर लें। वर्तमान में न तो सर्वे की कोई कार्यवाही की जा रही है न ही आवास आवंटन का कोई लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

## चीते की अफवाह फैलने पर पांच घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**सुल्तानपुर/अलीगंज।** गांव में अफवाह फैल गई कि अहाते में चीता बंद है। प्रधान ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम पहुंची तो वहां न चीता था न सियार...। मझना ग्राम सभा के बईसी के पुरवा में बृहस्पतिवार शाम को अफवाहों का बाजार गर्म रहा। ग्रामीणों के बीच यह खबर फैल गई कि गांव में बंद पड़े एक अहाते में 'चीता' बंद है। खबर मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और चार घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। ग्रामीण अहम यादव ने बताया कि उन्होंने अहाते में किसी जानवर की आहट सुनी और इसकी जानकारी ग्राम प्रधान अभय सिंह को दी। प्रधान ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। इस बीच गांव में अलग-अलग कयास लगते रहे, कोई सियार बता रहा था, कोई जंगली बिल्ली, तो कोई चीता। रात करीब 8:30 बजे वन दरोगा डीपी पांडेय के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि अंदर जंगली बिल्ली है। टीम ने ताला तोड़कर बिल्ली को बाहर निकाला और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। इस दौरान बीट इंचार्ज विजय बहादुर सिंह, वन सिपाही सौरभ यादव, रामेंद्र मिश्रा, ग्राम प्रधान अभय सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



### लायंस क्लब जौनपुर गोमती द्वारा राखी...

लायंस क्लब जौनपुर गोमती द्वारा राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को सदानंद सरस्वती शिशु मंदिर नखास में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 130...

खबर पेज 10 पर...

# बिठूर के नाना राव पार्क में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का भव्य समापन





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

**बिठूर।** स्वतंत्रता संग्राम के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज अमर काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी वर्षगांठ का समापन शुक्रवार को बिठूर स्थित नानाराव पार्क में हर्षोल्लास और गौरव के साथ हुआ। यह ऐतिहासिक अवसर देशभक्ति की भावना और वीर सपूतों की स्मृति को समर्पित रहा।

समारोह में विधायक नीलिमा कटियार, विधायक अभिजीत सांगा, विधायक सरोज कुरील, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, डीसीपी दिनेश त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन समेत जनपद स्तरीय अधिकारी, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नानाराव जी के स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को नमन से हुई। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन राष्ट्र का गौरव है, जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया। अमर शहीदों ने सर्वोच्च बलिदान देकर ब्रिटिश हुकूमत को सबक सिखाया। प्रत्येक नागरिक यदि अपने कर्तव्यों का पालन करे, तो वही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधायक अभिजीत सांगा ने कहा कि यह ऐतिहासिक घटना आज की पीढ़ी को भी देश सेवा के लिए प्रेरित करती है। विधायक सरोज कुरील ने भी शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन सत्येंद्र गुप्ता व अनिल त्रिपाठी ने भावपूर्ण संबोधन में अपने अनुभव साझा किए और शहीदों के संघर्ष को याद किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आइडीएन चतुर्वेदी ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत अपनी स्वरचित कविता 'जागते रहो मेरे देश के प्रहरी' सुनाकर माहौल को जोश और भावनाओं से भर दिया। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों की बालिकाओं ने विधायक अभिजीत सांगा को राखी बांधकर भाईचारे और स्नेह का संदेश दिया। अतिथियों ने विभिन्न विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। काकोरी की ऐतिहासिक घटना पर आधारित निबंध, पेंटिंग व चित्रकला प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को मंच पर सम्मानित किया गया।

पीएसी बैंड द्वारा 'ए मेरे वतन के लोगोंज' की धुन बजने पर वातावरण रोमांच और गर्व से गूंज उठा। समापन समारोह के दौरान विधायक अभिजीत सांगा, विधायक नीलिमा कटियार और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने पौधारोपण किया। सुलेख, वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता में माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अलशिका यासीन को 10 हजार रुपये का प्रथम, शाजिया खातून को 7,500 रुपये का द्वितीय, प्रखर त्रिपाठी को 5,000 रुपये का तृतीय और आसरा जावेद को 1,000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। परिषदीय विद्यालय वर्ग में तूलिका यादव को 10,000 रुपये, शिखा को 7,500 रुपये, यति को 5,000 रुपये और महक को 1,000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार मिला।

इससे पूर्व विधायक नीलिमा कटियार, जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा साइकिल रैली को रवाना किया। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की स्मृतियों से ओत-प्रोत यह आयोजन नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का जीवंत प्रयास बन गया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन राजेश यादव ने किया। इस अवसर पर एडीएम खाद्य एवं आपूर्ति कुमार सिंह, डीपीआरओ मनोज कुमार, पर्यटन अधिकारी अर्चिता ओझा समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों को किया गया सम्मानित

धर्म कुमार सिंह, हरिराम गुप्ता, अनिल त्रिपाठी, पवन मिश्रा ,रमेश चंद्र सविता, राजेंद्र शुक्ला, श्रीमती आशा मिश्रा, सुरेंद्र कुमार पासवान, श्रीमती सुमन कुशवाहा, अर्पित यादव, बीना शुक्ला, मीना सिंह, रामनारायण पाल ,अशोक कमल, श्रीमती कमलेश कुमारी, अनिल कुमार शुक्ला, सुयोग निषाद, नवीन तिवारी, श्रीमती निशा सिंह, प्रज्ञा अग्रवाल त्रिपाठी, संजय शुक्ला, डॉक्टर संजीव सचान, रामकुमार स्वतंत्र, बृजेश सैनी, विपुल गुप्ता, श्रीमती सुशीला निगम, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, सीबी सिंह गौर ,मृगांक शेखर, डॉ रश्मि आनंद, क्रांति कटिहार, विष्णु गुप्ता, श्रीमती सुमन बाला, सुधींद्र पांडे, श्रीमती शुभा लता सोनकर, श्रीमती सुमन दीक्षित, डॉ अशोक शुक्ला, श्रीमती मीनू तिवारी, वैभव दीक्षित, विष्णु दीक्षित, मनोज कुमार शुक्ला एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा राम पंत मोघे के प्रपौत्र सनी राव मोघे को मंच से सम्मानित किया गया।

# रक्षा बंधन पर्व पर भाजपा महिला मोर्चा कानपुर उत्तर ने पूर्व सैनिकों को राखी बांधकर किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



भाजपा कानपुर उत्तर जिले के जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों ने रक्षा बंधन पर्व की पूर्व संध्या पर कारगिल पार्क, मोतीझील पहुँचकर पूर्व सैनिकों को रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आरंभ हुआ, जिसमें महिला मोर्चा की कार्यकर्त्रियां एवं पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि ÷रक्षा बंधन हिंदू भाई-बहनों के लिए गौरव का पर्व है।÷ बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनसे अपनी रक्षा का संकल्प लेती हैं। उन्होंने बताया कि इस पर्व का उल्लेख पुराणों में भी मिलता है। जब राक्षसों से देवताओं के राजा इंद्र परास्त होने लगे, तब वे अपने गुरु बृहस्पति के पास पहुंचे। गुरु ने सलाह दी कि यदि कोई अभियंत्रित (सिद्ध) रक्षा सूत्र बांध दे तो युद्ध में विजय प्राप्त की जा सकती है। तब इंद्र की पत्नी ने उनके हाथ में अभियंत्रित रक्षा सूत्र बांधा और वे युद्ध में विजयी हुए। तभी से यह पर्व परंपरागत रूप से मनाया जाता है।

श्री पाल ने द्वापर युग का एक और प्रसंग सुनाते हुए रक्षा बंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब श्रीकृष्ण का अंगूठा सुदर्शन चक्र चलाते समय घायल हो गया, तब द्रौपदी ने अपने आंचल का टुकड़ा फाड़कर उनके घाव पर बांध दिया। इस उपकार का बदला श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के चीरहरण के समय उनकी लाज बचाकर चुकाया। यह प्रसंग दर्शाता है कि रक्षा बंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार नहीं, बल्कि विश्वास और कर्तव्य का प्रतीक है।

भाजपा कानपुर उत्तर के जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने इस अवसर पर कहा कि हमारे सैनिक सरहद पर रहकर अपने जीवन की परवाह किए बिना देश और हम सभी नागरिकों की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन सिर्फ बहनों की रक्षा का ही पर्व नहीं बल्कि देश की रक्षा, पर्यावरण की रक्षा और आज के वर्तमान में हम सबको देश की आर्थिक रक्षा की भी आवश्यकता है इसलिए हम सब देशवासियों को अमेरिकन कंपनियों और उनके द्वारा बनाए गए समानों का बहिष्कार कर देश की आर्थिक रक्षा करने की भी शपथ लेनी चाहिए और आज महिला मोर्चा की बहनों द्वारा पूर्व सैनिकों को राखी बांधना उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम मेंप्रमुख रूप से जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, युवामोर्चा अध्यक्ष शिवांग मिश्रा केडीए बोर्ड मेंबर प्रमोद अग्रहरि बॉर्डर जिला उपाध्यक्ष रंजीता पाठक, सीमा एमबीए,आशा पाल, प्रमोद विश्वकर्मा अनुप्रिया दोषी, सुनीता गौड़, पूनम कंवर, रीना मिश्रा, राधा सैनी, पूनम यादव पूर्व पार्षद जितेंद्र सचान, प्रशांत त्रिपाठी मनोज प्रधान, मनीष त्रिपाठी, रामकुमार सिंह, मनोज अग्रवाल, श्याम कुमार सहित सभी ने मिलकर सैनिकों के सम्मान और देश की रक्षा के संकल्प को दोहराया।

# विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मंडल अध्यक्षों व प्रभारियों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में पार्टी के विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मंडल अध्यक्षों व मंडल प्रभारियों को मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पटका पहना कर प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया। जिला मीडिया प्रभारी भाजपा कानपुर महानगर उत्तर अनुराग शर्मा ने जानकारी दी कि मन की बात में रतनलाल नगर मंडल प्रथम,एक पेड़ मां के नाम अभियान में रामलला मंडल प्रथम, सर्वप्रथम मंडल कमेटी जमा करने में नारा मऊ मंडल प्रथम और बूथ कमेटी जमा करने में पनकी मंडल प्रथम आया। इनके मंडल अध्यक्षों सुमित पावा, दीपक शुक्ला, शुभम दीक्षित और मंडल प्रभारियों अभिनव दीक्षित प्रमोद विश्वकर्मा, अमित बॉथम, चन्द मणि चौबे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यालय मंत्री रोहित साहू, जिला मॉनिटरिंग टीम की संयोजक सुनीता गौड़, सीमा एमबीए, हिमांशु शर्मा, रामकुमार सिंह, यश वर्मा पूनम कंवर, प्रभाकर अवस्थी मनोज अग्रवाल, यश जसवाल अभिराज सिंह चंदेल, राधा सैनी, मयंक मिश्रा, मौजूद रहे।

### छात्राओं ने थाना प्रभारी को बांधा रक्षासूत्र

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** महाराजपुर में सुरजन सिंह इंटर कॉलेज की छात्राओं ने रक्षाबंधन के मौके पर थाना प्रभारी सहित पूरे पुलिस स्टाफ को राखी बांधी। इस दौरान पुलिस ने भी बच्चों को मिठाइयां देकर मित्र पुलिस का संदेश दिया।

कानपुर में थाना महाराजपुर क्षेत्र के महाराजपुर कस्बे में स्थित सुरजन सिंह इंटर कॉलेज की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर थाना निरीक्षक संजय पांडेय और समस्त पुलिस स्टॉफ को सनातन परंपरा के अनुसार टीका लगाकर रक्षासूत्र बांधा। इस दौरान भाई बहन के पवित्र रिश्ते को निभाते हुए रक्षाबंधन का पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। छात्राओं के इस स्नेह और सम्मान से अभिभूत होकर थाना प्रभारी ने बच्चों को मिठाइयां और चॉकलेट वितरित कर अपना स्नेह और दुलार लुटाया।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर सारथी भवन का संभागीय परिवहन अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



जिलाधिकारी के निर्देश पर संभागीय परिवहन कार्यालय स्थित सारथी भवन में बीते दिन संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र कुमार सिंह एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस बनवाने के लिए आए अभ्यर्थियों से बातचीत कर यह जानकारी ली गई कि सरकारी शुल्क के अतिरिक्त किसी प्रकार का शुल्क तो नहीं लिया जा रहा है। अभ्यर्थियों ने अतिरिक्त शुल्क लिए जाने से इंकार किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों रीजनल इंस्पेक्टर टेक्निकल आकांक्षा सिंह एवं संतोष कुमार को निर्देश दिए गए कि लाइसेंस एवं फिटनेस संबंधी कार्य पूरी शुचिता और पारदर्शिता के साथ संपादित हों। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र कुमार सिंह ने विभिन्न पटल का निरीक्षण कर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और आमजन को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# सीएमओ कार्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन पर कार्यशाला




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में चकेरी के रामादेवी स्थित सीएमओ कार्यालय में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में फाइलेरिया से बचाव और इसके इलाज पर चर्चा हुई। कार्यशाला में यह बताया गया कि फाइलेरिया से बचने के लिए अपने आसपास गंदगी और जलभराव नहीं होने देना चाहिए, क्योंकि यहीं पर मच्छर पनपते हैं। स्वास्थ्य विभाग की 2021 टीमें घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा देंगी। ये दवाएं सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त मिलेंगी। सीएमओ हरी दत्त नेमी ने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह बीमारी शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है, जिससे हाथीपांव, सूखी खांसी, महिलाओं के स्तन में सूजन और हाइड्रोसील जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अखिलेश दुबे और लवी ने सेशन कोर्ट में दी जमानत अर्जी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में रंगदारी और धमकाने के आरोप में जेल भेजे गए अधिवक्ता अखिलेश दुबे और उनके साथी लवी मिश्रा ने अब जिला जज की अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की है। बता दें कि गुरुवार को सीजेएम कोर्ट ने अखिलेश दुबे और लवी मिश्रा की जमानत अर्जियों को खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने सेशन कोर्ट का रुख किया। दोनों की ओर से अलग-अलग जमानत अर्जियां दाखिल की गई हैं। सुनवाई के दौरान, अभियोजन पक्ष ने पुलिस से रिपोर्ट मंगाने के लिए समय मांगा है। इस पर जिला जज ने अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख तय कर दी है। अब 13 अगस्त को होने वाली सुनवाई में यह तय होगा कि दोनों को जमानत मिलती है या नहीं।

### सेंट्रल स्टेशन पर आठ किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में शुक्रवार को सेंट्रल स्टेशन पर आरपीएफ ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लगभग आठ किलो 207 ग्राम गांजा बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। आरपीएफ प्रभारी एमएस पाटीदार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम किशन चतुर्वेदी (26) है, जो मैनपुरी के करहल का रहने वाला है। उसे रेलवे ट्रैक के किनारे हैरिशगंज से पकड़ा गया, जब वह दो बैग में गांजे के पैकेट लेकर ट्रेन का इंतजार कर रहा था।

### परिवहन मंत्री 101 नई बसों को दिखाएंगे हरी झंडी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह सिग्नेचर सिटी बस अड्डे, विकास नगर से 101 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इन बसों में एसी बसें भी शामिल हैं।ये 101 बसें उत्तर प्रदेश के सभी रीजन के अलग-अलग रूटों पर चलाई जाएंगी। रक्षाबंधन के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, यह पहल लोगों को सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा प्रदान करेगी। इन नई बसों के बेड़े में शामिल होने से परिवहन निगम की सेवाएं और बेहतर होंगी, जिससे आम जनता को काफी फायदा होगा।

### दीप टॉकीज के बाहर अतिक्रमण हटाया गया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में दीप टॉकीज के बाहर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान जेसीबी मशीन का इस्तेमाल कर सड़क के दोनों ओर से अवैध कब्जे हटाए गए। दीप सिनेमा के बाहर बना हुआ एक सिक्योरिटी गार्ड रूम भी इस अभियान के तहत तोड़ दिया गया। नगर निगम की टीम ने सड़क पर फैला हुआ अवैध कब्जा और अन्य अतिक्रमण भी हटाया। इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़कों को साफ करना और यातायात को सुगम बनाना है।

### बंद पड़ा आयुष्मान केंद्रज्ग्रामीण लगा रहे चक्कर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में सरसौल ब्लॉक के थरेपाह टिकरिया गांव में बना आयुष्मान ग्राम स्वास्थ्य केंद्र पिछले कई हफ्तों से बंद है। इस केंद्र के चारों ओर झाड़ियाँ उग गई हैं और इसकी इमारत जंगल जैसी दिख रही है।गांव में स्वास्थ्य केंद्र होने के बावजूद, ग्रामीणों को इलाज के लिए 10 किलोमीटर दूर सरसौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी पैसे से बनी यह इमारत अब सिर्फ दिखावे के लिए रह गई है, क्योंकि इसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। यह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जो खुद बीमार हो चुका है, स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है। सरसौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अविनाश ने आश्वासन दिया कि अगर कोई कर्मचारी तैनात नहीं है।

# स्पेशल ओलंपिक भारत की राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में शहर के कुश ने जीते दो पदक



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

स्पेशल ओलंपिक भारत की ओर से तीन से सात अगस्त तक मुंबई के सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता हुई। इसमें शहर के कुश चतुर्वेदी ने 50 और 25 मीटर की स्पर्धा में कांस्य पदक जीते।

शहर आने पर क्रीड़ा भारती क्षेत्रीय संयोजक संजीव पाठक, आशुतोष सत्यम झा, सुनील सिंह, अरुण दुबे, केशव द्विवेदी ने उनका स्वागत किया। स्पेशल ओलंपिक भारत उप्र के संयोजक अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि तैराकी के साथ-साथ कुश पावर लिफ्टिंग के भी बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2024 में कानपुर में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता के 90 किलो भार वर्ग में रजत पदक जीता था। कुश ऑटिज्म से प्रभावित हैं और वर्तमान में छत्रपति शाहूजी महाराज विवि से होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे हैं। कुश की उपलब्धि पर स्पेशल ओलंपिक भारत उप्र के अध्यक्ष विश्वनाथ गुप्ता, मुकेश शुक्ला, संजीव दोहरे, पुष्पा खन्ना मेमोरियल सेंटर के स्पेशल बच्चों ने उन्हें बधाई दी है।

# खराब सड़क बनी शिक्षा में रोड़ा, स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चे, विभाग नहीं दे रहा ध्यान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में सरसौल रेलवे स्टेशन से महाराजपुर कस्बे को जोड़ने वाली सड़क की हालत बेहद खराब है। यह सड़क अब गड्ढों का मैदान बन चुकी है, जिससे छात्रों को स्कूल जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 500 मीटर की इस जर्जर सड़क पर दो डिग्री कॉलेज, एक इंटर कॉलेज और एक प्राथमिक विद्यालय हैं, जहां 3000 से अधिक छात्र पढ़ते हैं।

बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे छोटे बच्चे अक्सर गिरकर घायल हो जाते हैं। कई बार तो जलभराव के कारण बच्चे स्कूल ही नहीं जा पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावक भी इस स्थिति से चिंतित हैं, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### करीब 20 साल पहले बनी थी सड़क

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह सड़क करीब 20 साल पहले बनी थी और तब से इसकी मरम्मत नहीं हुई है।

नरवल मोड़ का रास्ता बंद होने के कारण, कानपुर से आने वाले लोग भी इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इसकी खराब हालत की वजह से वे गलत दिशा से आने को मजबूर हैं।

# ऑपरेशन संजीवनी सफल, बाढ़ के पानी में डूबा बच्चा सुरक्षित घर लौटा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में घाटमपुर के महुआपुरवा गांव में बाढ़ के गड्ढे में डूबने वाला बच्चा कपिल, हैलट अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद अब पूरी तरह से सुरक्षित अपने घर लौट आया है। बता दें कि कुछ दिन पहले,

महुआपुरवा गांव में बाढ़ के पानी से भरे एक गड्ढे में बच्चा कपिल डूब गया था।

उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था,

जहां डॉक्टरों ने उसकी जान बचाई। शुक्रवार को एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने कपिल के घर जाकर उसके परिजनों से मुलाकात की और उसका हाल-चाल पूछा। उन्होंने इस पूरी घटना को ऑपरेशन संजीवनी का सफल समापन बताया।

# इतिहास का गवाह गांधी भवन, अनदेखी से हो रहा खंडहर, दीवारें हो चुकी हैं जर्जर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**






कानपुर में नरवल की मिट्टी में आज़ादी के आंदोलन की कई यादें दबी हैं। यहीं पर एक समय महात्मा गांधी, कस्तूरबा गांधी और गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे महान नेता साथ रहे थे। आज वही ऐतिहासिक इमारत, जिसे गांधी भवन या गांधी घर के नाम से जाना जाता है। प्रशासन की अनदेखी का शिकार होकर खंडहर में तब्दील हो रही है।

### बदहाली पर आंसू बहा रहा है गांधी भवन

इस भवन में आज भी वह हथकरघा मौजूद है, जिसे गांधीजी ने खुद चलाया था। लेकिन अब यह पूरी तरह से खामोश है। एक समय जहां आत्मनिर्भरता और सादगी का संदेश दिया गया था। आज उसी जगह की दीवारें जर्जर हो चुकी हैं और छतें टपक रही हैं। गांधी भवन, जो कभी एक उद्योग भंडार के रूप में जाना जाता था, अब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

### कस्तूरबा गांधी ने अपने हाथों से रोटियां बनाई थीं

नरवल के लोग आज भी उस दौर को याद करते हैं,

जब गांधीजी ने इस जगह पर समय बिताया था और कस्तूरबा गांधी ने अपने हाथों से रोटियां बनाई थीं। लेकिन उन्हें डर है कि अगर जल्द ही प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो यह गौरवशाली इतिहास सिर्फ कहानियों में ही सिमट कर रह जाएगा। नरवल के बुजुर्गों के मन में कई सवाल हैं, लेकिन उनका जवाब देने वाला कोई नहीं है।







**राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के मुद्दे को देशभर...**
लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग और भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए जाने के बाद इस मुद्दे को पूरे देश में उठाने की रणनीति बना रही है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस सोमवार को कथित मतदाता सूची हेरफेर और चुनावी... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## फ़तह की हुई दिल्ली जब सिखों ने मुस्लिम बहन को तोहफ़े में दे दी

**11 मार्च 1783 को सिख फौजें दरबारे आम तक जा पहुंचीं और लाल किले पर लहरा दिया गया था केसरी निशान! केसरी निशान फहराने के साथ ही दिल्ली पर हो गया था सिखों का कब्जा। शाह आलम अब सिखों के कब्जे में कैद था। वह लाल किला जहां कभी मुगल शासक औरंगजेब तथा बहादुर शाह अपना दरबार लगाया करते थे उसी दीवाने आम पर जत्थेदार जस्सा सिंह अहलूवालिया को सुल्तान ऐलान कर दिया गया। शाह आलम द्वितीय बंदी होते हुए गहरी चिंता में था, लेकिन इस दौरान उसे एक युक्ति सूझी और उसने अपनी बेगम समरू को बुला भेजा।**

*हमारे देश में दिल्ली के तख़्त पर मुगलिया सल्तनत का शासन लगभग 300 सालों का रहा है। बाबर से लेकर औरंगजेब और फिर बहादुर शाह द्वितीय तक। इसी तरह सिख गुरु की परंपरा भी गुरु नानक देव से लेकर गुरु गोबिंद सिंह और फिर बंदा बहादुर तथा अन्य जरनैलों का शासन मिलाकर लगभग उसी के आसपास ठहरता है। यानी दोनों लगभग एक ही कालखंड की घटनाएं हैं। सिखों के पहले गुरु नानक से लेकर पांचवें गुरु अर्जुन देव तक की पूरी गुरु परंपरा भक्ति भाव और अध्यात्म की ही रही है। वहीं पांचवें गुरु अर्जुन देव जी की शहादत के बाद छठे गुरु हरगोविंद से इसमें कुछ तब्दीली आनी शुरू हो गई थी। इसलिए उन्होंने एक साथ दो तलवारें धारण कीं- एक मीरी की और दूसरी पीरी की। उन्होंने बताया कि मीरी की यानी राजकाज चलाने की तथा पीरी की यानी आध्यात्म की। मीरी की तलवार से पीरी की तलवार दो इंच लम्बी रखी गई थी, यानी राजकाज का शासन धर्म के अधीन हो। इसका मकसद था कि शासक को ताकतवर होने के बावजूद ईश्वर को नहीं भूलना है और न्याय संगत शासन ही करना है । दिल्ली के मुगलिया सल्तनत ने समय-समय पर भयंकर जुल्म किया। बाबर के अत्याचारों पर गुरु नानक देव ने खुलेआम यह कहा था कि बाबर तूं जाबर हैं! जिसके लिए भले ही उन्हें जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ा था। मुगल सुल्तान जहांगीर के समय सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव को लाहौर में गर्म तवे पर बिठाकर शहीद कर दिया गया था और नवें गुरु तेग बहादुर को औरंगजेब ने दिल्ली के चांदनी चौक में सर कलम कर शहीद कर दिया था। दसवें गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्र जहां युद्ध में शहीद हुए थे, वहीं दो मासूम पुत्रों को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया था लेकिन फिर भी अन्याय के प्रतिकार के लिए सिखों का जोश कभी रुका नहीं। सिख जरनैल बाबा बंदा सिंह बहादुर को 1716 ईस्वी में अंग-अंग काट कर शहीद किया गया, यहां तक कि उनके बेटे को उनके सामने मार कर उसका कलेजा उनके मुंह में ठूंसा गया। औरंगजेब के बाद मुगल सल्तनत धीरे-धीरे खोखली होती जा रही थी और उसका शासन भी सीमित रह गया था। उस दौरान अफगानिस्तान से हमलावरों का आना शुरू हो चुका था जो भारत से करोड़ों की संपत्ति, हीरे जवारत तथा बच्चों और युवतियों को लूट कर ले जाने लगे थे। पहले नादिर शाह और फिर अहमद शाह अब्दाली ने हिंदुस्तान पर कई बार हमले किये। अब्दाली को रोकने वाला कोई नहीं था, लेकिन फिर सिखों की फौज से कई बार युद्ध हुए और सिखों ने उनके कब्जे से महिलाओं को छुड़वा कर उनके घर बाईज्जत भेजा। आखिरकार फिर वापस आने की अब्दाली हिम्मत नहीं कर पाया।? इस बीच सिख योद्धाओं ने अलग-अलग जत्थे कायम कर लिए, जिन्हें मिसल कहा जाता था जिसमें उनका एक-एक बहादुर योद्धा लीडर होता था। दिल्ली का तख़्त, जिसके जुल्मों का लंबा इतिहास रहा है, उसके अहंकार को दूर करने के लिए जत्थेदार सरदार बघेल सिंह तथा जत्थेदार जस्सा सिंह अहलूवालिया ने सिखों की फौज के साथ 8 मार्च 1783 को दिल्ली पर चढ़ाई कर दी। उस समय दिल्ली के तख़्त पर शाह आलम द्वितीय विराजमान था। सिख फौजों ने दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों को अपने कब्जे में लेना शुरू कर दिया था। इसी बीच रामगढ़िया मिसल के जत्थेदार जस्सा सिंह रामगढ़िया भी अपनी फौज के साथ दिल्ली पहुंच चुके थे। शाह आलम द्वितीय को जब हमले का पता चला तो उसने लाल किले के सभी फाटकों को बंद करवा दिया। सिख योद्धाओं ने किले की दीवार का पहले अच्छी तरह मुआयना किया।*

### एक्सप्रेस आलेख

कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस की एक नई रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका में जन्मे भारतीय अमेरिकी अपनी भारतीय विरासत के साथ सांस्कृतिक और पहचान-आधारित जुड़ाव में उल्लेखनीय वृद्धि प्रदर्शित कर रहे हैं। 86 प्रतिशत लोग खुद को भारतीय-अमेरिकी कहने में गर्व महसूस करते हैं। अमेरिका में जन्मे 70 प्रतिशत भारतीय अमेरिकी उत्तरदाताओं ने कहा है कि भारतीय होना उनके लिए बहुत हद तक महत्वपूर्ण है। यह रिपोर्ट, एक भारतीय-अमेरिकी दृष्टिकोण सर्वेक्षण पर आधारित है, जो लंबे समय से चली आ रही इस धारणा को चुनौती देती है कि आप्रवासी समुदायों की आने वाली पीढ़ियाँ अमेरिकीकरण के पक्ष में धीरे-धीरे अपनी पैतृक पहचान त्याग देती हैं।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अमेरिकी लेबल का इस्तेमाल करने वालों की संख्या में कमी आई है और एशियाई भारतीय के रूप में पहचान करने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है। कहने का तात्पर्य है कि जो लोग आज किसी भी स्थिति में भारत से बाहर गए हैं, उन्हें भारत अब भी अपनी ओर आकर्षित करता है। जो बच्चे विदेशों में जन्म ले रहे हैं, उनके लिए 'मातृभूमि' भले ही उनका अभी जन्म देनेवाला देश हो, किंतु 'पितृ भूमि' भारत ही है।

## ट्रंप की दादागिरी, रुपए का कमजोर होना और प्रधानमंत्री मोदी का स्वदेशी आह्वान

भारत ने अमेरिका को यह साफ संदेश दिया कि वह अपने हितों से कोई भी समझौता नहीं करेगा। भारत का यह कहना हुआ और लग रहा है; जैसे अमेरिका पूरी ताकत से भारत को कमजोर करने में जुट गया हो। इस सिलसिले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक के बाद एक सामने आए वक्तव्य देखे जा सकते हैं, उसका एक नकारात्मक परिणाम भी दिख रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया ऐतिहासिक निचले स्तर तक को पार कर चुका है। डॉलर इंडेक्स 98.68 के स्तर पर पहुंच चुका है और निवेशक अमेरिकी एसेट्स की ओर लौट रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने भारत पर टैरिफ की धमकी दी हो। इससे पहले भी 2018 और 2019 में अमेरिका ने जीएसपी के तहत भारत को मिलने वाली छूट को समाप्त किया था। इन कदमों से भारतीय निर्यातकों को बड़ा नुकसान हुआ था। यह कोई छोटी बात नहीं, बल्कि इकोनॉमी के हिसाब से भारत के लिए बहुत गंभीर मामला है। अब सवाल ये है कि क्या यह गिरावट अस्थायी है या रुपया सच में डॉलर के सामने घुटने टेक रहा है विदेशी मुद्रा बाजार से जुड़े विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह गिरावट केवल बाजार की मनोदशा नहीं बल्कि वैश्विक परिस्थितियों का संकेत है। यानी अमेरिका में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद वे लगातार ऐसे कदम उठा रहे हैं, जिससे कि विश्व में डॉलर का वर्चस्व बना रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ बढ़ाना भी इसी का हिस्सा है और भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने को मुद्दा बनाना भी। अब भारतीय शेयर बाजार पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। ऐसे में बड़ा प्रश्न यह है कि इन परिस्थार्तियों में हम क्या करें क्या रुपए को इसी तरह कमजोर होता देखते रहें! और एक समय के बाद हमारी मजबूत अर्थव्यवस्था जो दुनिया में तीसरे नंबर पर आने के लिए प्रयास कर रही है, उसे पीछे धकेलने के साक्षी बनें या फिर अपने देश को आर्थकि रूप से मजबूत करने के लिए कुछ प्रभावी कदम उठाएं अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी गए थे, उन्होंने वहां अपने भाषण के दौरान अनेक विषयों को प्रमुखता से रखा। उन्हीं में से एक विषय ÷स्वदेशी÷ का भी उनके द्वारा विशेष तौर पर उठाया गया। क्या हम उनके कहे इस विषय को आज गंभीरता से समझकर उस पर अमल कर सकते हैं वस्तुत यहां अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी लिए द्वारा सुझाए रास्ते पर चलना सबसे अधिक जरूरी नजर आ रहा है। उन्होंने स्व से स्वदेशी की बात की है और देश के सभी जन से आह्वान किया है कि वे अपने जीवन में शत-प्रतिशत स्वदेशी अपनाएं। हम स्वदेशी का संकल्प लें! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं, अब




**अमेरिका भी उन्हीं देशों में से एक है, जो अपनी कंपनियों और उद्योगपतियों को वैश्विक करने के साथ उन्हें हर संभव तरीके से मजबूत बनाने में सहयोग करता है। वे दुनिया के अलग-अलग देशों में जाकर टेंडर डाल रहे हैं, प्रकृति का भरपूर दोहन कर रहे हैं।**

हम कुछ भी खरीदें तो एक ही तराजू होना चाहिए, हम उन चीजों को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा है और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है। भारत के लोगों के कौशल्य से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है। हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें, 'वोकल फॉर लोकल' मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प ले कि हम 'मेक इन इंडिया' प्रोडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो कुछ भी नया सामान आएगा, वो स्वदेशी ही होगा, ये ज़िम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी हर दुकानदार से आग्रह करते हैं कि हम हमारे यहां से सिर्फ और सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। उनके अनुसार यह स्वदेशी माल बेचने का संकल्प, देश की सच्ची सेवा होगा।...हर बात में स्वदेशी का भाव आने वाले दिनों में हमारा भविष्य तय करने वाला है। देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी यूं ही स्वदेशी की बात नहीं कर रहे, वे जान गए हैं कि अमेरिका या अन्य किसी भी देश की दादागिरी से कैसे निपटा जा सकता है। आज डॉलर आधारित वैश्विक व्यापार में भारत के भी अधिकांश अंतरराष्ट्रीय सौदे भी डॉलर में ही होते हैं, जिससे डॉलर मजबूत होते ही आयात महंगे हो जाते हैं। जिसमें कि टैरिफ और व्यापार युद्ध आज अमेरिका की संरक्षणवादी नीति के चलते भारत जैसे विकासशील देशों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में अब ये जरूरी हो गया है कि हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार बढ़ाने पर जोर दें, हालांकि रूस, ईरान, यूएई जैसे कुछ देशों से इस तरह का चलन करने में भारत को सफलता मिली है, लेकिन हमें रुकना नहीं है, डॉलर को छोड़, रुपये या अन्य वैकल्पिक मुद्राओं में व्यापार को सभी देशों के साथ बढ़ाने की दिशा में हमें अभी बहुत काम करने की जरूरत है। इसके साथ जरूरी हो गया है कि हम अपनी विदेशी निवेश पर निर्भरता कम से कम करें और घरेलू निवेशकों को प्रोत्साहन देते हुए एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने का प्रयास करें। कच्चे तेल के विकल्प जैसे सौर, बायो गैस, हाइड्रोजन में निवेश बढ़ाएं। डिजिटल करेंसी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चलन में लेकर आएं, इसके लिए रुपी आधारित सीबीडीसी के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दें। इसके साथ ही सरकार और आरबीआई को भी समझना होगा कि वे पुनः संरचना पर ध्यान दें। वस्तुत भारत को आर्थकि स्तर पर एक ऐसा ढांचा तैयार करना होगा जो वैश्विक दबावों से भी न हिले, जो भारत को अपने दम पर खड़ा रखे। विश्व के 334 भारतीय अरबपतियों में से लगभग 14.8त्न यानी लगभग 42 भारतीय मूल के अरबपति विदेशों में रह रहे हैं। इनमें कुछ प्रमुख नाम लक्ष्मी मित्तल, अनिल अग्रवाल, जय चौधरी, विवेक रणादिव जैसे गिनाए जा सकते हैं। अभी भारतीय करोड़पतियों में से लगभग 2 प्रतिशत प्रति वर्ष विदेश जा रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2015 से अब तक लगभग 9 लाख भारतीयों ने भारतीय नागरिकता त्याग दी, जिसमें बड़ी संख्या हाई नेटवर्थ व्यक्ति शामिल हैं। इनमें कई उद्योगपतियों ने अपने व्यापार व्यवसाय के कारण से विदेश में रहना उचित समझा है। विनोद अदानी, सिद्धार्थ बल्लचंद्रन, म. अरुणाचलम, र्युकौ हिरा, प्रकाश लोहेया जैसे नाम इस दृष्टि से देखे जा सकते हैं। पर इन सभी के विदेश जाने के बाद इनके जीवन में एक बात खास अभी भी है।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | पूर्णिमा 13:24 तक |
| नक्षत्र: | श्रवण 14:23 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शनिवार |
| योग: | सौभाग्य, 26:14 तक |
| सूर्योदय: | 05:48 |
| सूर्यास्त: | 19:04 |
| चंद्रमा: | मकर राशि में |
| राहुकाल: | 09:07-10:47 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | सावन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:02-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### राह नहीं आसान !

*मिल रहीं चुनौतियां ।*
*राह नहीं आसान ।।*
*करनी विजय हासिल तो ।*
*फूंको फिर से जान ।।*
*ठीक नहीं है सब कुछ ।*
*हुआ उल्टा खेल ।।*
*जिसने नहीं निभाया ।*
*कसना फिर नकेल ।।*
*हार और जीत का तो ।*
*रहता बजता गाना ।।*
*ली है जिम्मेदारी तो ।*
*पेश करो नज़राना ।।*
*मंथन का है विषय ।*
*हुई कहां पर चूक ।।*
*धीरे धीरे रथ क्यों ।*
*रहा आखिर रुक ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## पानी की कमी छीन सकती है आपके दांतों की खूबसूरती

**चमकते** दांत न सिर्फ हमारे चेहरे की खूबसूरती बढ़ाते हैं बल्कि, यह हमारी हेल्दी ओरल हेल्थ का भी संकेत हैं। लेकिन, आजकल जिस तरह से हमारी लाइफस्टाइल होती जा रही है, ऐसे में दांतों को पूरी तरह से स्वस्थ रखना आसान नहीं है। दिन में दो बार ब्रश करने से लेकर जीभ की सफाई तक, यह सभी हमारे ओरल हेल्थ का हिस्सा है। लेकिन, आज हम बात करेंगे दांतों के लिए पानी की जरूरत की। दरअसल, पानी न सिर्फ आपके शरीर को हेल्दी रखने के लिए जरूरी है बल्कि आपके दांतों को डैमेज से बचाने में भी मददगार है। इतना ही नहीं पानी की कमी भी आपके दांतों की सेहत भी बिगाड़ सकती है। डॉ. साक्षी हिंदुजा कहती हैं कि जी हां, डिहाइड्रेशन हमारे अनुमान से कहीं ज्यादा मौखिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। जब आपके शरीर में तरल पदार्थों की कमी होती है, तो आपके मुंह में लार कम बनती है। लार भोजन के कणों को धोने, अम्लों को निष्क्रिय करने और इनेमल की रक्षा करने में मदद करती है। इसके बिना, कैविटी, सासों की दुर्गंध औरमसूड़ों की समस्याओं का खतरा ज्यादा होता है। अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहना आपके दांतों की सुरक्षा का एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है, इसलिए पानी पिएं, न सिर्फ अपने शरीर के लिए, बल्कि अपनी मुस्कान के लिए भी।



**फीके रंग के दिख सकते हैं दांत:** जब आपके दांत डिहाइड्रेटेड रहते हैं तो यह हल्के चॉक के रंग के नजर आ सकते हैं। इसके अलावा यह दांत ज्यादा पीले नजर आ सकते हैं और कई बार लग सकता है कि दांत पर पीले और सफेद, दोनों ही धब्बे पड़ गए हों। अगर आपको अपने दांत पर ऐसा कुछ नजर आ रहा है तो समझ जाएं कि आप कम पानी पीते हैं।

**दांतों में दरार आ जाए:** अगर आपको अपने दांतों में हल्के-हल्के दरार नजर आ रहे हैं या फिर इसके टैक्सचर में बदलाव महसूस हो रहा है तो इसका मतलब है कि आपके दांतपानी की कमी से खराब हो रहे हैं। इसके अलावा अगर आपके दांतों ने अपनी नेचुरल चमक खो दी है तब भी आपको सतर्क हो जाना चाहिए, ये पानी की कमी की वजह से हो सकता है।

**दांतों के इनेमल का डैमेज होना:** पानी न सिर्फ आपके मुंह में लार बनाने के लिए जरूरी है बल्कि ये खाने से निकलने वाले एसिडिक रस से होने वाले नुकसानों को कम करने के लिए जरूरी है। दरअसल, पानी जो भी आप खाते हैं उसके नुकसानों से दांतों को बचाता है। लेकिन, जब पानी की कमी होती है तो यह नुकसान दांतों के इनेमल यानी सबसे मजबूत परत को नुकसान पहुंचा देता है। इसके पीछे एक तर्क यह भी है कि इनेमल मुख्य रूप से 96त्न खनिज, 1त्न प्रोटीन और 4त्न पानी से बना होता है। यही पानी की जब कमी हो जाती है इनेमल डैमेज हो जाता है और दांत आसानी से सेंसिटिविटी और फिर कैविटी के शिकार हो सकते हैं।

**दांतों को हेल्दी रखने के लिए कितना पानी पीना चाहिए?:** दांतों को हेल्दी रखने के लिए जरूरी है कि आप रोजाना 8 गिलास से ज्यादा पानी पिएं। ऐसा करने से आपकी ओरल हेल्थ तो बेहतर होती ही है बल्कि, आपके दांतों की सेहत भी सही रहती है। पानी के अलावा कोशिश करें कि आप पानी से भरपूर चीजों का सेवन करें या फलों का जूस लें जो कि दांतों को हेल्दी रखने में मददगार है। इसके अलावा आप दांतों को हेल्दी रखने के लिए अलग-अलग टिप्स की मदद ले सकते हैं। जैसे कि रोज रात में ब्रश करें जो कि दांतों की सफाई के साथ इनेमल को सुरक्षित रखने में मददगार है। इसके अलावा हर 1 साल में कम से कम दो बार डेंटल चेकअप जरूर करवाएं।

### एक्सप्रेस विशेष



डॉ. प्रियंका सौरभ

हर बहता नल एक आपदा की दस्तक है। हर रिसता पहाड़, हर-भरा हुआ नदी का पाट, हर टूटता पुल हमें चेतावनी देता है कि प्रलोभन का परिणाम बहुत गहरा होता है। नदियाँ जब निगलने लगती हैं, तबतक देर हो चुकी होती है।

## धराली आपदा : यह हम सभी के चेत जाने का समय

**यह** अजीब विडंबना है कि जब कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो हम सिर्फ मरने वालों पर शोक प्रकट करते हैं जबकि जिनके लालच, उपेक्षा और मूर्खता से वह आपदा आई, उन पर सवाल उठाने का साहस नहीं करते। एक नदी के बहाव में बहे मकानों और दुकानों को देखकर हम आंसू तो बहाते हैं, लेकिन क्या हम उस कुकर्म पर विचार करते हैं जिसने नदी की गोद में घर बनवा दिए? आज भारत के पहाड़ों से लेकर मैदानों तक, हर जगह मनुष्य का प्रलोभन ही विनाश का बीज बन चुका है। हाल की घटनाएं- उत्तरकाशी, जोशीमठ, केदारनाथ, किन्नौर या हिमाचल की तबाही- सभी हमें याद दिलाती हैं कि जब मनुष्य अपने हित में प्रकृति की रेखाएं मिटा देता है, तो नदी, पहाड़, बादल और धरती एक दिन सबकुछ वापस ले लेते हैं। मेरे घर के पास एक छोटा-सा रेस्तरां है। उसके नल से दिन-रात पानी टपकता रहता है। मैंने कई बार कहा, लेकिन उन्हें फर्क नहीं पड़ा। एक ढीला वॉशर बदलने से समस्या हल हो सकती है, लेकिन सौ-पचास रुपये की मरम्मत उनके लिए बेमतलब है। पानी बहता है, तो बहता रहे। क्या यह एक रेस्तरां तक सीमित लापरवाही है? बिल्कुल नहीं। यह प्रतीक है उस मानसिकता का जो कहती है- जो हो रहा है, होने दो। हमें क्या फर्क पड़ता है? इस सोच के कारण हर दिन लाखों लीटर पानी व्यर्थ

**मैं हिमालय नहीं जाती, न ही अपनी यात्राओं को पहाड़ों पर थोपती हूँ। यह कोई त्याग नहीं, सिर्फ़ समझदारी है। मैं विंध्याचल और अरावली की छोटी पहाड़ियों से संतुष्ट हूँ, क्योंकि मुझे लगता है कि हिमालय की छाती पहले ही विदीर्ण है उसे और कष्ट देना अब पाप है। जब तक हम विकास को सिर्फ़ भवनों और दुकानों में मापते रहेंगे, तब तक विनाश हमारा पीछा नहीं छोड़ेगा।**

जाता है, गाड़ियों से निकलती धुआं-संस्कृति जारी रहती है, कचरे में दम तोड़ती गायें खड़ी रहती हैं और हिमालय की छाती पर रिसॉर्ट्स उगते रहते हैं। भारत का हिमालय क्षेत्र न सिर्फ़ भौगोलिक, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी हमारी धरोहर है परंतु अब वह पर्यटन का बाजार बन चुका है। पहाड़ों की आत्मा शांति थी, अब वह शोर में डूब चुकी है। दो दिन की छुट्टी मिलते ही लाखों लोग सेल्फी, शराब और शोरगुल की भूख लिए हिमालय पर टूट पड़ते हैं। वे वहां शांति खोजने नहीं जाते, बल्कि वहां भी उसी बाजार को बसाना चाहते हैं जिससे भागने का दावा करते हैं। रिसॉर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, पार्किंग, रोड- हर जगह अतिक्रमण है। पहाड़ की सीमित सहन शक्ति की कोई चिंता नहीं। जिस ज़मीन को सदियों से पेड़ों ने थामा हुआ था, वहां अब कंक्रीट की मोटी परतें बिछ गई हैं। जब बरसात आती है, तो वह ज़मीन अपने भीतर पानी को नहीं समेट पाती- परिणामस्वरूप, वही जल वेग बनकर जान लेता है। बादल फटते हैं, बाढ़ आती है और हम सोशल मीडिया पर दुख प्रकट करके आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन क्या हम पूछते हैं कि उस बाढ़ ने रास्ता क्यों बदला? क्या वह प्राकृतिक था या उसे रोका गया था? नदियाँ सदियों से बहती आई हैं, उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाया है। लेकिन जब हम घाटी में मकान बना लेते हैं, नदी के किनारे होटल ठोक देते हैं, तो वह नदी अपने रास्ते पर दोबारा लौटेगी ही। उत्तरकाशी की हालिया त्रासदी में पूरा गांव बह गया। लेकिन वह गांव पहाड़ों की गोद में नहीं था- वह नदी के पाट में बना था। यह कोई आस्था नहीं थी, यह लालच था। लालच कभी सुरक्षित नहीं रहता। कठोर शब्द हैं, लेकिन सच यही है कि हम एक संवेदनहीन समाज में तब्दील हो चुके हैं। हम आपदाओं को रोकने के बजाय उनका इंतज़ार करते हैं ताकि मीडिया को दृश्य मिलें और सरकारें मुआवज़े का तमाशा कर सकें। हमने पर्यावरण को सिर्फ़ एक डॉक्युमेंट बना दिया है। नीति आयोग से लेकर नगर पंचायत तक, हर स्तर पर विकास का मतलब अतिक्रमण हो गया है। क्या यह दुखद नहीं कि पहाड़ों पर हो रही तबाही के बीच भी लोग डील खोज रहे हैं- इस सीजन होटल सस्ते मिल जाएंगे? क्या हमने चेतना खो दी है? दिल्ली के डीएनडी फ्लाईओवर पर एक ऑटो चालक ने मुझे बताया कि उसने किसी को यमुना में प्लास्टिक की बोतल फेंकते देखा और बहुत दुखी हुआ। एक छोटे इंसान की बड़ी भावना! लेकिन क्या उस भीड़ को कोई समझा सकता है जो हर नदी, हर घाट, हर पहाड़ को बस 'घूमने की जगह' समझती है? हमारी आंतरिक यात्रा कभी शुरू ही नहीं होती। हम गाड़ी में बैठकर पहाड़ तक तो पहुंच जाते हैं लेकिन हमारे अंदर का इंसान वहीं के वहीं मैदान में पड़ा रहता है- लालची, उपभोगी और शोरगुल में डूबा। रेस्तरां का टपकता नल भले ही प्रतीकात्मक हो लेकिन यह उसी उपेक्षा का प्रतीक है जो हमने हिमालय और पर्यावरण के साथ बरती है। हम जिस संसाधन को रोज़ टपकने देते हैं- पानी, हवा, हरियाली, मिट्टी, हिमनद- वे एक दिन सूख जाएँगे। फिर नल नहीं टपकेगा, तब शायद उसमें से हवा भी न निकले। हम गाय को कचरा खिला कर भी उससे दूध की उम्मीद रखते हैं। हम पेड़ काट कर भी चाहते हैं कि बारिश हो। हम नदी को नाला बनाकर भी उससे आचमन की कामना करते हैं। क्या यह पाखंड नहीं है? अब समय मौन शोक का नहीं, चेतने का है।

सामाजिक न्याय और मानवाधिकार

# पीलीभीत के बिठौरा कलां में मानसिक रूप से बीमार युवक के साथ बर्बरता, थानाध्यक्ष निलंबित





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिले के गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बिठौरा कलां में बीते बृहस्पतिवार रात एक मानसिक रूप से बीमार युवक को ग्रामीणों ने चोरी की संदेह में पकड़कर बेरहमी से पीटा। रस्सी से बांधकर खंभे से बंधे युवक को डंडों से जमकर मारा गया। घायल युवक की पीड़ा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो इस घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को हुई। पुलिस की लापरवाही सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने गजरौला थानाध्यक्ष जगदीप मलिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

32 वर्षीय युवक राजू, जो जहानाबाद क्षेत्र के गांव दलेलगंज का निवासी है, बृहस्पतिवार दोपहर को खागसराय के पास देखा गया था। रात करीब एक बजे जब वह बिठौरा कलां पहुंचा तो ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया। उन्होंने युवक को रस्सी से बांधकर खंभे से बांध दिया और डंडों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। घायल युवक बार-बार अपनी निर्दोषता और छूटने की गुहार लगाता रहा, लेकिन भीड़ ने उसकी एक नहीं सुनी। इस पूरी घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे मामले की गंभीरता उजागर हुई। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि युवक किस तरह से घायल हालत में भीड़ से मदद मांग रहा है, पर लोग उसकी नहीं सुन रहे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, इस पूरे मामले में थाना पुलिस की गंभीर लापरवाही भी सामने आई क्योंकि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को इस घटना की सूचना नहीं दी और आवश्यक कार्रवाई भी नहीं की।

एसपी अभिषेक यादव ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने युवक को बचाया, जांच में यह पता चला कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। इसके बावजूद गांव के कुछ लोगों ने उसके साथ बर्बरता की। थाना पुलिस ने मौके पर जा कर भी उचित कदम नहीं उठाए और मामले को दबाने की कोशिश की।पुलिस अधीक्षक ने इस गंभीर लापरवाही को लेकर गजरौला थानाध्यक्ष जगदीप मलिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जिन ग्रामीणों ने मानसिक रूप से बीमार युवक के साथ मारपीट की है, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग मानसिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा और उनकी सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सजग रहेगा। साथ ही पीड़ित युवक को बेहतर इलाज और सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### सामाजिक एवं मानवाधिकार दृष्टिकोण

यह घटना न केवल मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी संवेदनशीलता की कमी को दर्शाती है, बल्कि समाज में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी और पुलिस प्रशासन की जवाबदेही को भी सवालों के घेरे में लाती है। मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को समाज का संरक्षण मिलना चाहिए, न कि हिंसा का सामना करना पड़े। मनोवैज्ञानिक और सामाजिक विशेषज्ञ भी इस प्रकार की घटनाओं पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं और सरकार से ऐसी संवेदनशील परिस्थितियों में उचित मार्गदर्शन और सहायता की व्यवस्था करने की अपील कर रहे हैं। यह घटना हमारे समाज की उस कड़वी सच्चाई को उजागर करती है कि मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति भी आज के समय में उचित समझ और सुरक्षा के अभाव में भेदभाव और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। प्रशासन और समाज दोनों की जिम्मेदारी है कि वे ऐसे व्यक्तियों की सुरक्षा, उपचार और सम्मान सुनिश्चित करें।पीलीभीत पुलिस की त्वरित कार्रवाई, थानाध्यक्ष के निलंबन और आगामी कठोर कार्रवाई से यह उम्मीद जगती है कि आगे इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकेगी तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ेगी।

# भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित गन्ना फसलों की समीक्षा के लिए गन्ना अधिकारियों का व्यापक भ्रमण

**किसान गन्ना फसल से जुड़ी समस्याओं के लिए नीचे दिए गए सी यू जी नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।**

- किसान सूचना नंबर- 7081202230
- बीसलपुर समिति- 7081202327
- पीलीभीत / मझोला समिति- 7081202337
- पूरनपुर समिति- 7081202508
- ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत- 7081202507
- बरखेड़ा- 7081202511
- मझोला- 7081202510
- पूरनपुर- 7081202808
- बीसलपुर- 7081202509

**■ गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश मिनिस्ती एस. (IAS) के निर्देशानुसार पीलीभीत में किसानों को वैज्ञानिक सलाह प्रदान करने के प्रयास तेज**

**इसके तहत निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुझाव किसानों को प्रदान किए जा रहे हैं-**

- खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करें ताकि गन्ने की जड़ों में सड़न न हो।
- जिन क्षेत्रों में जलभराव अधिक समय से है, वहां गन्ने के चारों ओर नाली बनाकर जल निकासी करें।
- जलभराव के कारण यदि गन्ने झुके हों तो उन्हें सीधा कर बाँधकर सहारा दें।
- फसल में फफूंद रोगों के प्रकोप से बचाव हेतु कार्बेन्डाजिम या मैनकोजेब जैसे फफूंदनाशी का छिड़काव करें।
- जिन खेतों में गन्ना पूरी तरह नष्ट हो गया है, वहां वैकल्पिक फसलों की योजना बनाएं।

*पीलीभीत जनपद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक और चीनी मिल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर किसानों को फसल संरक्षण संबंधी जागरूकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा है कि यदि कहीं कोई विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना तुरंत जनपद के कंट्रोल रूम को दी जाए।*




**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

उत्तर प्रदेश के गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस.(IAS) के निर्देशानुसार प्रदेश में हाल ही हुई भारी वर्षा एवं बाढ़ से प्रभावित जनपदों में गन्ना फसलों की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए गन्ना अधिकारियों तथा वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों द्वारा व्यापक भ्रमण जारी है। जनपद पीलीभीत में भी गन्ना फसलों में जलभराव के कारण क्षति की संभावना को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने किसानों से संवाद स्थापित कर आवश्यक वैज्ञानिक सलाह देने का कार्य तेज कर दिया है। गन्ना आयुक्त ने पीलीभीत के गन्ना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे स्वयं बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा करें, जहां गन्ना फसलों को बचाने के लिए जल निकासी, रोग नियंत्रण एवं अन्य सावधानियों को लेकर किसानों को जागरूक करें।

गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने यह भी निर्देश दिया है कि किसानों को जागरूक करने हेतु गांव-स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएं तथा फसल की स्थिति एवं नुकसान से संबंधित रिपोर्ट प्रतिदिन मुख्यालय को भेजी जाए। इस गंभीर परिस्थिति में जिला प्रशासन एवं गन्ना विभाग की ओर से किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया है ताकि फसल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में संभावित नुकसानों को कम किया जा सके।

# समीक्षा बैठक में डीएम ने परखी बाढ़ की तैयारियां, बाढ़ चौकियों के अलर्ट रहने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**




शुक्रवार को तहसील सभागार में विधायक बाबूराम पासवान की अध्यक्षता में बाढ़ राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बाढ़ से बचाव के लिए बनाई गईं बाढ़ चैकियों, बाढ़ शरणालय और शारदा किनारे बसे गावों की स्थिति बताई। उन्होंने बताया कि तहसील में कंट्रोलरूम की स्थापना की जा चुकी है। संवेदनशील गांवों का दौरा किया जा रहा है। बाढ़ शरणालयों की लगातार साफ सफाई व देखरेख भी की जा रही है। बाढ़ चैकियों पर राजस्व, स्वास्थ, पशु विभाग की टीमों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि गोताखोर और आपदा मित्र हमारे सम्पर्क में हैं। खाने के पैकेट बनाने की पूरी तैयारी है। इसके अलावा लाईट और जैकेट की व्यवस्था कर ली गई है। बैठक में कलीनगर एसडीएम ने बताया कि तहसील के 37 गांव बाढ़ संवेदनशील हैं। 5 बाढ़ चौकी, 3 शरणालयों की स्थापना की गई है। बाढ़ चैकियों पर अधिकारी के मोवाइल नम्बर लिखवा दिए गए है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ की एक टुकडी माधोटांडा के आश्रम पद्धति विद्यालय में मौजूद है। नाविक और गोताखोरों की सूची उपलब्ध है।राशन की उपलब्धता के लिए राशन कोटेदारों को भी अलर्ट कर दिया गया है। लईया, चना और गुड के पैकेट तैयार कर लिए गए हैं। विधायक बाबूराम पासवान ने कहा बाढ़ के दौरान किसी भी तरह की कोई कमी न होने पाए। जनहानि और पशुहानि किसी भी कीमत पर नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ से फसलों का नुकसान होने पर मानक के अनुसार कृषकों के खाते में मुआवजे की धनराशि शीघ्र भेजी दी जाएगी। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि सभी ग्राम प्रधानों के पास कंट्रोल रूम का नम्बर होना चाहिए। ग्राम प्रधान और प्रशासन के बीच संवाद बना रहे। जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं पहुंचते। उन स्थानों पर वायरलेस सेट की व्यवस्था करने को कहा गया। इससे सूचनाओं का आदान प्रदान निर्बाध रूप से होता रहे। डीएम ने बताया कि बाढ़ के समय गर्भवती महिलाओं और मरीजों के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। बाढ़ चैकियों पर दवाओं की तथा टेली मेडिसन सुविधा रहेगी। बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि बैराज से अधिक मात्रा में पानी छोडे जाने की सूचना मिलने पर सम्बन्धित अधिकारी ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर तुरंत पहुंचा दें। बैठक में चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, तहसीलदार हबीब उर रहमान, सीओ डा. प्रतीक दहिया के अलावा सचिव, लेखपाल, प्रधान आदि मौजूद रहे।

# लिटिल एंजेल्स स्कूल में विश्व शांति दिवस धूमधाम से मनाया गया

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



लिटिल एंजेल्स स्कूल में आज विश्व शांति दिवस का भव्य आयोजन हुआ। सुबह की प्रार्थना सभा में कक्षा 11 की छात्राएं नंदिनी अग्रवाल एवं अमीना फारूकी ने अपने संबोधन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कक्षा 12 की छात्रा गौरिका ने शांति पर महत्वपूर्ण संदेश दिया, जिसने सभी को शांति के महत्व से अवगत कराया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एन सी पाठक, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेड मिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा, एवं अकाउंटेंट राजेश गंगवार ने शांति का प्रतीक कबूतर उड़ाकर विश्व में शांति की कामना की।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे चारों हाउस द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक। वेलीटा हाउस ने शांति की पुकार, पैनंबरा हाउस ने शांति, नगरिटा हाउस ने शांति की ओर बढ़ते कदम और मरीना हाउस ने पहलगाम घटना पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए। सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने प्रस्तुतियों की जमकर प्रशंसा की।

अंतर हाउस नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। निर्णायक मंडल की मधु कुमार एवं श्रीमती नेहा पंत जोशी के निर्णयानुसार नगरिटा हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, पैनंबरा हाउस द्वितीय और वेलीटा हाउस तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एन सी पाठक ने कहा कि शांति ही विश्व की समस्याओं का समाधान है, लेकिन शांति का पालन हर किसी की जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे महात्मा गांधी के अहिंसा और शांति के सिद्धांतों का पालन करें और अपने जीवन में शांति के संदेश को आगे बढ़ाएं।

कार्यक्रम में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

# विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

दिनांक 08 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को स्थानीय विद्यालय वि.कु.स्मा. सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज गोला में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर रक्षाबंधन का पर्व परंपरा, प्रेम और सांस्कृतिक समरसता के साथ मनाया गया।इस अवसर पर छात्राओं ने छात्रों को स्वनिर्मित राखी बांधकर सुरक्षा एवं सम्मान का आश्वासन लिया, एवं छात्रों की समृद्धि,स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने बताया कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के अनुपम प्रेम, आत्मीयता और विश्वास के अटूट बंधन है।



## एक्सप्रेस खबरें...

### करंट लगने से ढाई साल के बालक की मौत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घर के बिजली बोर्ड में लगे पंखे का प्लग निकालते समय बालक के करंट लग गया। अस्पताल में डॉक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना हजारा क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के सुशांत मंडल मेहनत मजदूरी करते हैं। उनके तीन बच्चे हैं जिनमें दो बेटियां और ढाई साल का एक बेटा सौरभ था। शुक्रवार को सुशांत के घर में फर्राटा पंखा चल रहा था। उनका ढाई साल का बेटा सौरभ खेलते हुए बिजली बोर्ड के पास पहुंच गया। उसने जैसे जी पंखे का प्लग बोर्ड से निकला वैसे करंट की चपेट में आ गया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। करंट लगने से अचेत हुए बच्चे को परिजन सीएचसी लाए। अस्पताल में डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव वापस लेकर घर लौट गए।

### दहेज में कार और नकदी न देने पर विवाहिता को निकाला

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बंजरिया की रहने वाली अंजली देवी पुत्री पिंकू की शादी 23 अप्रैल 2024 को अमरदीप पुत्र राम रतन निवासी ग्राम पुनरबू, गदियाना थाना गोला, जिला लखीमपुर से हुई थी। शादी में अंजलि के पिता ने दान दहेज सहित लगभग 8 लाख रुपए खर्च किए।इसके बावजूद ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए हैं। आरोप है पति अमरदीप सास जुगरता देवी, ससुर राम रतन और देवर करन विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उसके साथ मारपीट करते हुए दहेज में कार और नकदी लाने की डिमांड की। दहेज न देने पर घर से निकालने की धमकी दी। 21 जनवरी 2025 को ससुराल वालों ने मारपीट कर अंजली को भूखा प्यासा कमरे में बंद कर दिया। आपस में झगड़ा करने के बाद सभी ने अंजली को मारपीट करके घर से निकाल दिया। अंजली ने मामले की शिकायत पुलिस से की। उसके बाद मामला समझौता केंद्र में पहुंचा लेकिन ससुराल वाले नहीं माने। उन्होंने बिना दहेज विवाहिता को घर में रखने से मना कर दिया। अंजली की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### शारदा नदी में आई बाढ़ ने निगल लिया था अशोक नगर गांव


**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** बरसों पहले शारदा नदी में आई बाढ़ में अशोक नगर गांव समा गया था। तब से इस गांव के ग्रामीण जंगल में गुजर बसर कर रहे हैं। कुछ ग्रामीणों को जमीन देकर दूसरे स्थान पर बसा दिया गया लेकिन लगभग सौ परिवार अभी भी जंगल में रह रहे हैं। उन्हें जंगली जानवरों का भय बना रहता है। ग्राम प्रधान ने डीएम को पत्र देकर सुरक्षित स्थान पर परिवारों को बसाने की मांग की।तहसील क्षेत्र के गांव अशोक नगर शारदा नदी के किनारे बसा हुआ था। लगभग 17 वर्ष पहले शारदा नदी में आई बाढ़ से पूरा गांव कट गया। बमुश्किल ग्रामीण अपनी जान बचाकर जंगल में चले गए थे। तब से सैकड़ो परिवार जंगल में ही आशियाना बनाकर गुजर बसर करने लगे। प्रशासन ने कुछ परिवारों को जमीन देकर जंगल से बाहर बसा दिया। लगभग 100 परिवार अभी भी जंगल में रह रहे हैं। इससे ग्रामीणों को अभी तक आवास और शौचालय आदि सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है। आए दिन ग्रामीणों को घरों में बाघ और तेंदुआ आदि जंगली जानवर भी घुस जाते हैं। इससे ग्रामीणों की जान का खतरा बना रहता है। वन विभाग के कर्मचारी भी ग्रामीणों को उजाड़ने की धमकी देकर परेशान करते हैं। ग्राम प्रधान नीलम देवी ने जिलाधिकारी से जंगल में बसे परिवारों को सुरक्षित स्थान पर जमीन देकर बसाने की मांग की है।

### ग्रामीण बैंक ने दी पांच लाख की आर्थिक सहायता

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** पसगवां क्षेत्र के गांव रामपुर रामदास की बेटे के शोक में डूबी विधवा महिला को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक (आर्यवृत) के अधिकारियों ने पांच लाख की आर्थिक सहायता दी है। रामपुर रामदास गांव की वेवा सुशीला देवी ने बताया कि उसकी बेटे की मौत एक हादसे में बीते समय मे हो गई थी।जिसके बाद वह बेटे की बैंक पासबुक लेकर ग्रामीण बैंक जेबीगंज आई जहां ब्रांच आफिसर अम्बिका प्रसाद ने पहले बेटे प्रेम चंद्र की मौत की कहानी पूछी उसके बाद उन्हें खाते में चल रहे बीमा के बारे में बताया और मेरी मदद बीमा राशि दिलाने में की।ब्रांच आफिसर अम्बिका प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मृतक प्रेम चंद्र का केयर हेल्थ इंश्योरेंस चल रहा था उनकी हादसे में मौत के बाद पांच लाख की आर्थिक सहायता दिलाई गई है।पांच लाख की चेक नामिनी प्रेम चन्द्र की माँ सुशीला देवी को बैंक के क्षेत्रिय प्रबन्धक सुमित कौशिश व इंश्योरेंस एजेंट विपिन श्रीवास्तव के माध्यम से ब्रांच जेबीगंज में दिलाई गई है।इस दौरान कई किसान व बैंक स्टाफ मौजूद रहा।

### महिला की लात घूसों से पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** पसगवां थाना क्षेत्र में ग्राम रसूलपुर तफज्जुल हुसेन में चार लोगो ने मिलकर एक महिला की लात घूसों से पिटाई कर दी। चोटिल महिला की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बता दें कि महिला की पिटाई दबंगो में बीते 3 अगस्त को की थी जिसकी रिपोर्ट पसगवां थाना पुलिस ने दर्ज कर ली है रसूलपुर तफज्जुल हुसेन के रहने बाले अनिल कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी अनीता देवी को गांव के बबलू, दिनेश, गोविंद, रामसनेही ने गाली गलौज करते हुए लात घूसों से पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी है। अनिल कुमार ने चार दिन बाद घटना की सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह अपनी पत्नी का इलाज कराता रहा जिससे पुलिस को सूचना देर से दे सका पुलिस ने मामला पंजीकृत कर महिला को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा है।




# डीएम आवास में रक्षाबंधन पर गूंजा स्नेह का स्वर



**■ सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को बांधी राखी, पाया आशीर्वाद**

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

बहन-भाई के बीच स्नेह, अटूट विश्वास, अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पूर्व शुक्रवार को जिलाधिकारी आवास पर शिक्षिकाओं संग पहुंची सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर (सीबीएससी) की बालिकाओं ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के स्नेहस्वरूपी राखियां बांधी। डीएम ने बालिकाओं समेत मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी उपहार भेंट किए। बालिकाओं ने एक-एक कर डीएम की कलाई पर राखी बांधी। जैसे ही बालिकाएं राखी बांधने के लिए आगे बढ़ीं, डीएम ने स्नेहपूर्ण मुस्कान के साथ उनका स्वागत किया, उनके नाम और क्लास पूछीं। इस मौके पर डीएम ने बच्चों से बात की और उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान बच्चों के बीच डीएम भी बेहद खुश नजर आई। वहीं बच्चे भी डीएम से मिलकर खुश थे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि ये बेटियां निडर आगे बढ़ें, आकाश छुए; यही प्रार्थना है, यही प्रयास है। जनपदवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाइयों के लिए बहनों के प्यार और स्नेह की अभिव्यक्ति है और उनके बीच अटूट बंधन को दोहराने का अवसर है। रक्षा बंधन का त्योहार सहज प्रेम और पारस्परिकता का प्रतीक है और यह लोगों को करीब भी लाता है। मेरी कामना है भाई और बहन के आपसी विश्वास का यह पर्व हमारे समाज में महिलाओं के लिए सद्भाव और सम्मान को प्रोत्साहित करे। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (सीबीएससी) के आचार्य संजय द्विवेदी, धीरज श्रीवास्तव मंदाकिनी मिश्रा, वीना, सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई, उप प्रधानाचार्य डॉ सीमा मिश्रा मौजूद रही।

# खंभे में उतर रहे करंट की चपेट में आते युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**





कस्बा में तेज बारिश के बीच खुले में जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर के चलते हैं खंभे पर करंट उतरने लगा जिसकी चपेट में एक युवक आते हे छटपटाने लगा जब तक विद्युत सप्लाई बंद कराई गई तब तक उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी पर लेकर दौड़े डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया घटना की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पुलिस के अनुसार रामलीला मैदान निवासी गगन गुप्ता पुत्र किशन कुमार 35 वर्षीय रक्षाबंधन के त्योहार पर राखी और मिठाई खरीदने के लिए साइकिल से घर से निकला था। थोड़ी दूर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे में करंट उतर रहा था जिसके चपेट में आते ही छटपटा कर साइकिल समेत गिर गया। पड़ोसियों ने देखते ही आनंन फांनन खंभे से हटाने का प्रयास कर कंट्रोल रूम को आपूर्ति बंद करने के लिए फोन लगाते रहे काफी देर बाद सप्लाई कटने पर उसे प्राइवेट वाहन से सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया जिस पल झपकते ही खुशियां मातम में बदल गई है।

मृतक की पत्नी सूर्या गुप्ता और आठ माह का पुत्र शिवाय को रोते बिलखते छोड़ गया है।वह तीन भाई था जिनकेक बीच इकलौती बहन थी। रक्षाबंधन के त्यौहार की तैयारियां जोरों से चल रही थी जिसका बेसब्री से इंतजार कर रही थी। ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। जिम्मेदार अधिकारियों ने मौके पर जाना भी मुनासिब नहीं समझा जिसको लेकर लोगों में रोष है।

# पुरोहितों ने सावन माह में होने बाली समस्याओं को विधायक के सामने रखा

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला तीर्थ पुरोहित सीमित के अध्यक्ष अशोक जोशी ने समस्त सीमित पदाधिकारियों के साथ गोला विधायक अमन गिरी के तीर्थ आवास पर जाकर ,समस्त सीमित पदाधिकारियों के साथ पुरोहितों की समस्याओं से अवगत कराया, जिसमे श्रावण मास में उच्च अधिकारियों की बैठक की सूचना भी सीमित को नही दी गयी जिससे वह अपनी समस्यायो से अधिकारियों को अवगत कराते तीर्थ परिसर जो पुरोहितों के बैठने एव तीर्थ यात्रियों के पूजन अर्चना की जगह होती है उन घाटो के सामने कुछ अराजक तत्वो ने अपनी दुकाने लगा दी जिस पर तीर्थ पुरोहितों के विरोध करने पर लडाई झगडे पर अमादा हो गये इस पर भी प्रशासन की और से कोई ध्यान नही दिया गया पुरोहितों को अपने दैनिक कार्यो के लिए भी पुलिस प्रशासन के द्वारा परेशानी उठानी पडी, तीर्थ परिसर को चारो तरफ से बन्द कर दिया,

जिससे तीर्थ यात्रीयो को मार्जन, एव पूजन करने के लिए परेशान होना पडा इस तरह की समस्याओं के निवारण के लिए विधायक ने आश्वासन दिया, पुरोहित सीमित के अध्यक्ष अशोक जोशी ने समस्त पुरोहितों को आश्वासन दिया है कि भविष्य में यदि अधिकारियों के द्वारा पुरोहित सीमित की अनदेखी की गयी तो समस्त पदाधिकारी मा0 मुख्यमंत्री के पास जाकर अपनी समस्यायो से अवगत करायेगे, इस अवसर पर अशोक जोशी गोला तीर्थ पुरोहित, पं कृष्ण कुमार, पं,दीनानाथ, पं सुनील कुमार शास्त्री, पं संजय कुमार, पं मनोज कुमार, पं श्यामू शास्त्री, पं कृष्ण कुमार भट्ट, पं शिव शंकर भट्ट,पं मुन्नालाल एव अन्य पुरोहित सामिल हुऐ।

### विद्यालयों की छात्राओं से पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा ने बंधवाई राखी

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** आगामी रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर विभिन्न विद्यालय (सनातन धर्म बालिका इण्टर कॉलेज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय इण्टर कॉलेज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय विद्या मन्दिर,आर्य कन्या डिग्री कॉलेज व स्कोलर वर्ल्ड कॉलेज) की छात्रओं से पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा ने राखी बंधवायी गई, इस अवसर पर छात्राओं ने उनके दीर्घायु, सुरक्षा, सशक्तता एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की गई।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा ने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि यह आपसी विश्वास, स्नेह और सुरक्षा के गहरे भाव का प्रतीक है। जब समाज की माताएं और बहनें पुलिस बल को रक्षा सूत्र बाँधती हैं।

# अफवाहों पर न दें ध्यान, सार्वजनिक होगी पोखरी नीलामी

**नगरपालिका महराजगंज में 4 अगस्त को होनी थी चार पोखरियों की नीलामी, अपरिहार्य कारणों से रद्द हुई नीलामी प्रक्रिया**

■ गबड़ुआ की चाय पान की दुकानो पर चर्चाएं बटोर रही पोखरी नीलामी की सुर्खियां

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




> नगरपालिका की 4 पोखरियो की नीलामी की प्रक्रिया अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। बहुत जल्द सार्वजनिक बोली की तिथि निर्धारित की जाएगी। निष्पक्ष नियमानुसार नीलामी की प्रक्रिया होगी।
>
> –आलोक कुमार
> ईओ, नगरपालिका परिषद, महराजगंज

नगरपालिका परिषद महराजगंज की चार पोखरियो की नीलामी को लेकर एक बार फिर चौक चौराहों पर सुखियाँ बटोर रही है। कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि हमारी पहुंच ऊपर तक है इस वजह से नीलामी प्रक्रिया रद्द हुई है। कुछ तो यहां तक कह रहे हैं कि जिले के अधिकारियों से हमारे अच्छे सम्बन्ध है। अपने भौकाली रसूख की आड़ में भोले भाले लोगों को गुमराह कर रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा मामला गबड़ुआ में स्थित तीन पोखरियो का है। लगातार हर नुक्कड़,चौराहो पर तथाकथित लोग अफवाहों को हवा दे रहे हैं कि पोखरी नीलामी नहीं होगी।हम जो चाहेंगे वहीं होगा। इसको लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है कि कैसे कोई दावा करेगा कि नीलामी नहीं होगी। मालूम हो की नगरपालिका महराजगंज में 4 अगस्त को होने वाली नीलामी प्रक्रिया स्थगित कर दिया गया है। जिससे वार्ड के नागरिक हैरान हैं।कि इतने दिनों के बाद तो नीलामी के लिए तिथि निर्धारित हुई इसके बाद भी आखिर किन कारणों से नीलामी की प्रक्रिया स्थगित किया गया।दो दर्जन से अधिक संख्या में लोग तो पहुंचे,लेकिन नगरपालिका ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए नीलामी स्थगित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार महुअवां में स्थित पोखरी सं0-605/0.251 हे0, गबड़ुआ में स्थित पोखरी सं0-1371/0.283हे0, 1593/0.360 हे0, 1567ख/0.413हे0 पोखरियों की नीलामी 4 अगस्त को दोपहर 01=00 बजे नपा सभागार कक्ष में कराना था,यह भी शर्त रखीं गई कि यदि पोखरियो की बोली नियमानुसार सरकारी बोली से कम प्राप्त होती है या किसी अपरिहार्य स्थिति में पुनः नीलामी को 2 दिन अतिरिक्त निर्धारित किया गया था। नगरपालिका में पोखरी नीलामी पटल देख रहे इम्तेयाज खान का कहना है कि महुवआ और गबड़ुआ की चार पोखरियो की नीलामी की तिथि बहुत जल्द घोषित किया जाएगा।उन वार्डों में कुछ लोग हवा में दावा कर रहे हैं कि पोखरी की नीलामी बिना सार्वजनिक बोली के हम ही लेंगे। कुछ भी हो जाएं बोली नहीं होने देंगे।इस सम्बन्ध में नगरपालिका प्रशासन का कहना है कि ये सब सिर्फ अफवाहें हैं। नगर वासी कत्तई ध्यान न दें। ऐसे लोग जो अफवाहे फैला कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं, नगरपालिका प्रशासन की पैनी नजर रख रही हैं।

## राम विवाह की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

कस्बे के गांधी चौक पर चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा में छठवें दिन बृहस्पतिवार को अयोध्या से आए कथावाचक धीरज कृष्ण ने श्रद्धालुओं को राम विवाह की कथा सुनाई। कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

कथावाचक ने कहा कि राजा जनक के दरबार में शिव धनुष रखा हुआ था। माता जानकी एक दिन घर की सफाई के दौरान उसे उठाकर दूसरी जगह रख दीं। यह देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि वह धनुष किसी से उठ नहीं रहा था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो भी प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। स्वयंबर में राजा-महाराजाओं को निमंत्रण भेजा गया।

वहां आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष उठाने की कोशिश की, मगर किसी को सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्रीराम धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तभी धनुष टूट गया।

## देश की एकता व अखंडता का संदेश देता है रक्षाबंधन, एसएसबी जवानों के साथ मना उत्सव

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर में सशस्त्र सीमा बल रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग सेंटर में रक्षाबंधन को राष्ट्ररक्षा सूत्र बंधन उत्सव के रूप में मनाया गया। गुरुकृपा संस्थान और रोटरी क्लब ने कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें छात्राओं और महिलाओं ने सैनिकों को राखी बांधी और उनकी सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। देशभक्ति की भावना के साथ सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। सशस्त्र सीमा बल रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग सेंटर मुख्यालय के परेड ग्राउंड में गुरुकृपा संस्थान एवं अखिल भारतीय क्रांतिकारी सम्मान संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में रक्षाबंधन को राष्ट्ररक्षा सूत्र बंधन उत्सव के रूप में मनाया गया। देशभक्ति का प्रतीक तिरंगा पट्टिका एवं बैज एसएसबी को भेंट की गई।

मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा बल के डीआइजी असेम हेमूचंद्रा ने कहा कि भाई-बहन के बीच प्रेम, स्नेह व सुरक्षा की भावना को मजबूत करने वाला रक्षाबंधन सामाजिक एकता व सदभाव के साथ साथ देश की एकता एवं अखंडता का संदेश देता है। विशिष्ट अतिथि डिप्टी कमांडेंट जेपी आर्या रहे। गुरुकृपा संस्थान के बैनर तले श्रद्धा पब्लिक स्कूल, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की छात्राओं सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही बहनों ने सैनिक भाइयों के कलाई में राखी बांधी। प्रेम में पिरोया राष्ट्ररक्षा सूत्र बांधकर पारंपरिक तरीके से देश की सुरक्षा के बचन की प्रतिबद्धता को याद दिलाया। कार्यक्रम संयोजक बृजेश राम त्रिपाठी ने कहा कि लोक परंपराओं को संरक्षित करने, जनसरोकारों में अपनी प्रत्यक्ष भागीदारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने वाली बहनों तथा सीमा को सुरक्षित रखने वाले सैनिकों के साथ पूरा देश भावनात्मक रूप से राष्ट्ररक्षा सूत्र बंधन उत्सव के माध्यम से जुड़ा है। गुरुकृपा संस्थान वर्ष 2014 से प्रत्येक वर्ष सशस्त्र सीमा बल रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग सेंटर के सैनिकों को राखी बांधकर ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य व कुशलता के लिए प्रार्थना करता है। कार्यक्रम में श्रद्धानंद त्रिपाठी, पद्माकर पांडेय, दीक्षा यादव, सृष्टि मणि त्रिपाठी, श्वेता सिंह, नंदिनी निषाद, रुचि, आरती, अमया पांडेय, आयुषी, सृष्टि निषाद, सौम्या उपाध्याय, ज्योत्सना, प्रियांशु यादव, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**जीआरडी के 60 जवानों को बांधी राखी**

रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन की ओर से जीआरडी कमांडेंट की अध्यक्षता में कैंपस में जवानों के साथ रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजन किया गया। क्लब की महिलाओं ने जीआरडी के 60 जवानों की कलाई पर राखी बांधी। देश सेवा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

# छात्र को बंधक बनाकर लोहे की पाइप से पीटा, थूक कर चटवाया

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



परिजन ने बताया कि कुसहरा निवासी साथ पढ़ने वाले दो मनबढ़ छात्रों ने उसे रोक लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए एक परिचित के हार्डवेयर की दुकान में ले गए। आरोपियों ने उसे बंधक बनाकर लोहे की पाइप से पीटा और जमीन पर थूक कर चटवाया।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां चिलुआताल थाना क्षेत्र में साथ पढ़ने वाले मनबढ़ों ने आठवीं के छात्र को बंधक बनाकर लोहे की पाइप से पीटा। फिर जमीन पर थूक कर चटवाया। इतना ही नहीं घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला संज्ञान में आने के बाद छात्र की मां ने कुसहरा निवासी दो मनबढ़ों के खिलाफ चिलुआताल थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़ित सफाईकर्मी का बेटा है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

चिलुआताल एक गांव की निवासी महिला ने बताया कि 26 जुलाई को उनका 14 वर्षीय बेटा स्कूल गया था। वापसी में कुसहरा निवासी साथ पढ़ने वाले दो मनबढ़ छात्रों ने उसे रोक लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए एक परिचित के हार्डवेयर की दुकान में ले गए। आरोपियों ने उसे बंधक बनाकर लोहे की पाइप से पीटा और जमीन पर थूक कर चटवाया।

इस दौरान मनबढ़ छात्रों का एक साथी वीडियो बनाता रहा। आरोपियों ने शिकायत करने पर बीच-चौराहे दौड़ाकर गोली मारने की धमकी दी। पिटाई से किशोर को अंदरूनी चोटें आई हैं। घटना के बाद से सहमे किशोर ने खुद को घर में कैद कर लिया है। वह स्कूल और कोचिंग भी नहीं जा रहा है।

थाना प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल में चिढ़ाने को लेकर आठवीं के छात्रों के बीच का विवाद हुआ था। बदला लेने के लिए मनबढ़ ने साथियों के साथ मिलकर अमानवीय व्यवहार किया है। पीड़ित छात्र की मां की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच-पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बस स्टेशन के निर्माण में रखें गुणवत्ता का ख्याल

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने बृहस्पतिवार को नवनिर्मित बस स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने अवर अभियंता और ठेकेदार से निर्माण कार्य में लापरवाही न बरतने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई शिकायत मिली तो कार्यदायी संस्था व ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई होगी। सलेमपुर बस अड्डे के लिए काफी समय से मांग चल रही थी। क्षेत्रीय लोगों की मांग पर राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने शासन को पत्र लिखकर सलेमपुर बस अड्डे को जनहित का मुद्दा बताते हुए उसके निर्माण की मांग की थी। शासन से मंजूरी के बाद नगर पंचायत के राजस्व ग्राम सलाहाबाद में जमीन चिह्नित की गई। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने 14 मार्च को सलेमपुर में बस स्टेशन निर्माण के लिए तीन करोड़ 17 लाख 19 हजार रुपये परिवहन निगम को उपलब्ध करा दी।

बस स्टेशन निर्माण के लिए उप्र

# कानपुर–गोरखपुर से मिलावटी खोआ मंगा रहे धंधेबाज

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



रक्षाबंधन पर मिठाई खरीदते समय सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि त्योहार पर मिठाइयों की बढ़ी बिक्री को देखकर जिले में मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। कानपुर और गोरखपुर की मंडी से मिलावटी खोआ मंगाकर बेचा जा रहा है। खाद्य विभाग की तरफ से बीते एक अप्रैल से 30 जुलाई तक खोआ के 49 नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा था, जिसमें से 24 नमूने फेल मिले हैं।

फेल नमूनों में मिल्क फैट और मिल्क सालिड मानक के अनुसार नहीं मिली है। ये वह नमूने हैं जो हर माह मिठाई की अलग-अलग दुकानों से संदेह के आधार पर लिए गए हैं। इनसे बनीं मिठाइयां लोग बड़े चाव से खा रहे हैं, जबकि नमूनों की रिपोर्ट बता रही है कि ये सभी अधोमानक (मिलावटी) हैं।

जानकारों का कहना है कि पनीर की तरह खोआ भी पाउडर और रिफाइंड ऑयल से बनाया जा रहा है। खाद्य विभाग की टीम से बचने के लिए मिलावटखोर लंबी दूरी के बसों से आने वाले खोआ को बस स्टैंड पर बस पहुंचने से पहले कंडक्टर से बात कर उतार ले रहे हैं।

शहर में मिठाई की लगभग 300 दुकानें हैं। खोआ से बनी मिठाई हर जगह बिकती है, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में इसका उत्पादन शहर में होता ही नहीं है। इसकी पूर्ति के लिए कानपुर और गोरखपुर की मंडी से बड़ी मात्रा में मिलावटी खोआ आता है। विभागीय जानकारों ने बताया कि बीते अप्रैल से जुलाई के बीच खोवा के 49 नमूने जांच के लिए भेजे गए थे, जिनमें से 24 की रिपोर्ट मानक के अनुरूप नहीं मिली है। खोआ के अधिकांश मामलों में फैट 18.9 प्रतिशत ही मिला है, जबकि उच्च श्रेणी के खोआ में फैट की मात्रा कम से कम 30 प्रतिशत होना ही चाहिए। इसके अलावा खोआ की मिली जांच रिपोर्ट में अधोमानक मिले खोआ मिल्क सालिड भी 52.56 प्रतिशत ही मिला है, जबकि खोआ में मिल्क सालिड 55 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए।

जानकार बताते हैं कि खोआ बनाते समय मिलावट दूध से मलाई निकाल लेते हैं, जिसे बड़े ही आराम से 800 रुपये से 1000 रुपये में बेचकर मोटा मुनाफा कमा सकें। उधर खोवा में चिकनाहट बनी रहे इसके लिए सस्ते दर का रिफाइंड की मिलावट कर देते हैं। मिठाई के दुकानादार बताते हैं कि पहले बिहार की तरफ से शुद्ध खोआ आता था।

उधर नदी के किनारे लोग पशुपालन करते थे और वहीं दूध निकालकर उससे शुद्ध खोआ तैयार करते थे। जंगल की लकड़ी की आंच पर पके दूध से तैयार खोआ की खुशबू ही उसकी असलियत की पहचान होती थी। हालांकि, वह महंगा पड़ता था। दुकानों पर बड़ी मांग और रेट की लड़ाई में कानपुर और गोरखपुर से आने वाले मिलावटी खोआ ने पूरे बाजार में कब्जा कर लिया है। पाउडर और रिफाइंड ऑयल से बना खोवा थोक मंडी के विक्रेताओं को 200 से 300 रुपये किलो के भाव मिल जाता है, जिसे वे 250 से 350 रुपये किलो मिठाई के दुकानदारों को बेच देते हैं।

# खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों का हंगामा, बैरंग लौटे

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



विशुनपुरा ब्लॉक के खेसिया समिति पर बृहस्पतिवार को हंगामे के कारण खाद का वितरण नहीं हो सका। भीड़ अधिक होने के कारण पुलिस भी खाद का वितरण नहीं करवा सकी। खाद वितरण नहीं होने के कारण काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। दोपहर बाद तक महिला पुरुष किसान समिति पर जमे रहे और व्यवस्था को कोसते हुए वापस चलते बने।

समिति खेसिया पर भोर से ही महिला और पुरुषों ने खाद के लिए लाइन में लग गए। करीब दस बजे सचिव और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो भारी भीड़ जुट गई थी। सचिव की सूचना पर पुलिस आई और खाद का वितरण शुरू करवाने के लिए किसानों को व्यवस्थित करवाने में जुट गई लेकिन अधिक भीड़ होने के कारण व्यवस्था ठीक नहीं हो सका और खाद का वितरण शुरू नहीं हो सका। दोपहर बाद तक महिला पुरुष समिति पर बैठे रहे लेकिन खाद का वितरण नहीं हो सका।

खाद के लिए लोगों ने काफी देर तक हंगामा भी किया लेकिन बिना खाद लिए वापस जाना पड़ा। किसान व्यवस्था को कोसते हुए वापस चले गए। कई समितियों पर किसानों की भीड़ अधिक खाद कम होने के कारण सचिवों को पुलिस बुलाकर वितरण करना पड़ा। जिले में मांग के अनुसार अभी भी किसानों को खाद नहीं मिल रहा है।

इसके लिए समितियों पर भोर से ही किसान पहुंचना शुरू कर दे रहे हैं और कहीं न कहीं हंगामा व सड़क जाम कर रहे हैं, हालांकि कृषि विभाग की ओर से खाद के लिए डिमांड भेजा गया है। इसके अलावा जटहा बाजार समिति पर खाद होने के बाद भी वितरण शुरू नहीं हो रहा था। बृहस्पतिवार की सुबह से ही किसान लाइन लगाए हुए थे लेकिन खाद का वितरण शुरू नहीं हो सका। किसान काफी उत्तेजित हो गए और खाद का वितरण शुरू नहीं होने की दशा में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दे दिए। भाकियू के जिलाध्यक्ष ध्रुव नारायण यादव ने चेतावनी दिया कि अगर दोपहर बाद तक खाद का वितरण शुरू नहीं होता है तो किसानों के साथ धरना दिया जाएगा। इसकी जानकारी होते ही सचिव धनंजय पांडेय पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में ग्राम पंचायतवार खाद का वितरण शुरू किया।

## खिड़की तोड़कर घर में घुसे चोर, नगदी व गहने चुरा ले गए

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

सदर कोतवाली क्षेत्र के चितामनचक गांव में बीती रात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए खिड़की तोड़कर घर में घुसपैठ की और अलमारी में रखी नकदी व सोने के आभूषण समेत हजारों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। वारदात की सूचना पर बृहस्पतिवार की सुबह पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की गहन जांच की। चितामनचक निवासी जयराम यादव पुत्र लालू यादव के घर के सभी सदस्य रात में बरामदे में सो रहे थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने पीछे की खिड़की तोड़कर घर के भीतर प्रवेश किया और अलमारी में रखे लगभग 15000 रुपये नकद व सोने के गहनों समेत कीमती सामान लेकर फरार हो गए। सुबह जब घरवालों की नींद खुली, तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला।

# एमसीएच विंग में बनती है पर्ची... मेडिकल कॉलेज में ओपीडी

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



मेडिकल कालेज में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। इलाज के लिए पर्ची एमसीएच विंग में कटती है। ओपीडी मेडिकल कालेज में चलता है। दवाएं जिला अस्पताल में मिलती हैं। ऐसे में मरीजों को एमसीएच विंग, मेडिकल कालेज व जिला अस्पताल का चक्कर लगाना पड़ता है।

मरीजों के साथ आए तीमारदारों ने कहा कि अगर एक ही छत के नीचे यह सुविधा मिलती तो परेशानी नहीं होती। पहले मरीजों की पर्ची कटवाने के लिए मेडिकल कालेज के संबंध एमसीएच विंग में पर्ची कटवाना पड़ता है। इसके बाद अगर उस मरीज को ओपीडी में दिखाना है तो उन्हें मेडिकल कालेज के प्रथम तल पर जाना पड़ता है। यहां इलाज के बाद अगर डॉक्टर जांच, अल्ट्रासाउंड लिखते हैं तो इसकी जांच मेडिकल कालेज के संबंध जिला अस्पताल में होती है। जांच कराने के बाद फिर मरीज को जांच रिपोर्ट दिखाने फिर मेडिकल कालेज की ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने व दवा लिखवाने के लिए जाना पड़ता है। वहां से फिर जिला अस्पताल के दवा काउंटर से दवा लेने के लिए कतार लगानी पड़ती है तब जाकर मरीजों का इलाज पूर्ण होता है। मरीज के साथ आए तीमारदारों ने कहा कि अगर मेडिकल कालेज के एक ही छत के नीचे मरीजों को सभी सुविधा मिलती तो परेशानी नहीं होती है।

# ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में हुआ सामूहिक रुद्राभिषेक

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



क्षेत्र के ग्राम सभा कुड़वा दिलीप नगर के टोला धन्नीपट्टी में नवनिर्मित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में बृहस्पतिवार को सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी रहे। सामूहिक रुद्राभिषेक में क्षेत्रवासियों के साथ-साथ नगर के लोग भी शामिल रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सूर्यप्रभात, प्रसिद्ध समाजसेवी कालिंदी त्रिपाठी, सुधीर शाही, सुरेश गुप्ता, संजय राव, डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने रुद्राभिषेक किया।

## बोलबम के जयघोष से गूंजे शिवालय

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

नगर समेत जिले के सभी शिवालयों में बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इस दौरान शंख ध्वनि और हर हर महादेव के जयघोष से शिवालय गूंज उठे। मंदिर परिसर में लोगों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे। सभी शिवालय परिसरों में मेले जैसा माहौल रहा। जिले के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भोर में श्रद्धालु जुटने शुरू हो गए। नगर के भारतीय शिवाला मंदिर, प्राचीन कुबेरस्थान शिवमंदिर, करहिया शिवमंदिर, पथलेश्वरनाथ शिव मंदिर, भन्नुनाथ शिवमंदिर, लमुहा शिवमंदिर, सिद्धनाथ समेत सभी शिव मंदिरों में लोगों ने पूजा की।

# परमाउंट अकादमी में रक्षाबंधन पर विशेष आयोजन, वृक्षों को बांधी राखी

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



परमाउंट अकादमी में इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व एक अनोखे और प्रेरणादायक तरीके से मनाया गया। छात्रों ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को प्रकृति से जोड़ते हुए वृक्षों को राखी बाँधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

विद्यालय परिसर में छात्राओं नव्या सिंघानिया, आकृति, जया, सानवि जया, माहिरा, आरोही, अनुष्का, हैप्पी दिविशा, श्रेया, रोशनी, राधिका, अनु, काव्या आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रंग-बिरंगी राखियों से सजे पेड़ों को उन्होंने भाई के समान मानते हुए वचन दिया कि वे हमेशा उनकी रक्षा करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने कहा रक्षा का अर्थ केवल व्यक्तिगत रिश्तों तक सीमित नहीं है, बल्कि हमें अपने पर्यावरण और जीवनदाता वृक्षों की रक्षा भी करनी चाहिए। छात्रों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की शपथ ली। इससे पूर्व छोटे बच्चों ने आपस में राखी बांधकर और उपहार देकर रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया। आयोजन ने न सिर्फ भावनात्मक संदेश दिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई।

# काकोरी ट्रेन एक्शन स्मृति दिवस पर आयोजित हुआ देशभक्ति कार्यक्रम, निकाली गयी रैली

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत सैनिकों को छात्राओं ने बांधी तिरंगा राखी

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन स्मृति दिवस पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से भव्य रैली निकाली गई। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा लोगों के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वर्चुअल भाषण भी चुना गया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, डीएम श्री पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वर्चुअल संबोधन छात्र-छात्राओं द्वारा सुना गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं डीएम द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के अंगवस्त्र एवं पौध देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक बलरामपुर सदर, विधायक द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों के याद किया गया एवं उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। वहीं हर घर तिरंगा अभियान के तहत देश की रक्षा करने वाले सैनिकों को छात्राओं द्वारा राखी बांधकर आभार व्यक्त किया गया एवं सैनिकों द्वारा सभी छात्रों को उपहार दिए गए। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं डीएम द्वारा जनमानस के साथ कलेक्ट्रेट से वीर विनय चौराहे तक देशभक्ति नारे के साथ तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में देशभक्ति के नारों से जन-जन में देशभक्ति की भावना प्रबल हुई। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एसएसबी के कमांडेंट व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# काकोरी कांड दिवस पर छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी




जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमडीके बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को एम डी के बालिका इंटर कॉलेज में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के द्वारा हाथों में शहीदों व देश भक्ति से सम्बंधित स्लोगन सहित प्रभातफेरी भी निकाला गया। जिसमे विद्यालय की सभी अध्यापिका सहित छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य साधना पांडेय ने छात्राओं को काकोरी कांड के विषय में जानकारी दी और वीर शहीदों को नमन किया।

# जिला प्रभारी ने जिलाध्यक्ष व विधायकों के साथ डीएम से की मुलाकात

## खाद की बढ़ती समस्या पर किया चर्चा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में भाजपा के किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जिले में उर्वरक की कमी को लेकर अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी से गुरुवार देर शाम को मुलाकात किया। जिला प्रभारी ने यूरिया की समस्या को लेकर डीएम पवन अग्रवाल से मिलकर खाद की समस्या को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही।

जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने बताया कि जिले में उर्वरक की कमी के चलते किसान परेशान हैं। गुरुवार देर शाम को डीएम पवन अग्रवाल से जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल एवं उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा के साथ मिले। उन्होंने कहा कि खरीफ फसली को लेकर उर्वरक की नितांत आवश्यकता है। किसान खाद को लेकर काफी परेशान हैं। सहकारी समितियों सहित खाद की दुकानों पर लम्बी लाइनें लग रही हैं। खाद की उपलब्धता न होने पर फसलों पर भी बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जिले में बरसात देर से होने के कारण उर्वरक की मांग एकाएक बढ़ी है। जल्द ही जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता होगी।

# साइबर सिक्योरिटी व डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में शुक्रवार को साइबर सिक्योरिटी तथा डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 08 अगस्त को को प्राचार्य प्रोफेसर जे.पी.पांडे के निर्देशानुसार एवं एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. रमेश कुमार शुक्ल (सरोजिनी नायडू इकाई) डॉ.अनामिका सिंह (कल्पना चावला इकाई) तथा डॉ.जितेंद्र कुमार (डॉ. कलाम इकाई) के नेतृत्व में महाविद्यालय के सभागार में साइवर सिक्योरिटी व डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा सरस्वती वंदना से हुआ। मंगलाचरण तथा सरस्वती वंदना राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजिनी नायडू इकाई के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. रमेश कुमार शुक्ल ने अपने संबोधन में साइबर सुरक्षा के बारे में संक्षिप्त में जानकारी देते हुए कहा कि साइबर साक्षरता से हम ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और डिजिटल दुनिया में अधिक से अधिक सुरक्षित रूप से काम कर सकते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर जे.पी.पांडे ने कहा कि डिजिटल साक्षरता सरकार की प्राथमिकता में है एवं हमें ऑनलाइन सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करती है। साथ ही साथ सोशल मीडिया पर हम अपनी गोपनीयता को प्रतिबंधित कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अनामिका सिंह तथा डॉ. जितेंद्र भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल साक्षरता से हम हैकिंग एवं डिजिटल अरेस्ट से बचते हुए व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रख सकते हैं। आज के युग में साइबर सिक्योरिटी का बहुत ही महत्व है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. अनुज सिंह, डॉ. अभय नाथ ठाकुर, डॉ. ए.के.दीक्षित, डॉ.सिद्धांत मोहंता, डॉ. के.के सिंह सहित अन्य कई प्राध्यापक उपस्थित रहे। स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं में विजय कुमार, शिव, गिरजा, ओम कश्यप, शिवम सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना क्वार्सी क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब युवक किसी काम के चलते छत पर गया था। शोर शराबा सुनकर परिजनों के अलावा आसपास के लोग एकत्र हो गए। बिजली विभाग को सूचना देकर लाइन को बंद करवाया और युवक का शव तार से अलग करवाया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। आज युवक की मिट्टी लगाई जाइए। जानकारी के मुताबिक थाना क्वार्सी इलाके के। चिलकोरा निशात बाग में रहने वाले नूर हसन एएमयू में कर्मचारी हैं। उनके एक बेटी और 4 बेटे हैं। इनमे चौथे नंबर का 20 वर्षीय बेटा उतर था। उसने घर के पास में पिछले दिनों फास्ट फूड का कॉर्नर खोला था। बीती रात किसी काम के चलते मकान की छत पर गया। छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की छपेट में आ गया और करन्ट लग गया। उसकी चीख पुकार सुनकर परिजन और पड़ोसी भारी संख्या में एकत्र हो गए। घटना से इलाके के खलबली मच गई। बिजली विभाग को सूचना देकर हाईटेंशन लाइन से करंट बन्द करवाया। इसके बाद बिजली के तार से अलग किया। लेकिन जब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसी दौरान इलाका पुलिस भी हादसे की खबर पाकर मौके पर पहुँच गई।

# युवाओं को मानवीय मूल्यों से जोड़ने का माध्यम भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आगामी नवंबर माह में आयोजित होने वाले भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की तैयारी गायत्री परिवार द्वारा जोर-जोर से किया जा रहा है। गायत्री परिवार के सदस्यों ने शुक्रवार को कई विद्यालयों में जाकर परीक्षा के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जन जागरुकता के लिए गायत्री परिवार बलरामपुर के प्रतिनिधियों ने आज नगर के सिटी माण्टेसरी इण्टर कॉलेज बलरामपुर में व्यक्तित्व परिष्कार कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र व विद्यालय की प्रार्थना के साथ हुई। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने शिक्षा के साथ साथ विद्या के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि आज एकेडमिक स्तर बहुत ऊंचा हो गया हूं परन्तु हमारे नैतिकता में गिरावट हुई है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सदस्य सुनील कुमार वर्मा ने परीक्षा से जुड़ी जानकारी साझा की तथा वहां के प्रभारी शिक्षक सत्येन्द्र को परीक्षा फाइल आदि सामग्री प्रदान की। विद्यालय के प्रधानाचार्य के0 पी0 यादव को परीक्षा में योगदान तथा आगामी परीक्षा के लिए अधिक से अधिक छात्रों को प्रतिभाग के लिए शक्तिपीठ के परिवाजक राजकरन द्वारा साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में दिलीप कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार वर्मा तथा परिव्राजक राज करन का विशेष योगदान रहा।

## ऊपरी व मध्य गंगा नहरें आगामी आदेश तक बंद

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

पहाड़ों पर लगातार हो रही भारी बारिश के चलते गंगा नदी में सिल्ट (गाद) की मात्रा अत्यधिक बढ़ गई है। इसी कारण गंगा नदी से निकली ऊपरी गंगा नहर एवं मध्य गंगा नहर में सिल्ट जमा होने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई राजेन्द्र कुमार ने बताया कि नहरों को उनके उद्गम स्थल से आगामी आदेशों तक बंद कर दिया गया है। इस निर्णय का उद्देश्य नहरों में अत्यधिक सिल्ट जमा होने से रोकना है, जिससे उनकी साफ-सफाई एवं संचालन व्यवस्था प्रभावित न हो।

इस अस्थायी बंदी के कारण जिले में नहरों द्वारा की जाने वाली सिंचाई फिलहाल उपलब्ध नहीं हो सकेगी। जब तक गंगा नदी में सिल्ट की मात्रा सामान्य नहीं हो जाती, तब तक दोनों नहरों को पुनः चालू नहीं किया जाएगा। किसानों से अपील की गई है कि वे वैकल्पिक सिंचाई साधनों की व्यवस्था करें तथा विभाग द्वारा आगे जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# पद्मश्री विदुषी गीता महलिक के कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज एवं स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को महाविद्यालय सभागार में ओडिशी नृत्यांगना पद्मश्री विदुषी गीता महलिक का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उड़िया भाषा में प्रस्तुत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की कथा पर आधारित नृत्य देखकर सभी भाव विभोर हो गए।

जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री विदुषी गीता महलिक, प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह, संयोजक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, पूर्व सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह, स्पिक मैके देवीपाटन व बस्ती मंडल के ग्रुप कोऑर्डिनेटर लेफ्टिनेंट डॉ देवेंद्र कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया।

महाविद्यालय स्पिक मैके कोऑर्डिनेटर प्रो0 रेखा विश्वकर्मा मैम ने सभी का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने पद्मश्री विदुषी गीता महलिक, गायक हरि नारायण दास,मृदंग वादक प्रशांत मंगराज व वायलिन वादक अजहर शकील सहित सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि स्पिक मैके युवाओं में भारतीय शास्त्रीय संगीत व संस्कृति के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रयासरत है। पद्मश्री एवं संगीत नाटक अकादमी अवार्डी विदुषी गीता महलिक ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया कि ओडिसी, भारतीय शास्त्रीय नृत्यों में से एक है, जो ओडिशा राज्य में उत्पन्न हुआ। यह नृत्य शैली मंदिरों और धार्मिक मान्यताओं से जुड़ी हुई है और इसमें नृत्त (शरीर की अमूर्त भंगिमाएं) और नृत्य (भावों को व्यक्त करने के लिए चेहरे के भाव, हाथों के अभिनय और शरीर की गतिविधियों का उपयोग) दोनों शामिल हैं।

ओडिसी नृत्य धार्मिक मान्यताओं, विशेष रूप से वैष्णववाद और भगवान जगन्नाथ से जुड़ा हुआ है। यह आध्यात्मिक विचारों और कहानियों को व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि ओडिसी नृत्य में दो मुख्य मुद्राएं हैः- चौका, जो एक वर्गाकार मुद्रा है और त्रिभंग, जो एक स्त्री-सुलभ मुद्रा है, जिसमें शरीर गर्दन, मध्य और घुटनों पर मुड़ा हुआ होता है। कार्यक्रम के दौरान मंगलाचरण से ओडिशी नृत्य का शुभारंभ करने के साथ ही भूमि प्रणाम, त्रिखंडी प्रणाम व राग बसंत पल्लवी पर आधारित अभिनय मुद्रा की प्रस्तुति दी।

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की कथा पर आधारित रामायण का वर्णन अपनी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन वालेंटियर हर्षिता श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के समापन पर कलाकारों को महाविद्यालय की ओर से बुके, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रो0 एस पी मिश्र,प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी, प्रो0 विमल वर्मा,डॉ दिनेश मौर्य,डॉ तारिक कबीर, डॉ राजीव रंजन,डॉ आलोक शुक्ल, डॉ प्रखर त्रिपाठी, डॉ सद्गुरु प्रकाश, डॉ एस के त्रिपाठी,डॉ सुनील शुक्ल, डॉ शिव महेन्द्र, डॉ कृतिका तिवारी, डॉ अर्चना, डॉ शकुंतला, डॉ पी एन, डॉ के पी मिश्र, डॉ दिनेश तिवारी, डॉ के के सिंह, डॉ पंकज श्रीवास्तव, डॉ मोहम्मद अकमल, डॉ अनुज सिंह, डॉ पंकज गुप्त सहित सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# डीएम ने आमजन को ध्वज संहिता से कराया अवगत

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर सभी विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर 13 से 15 अगस्त के बीच हर-घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 08 लाख तिरंगा फहराए जाएंगे।

जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता के लिए डीएम ने कहा कि इसमें सभी विभागों की भूमिका अहम होगी। डीएम ने निर्देशित किया कि हर-घर तिरंगा आयोजन में सभी विभाग भागीदारी निभाएंगे। सीडीओ की अगुवाई में कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी सभी विभागों के अधिकारियों को सौंपी गई है। इस दौरान जिले भर में 08 लाख झंडा फहराने का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें नगर निगम, निकायों से लेकर ग्राम पंचायतों तक को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को अपने घर और शासकीय व व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। डीएम ने कहा कि तहसील स्तरपर एसडीएम एवं ब्लॉक स्तर पर बीडीओ नोडल अधिकारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास झण्डा रखा है और वह सुरक्षित है तो उसका प्रयोग कर सकता है। एनआरएलएम और डूडा को समूहों के माध्यम से झण्डों का निर्माण कराना है, जिसमें एनआरएलएम को 5.50 लाख और डूडा को 1.61 लाख झण्डे तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एमडीके बालिकाविद्यालय में हाइजीन किट का वितरण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमडीके बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को जैनस इनीशिएटिव्स के संस्थापक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव के जन्मदिवस के अवसर पर बी एच के एस बाल भारती इंटर कॉलेज, बलरामपुर के प्रांगण में बाल स्वच्छता दिवस के रूप में आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में एमडीके बालिका इंटर कालेज के प्रबंधक डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने सामाजिक जागरूकता बाल स्वच्छता दिवस सप्ताह के रूप में मनाते हुए बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी।

डॉ राकेश चंद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों को हाथ धोने के सही तरीके, साफ-सफाई की आदतें और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लिए बच्चों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों को हाईजीन किट भी वितरित की गई, जिसमें साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट, कंघी, नेल कटर मास्क आदि आवश्यक स्वच्छता सामग्री वितरण किया गया। बच्चों को यह सामग्री प्राप्त कर अत्यंत प्रसन्नता हुई।

डॉ. पंकज श्रीवास्तव यह मानना है कि, **समाज की असली सेवा तब होती है जब हम आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और जागरूक बनाते हैं। स्वच्छता की नींव बचपन से डालनी चाहिए, जिससे वे जीवन भर स्वच्छ और स्वस्थ रह सकें।**

डा0 अफजाल अहमद ने बताया कि बीमारियो से बचने के लिए अपने घर एवं परिवार मे स्वच्छता का वातावरण बनाना बहुत ही आवश्यक है। कालेज के प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जैनस इनीशिएटिव्स द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है। यह किट बच्चों के लिए न केवल उपयोगी सिद्ध होगी, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम भी है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर के अध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव, संजय शर्मा, उप सचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक, अभिभावक तथा स्थानीय स्वयंसेवकों ने भी सहभागिता की और इस पहल की सराहना की। अतिथियों में अनीता चौहान, बृजेश त्रिपाठी, प्रमोद श्रीवास्तव, लाल मणि पाठक, उमा पांडेय, आर0के0 द्विवेदी, मनीष कुमार, मोनिका श्रीवास्तव के साथ रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर का विशेष योगदान रहा है।

# युवक की हत्या में दो आरोपियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना खैर क्षेत्र में जमीनी रंजिश में हुई एक युवक की हत्या के मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है।एडीजे तृतीय प्रतिभा सक्सेना की अदालत ने दो दोषी बुजुर्गों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 51-51 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है।मामला 28 जनवरी 2006 का है जब खैर थाना क्षेत्र के गांव जरारा में गली में गंदगी करने को लेकर विवाद हुआ था। मानसिंह ने पहला मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें यादराम, उसके भाई पोप सिंह, विजयपाल और राजपाल को नामजद किया गया था।विवाद के दौरान आरोपी लाठी-डंडा और बंदूक लेकर आए और मारपीट शुरू कर दी।शोर सुनकर मोहल्ले के कल्लू और रिंकू भी मौके पर आ गए।इसी दौरान पोप सिंह ने बंदूक से गोली चलाई।मानसिंह बाल-बाल बच गए लेकिन कल्लू और रिंकू को 12 बोर के छर्रे लग गए।दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां कल्लू की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसके चेहरे, सीने और पेट में 12 बोर के छर्रे लगे थे। पुलिस ने मुकदमे को हत्या में तब्दील किया।अंतिम संस्कार के बाद कल्लू के पिता रामेश्वर ने एक और शिकायत दर्ज कराई। इसमें उन्होंने मानसिंह, खूबी सिंह, नेपाल सिंह और रामेश्वर पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने पहले दूसरा मुकदमा दर्ज करने से इनकार किया। 13 अप्रैल 2008 को हाई कोर्ट के निर्देश पर मानसिंह, खूबी, नेपाल और रामेश्वर पर हत्या का दूसरा मुकदमा दर्ज हुआ।

# रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक है: तहसीलदार सिंह

जन एक्सप्रेस। बस्ती



हरैया कस्बे में स्थित गजाधर सिंह अंगद सिंह एकेडमी के परिसर में भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से शुक्रवार को मनाया गया। स्कूली छात्राओं ने थाना प्रभारी हरैया तहसीलदार सिंह, पुलिस कर्मियों, प्रधानाचार्य, शिक्षकों और छात्रों को रक्षाबंधन बांधा। थाना प्रभारी ने कहा कि यह पर्व भाई - बहन के रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक है। भारतीय परम्पराओं का यह एक ऐसा पर्व है, जो भाई बहन के स्नेह के साथ-साथ हर सामाजिक सम्बन्ध को मजबूत करता है इस लिये यह पर्व भाई-बहन को आपस में जोड़ने के साथ-साथ सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व भी रखता है। उन्होंने कहा कि इस रक्षाबंधन को सामान्य धागा समझने की भूल मत करना, यह परस्पर प्रेम, त्याग और समय आने पर बहन की रक्षा के लिये सर्वस्व न्यौछावर करने का पर्व है। उन्होंने बताया कि द्रौपदी ने श्रीकृष्ण को धागा बांधा था और जब वह विपत्ति में फंसी तो उन्हें अपने भाई कान्हा की याद आई और कान्हा इतनी तीव्र गति से उनकी रक्षा के लिए बढ़े कि उनके वाहन गरुड़ भी उनसे पीछे रह गये। यह देखकर किसी कवि ने लिखा है की द्रौपदी तुम्हारा कैसा भाग्य है कि तुम्हारी रक्षा के लिए भगवान और भक्त के बीच होड़ लगी है। ऐसे अटूट संबंध का प्रतीक है यह रक्षाबंधन। प्रधानाचार्य सुभाष त्रिपाठी ने छात्रों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि रक्षाबंधन का पर्व विशेष रुप से भावनाओं और संवेदनाओं का पर्व है।

रक्षाबंधन को भाई-बहन तक ही सीमित रखना सही नहीं होगा, बल्कि ये ऐसा बंधन है जो किसी को भी प्रेम से बांध सकता है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षिकाओं संध्या तिवारी, सिमरन सिंह, अंजू श्रीवास्तवा, अंजलि की देख-रेख में राखी निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी बच्चों का प्रदर्शन काफी मनमोहक रहा। थाना प्रभारी एवं प्रधानाचार्य ने प्रतियोगी छात्र- छात्राओ का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूप से पंकज, दिनेश, अंजू, संध्या, सिमरन, बीनू, प्रवेश, खुशी, सोनी मुस्कान, सपना, मधु, वंदना, पूनम, सुधीर, अमित, कामना, निधि, अनीता, पद्मा संतोष, कैलाश, कल्पना, प्रभाकर आदि उपस्थित रहे।

# नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन, मरीजों को मिला परामर्श एवं दवाएं

जन एक्सप्रेस। बस्ती



शुक्रवार को भानपुर नगर पंचायत क्षेत्र के अमिलहवा चौराहे पर भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य नितेश शर्मा एवं नियो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त सहयोग से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन किया गया। निश्शुल्क शिविर में कुल 108 रोगियों की जांच कर दवा वितरित किया गया।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि यशकांत सिंह ब्लॉक प्रमुख रामनगर ने किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सब से बड़ा धन है। हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए।

कैंप में डॉ. शरद श्रीवास्तव के नेतृत्व में आठ सदस्यीय टीम ने रोगियों का ईसीजी, बीपी, शुगर आदि की जांच की और उचित परामर्श एवं दवा दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी का आयोजन रूरल अवेयरनेस फ़ॉर कम्युनिटी इवोल्यूशन एवं युवा विकास समिति के द्वारा किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. राम जी शुक्ल ने कहा कि अनियमित दिनचर्या और अनुचित खान पान के कारण हृदयरोग के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

कैंप में हृदयरोग से बचाव व ससमय उपचार के लिए लोगों को स्वास्थ्य जागरूक किया गया। बताया कि ब्लड शुगर एवं ब्लडप्रेशर का हृदयरोग से सीधा संबंध है। जी मचलना, सीने का दर्द, बाएं हाथ में दर्द, अनायास पसीना आना, छोटी छोटी बातों में घबराहट आदि हृदयरोग के लक्षण है। इस प्रकार की शिकायत रहने पर तुरंत ही चिकित्सीय परामर्श लेने का सलाह दिया। विलंब होने या लापरवाही करने डॉ. शरद श्रीवास्तव ने बताया कि खान-पान में घी, अत्यधिक मसाला, रेड मीट आदि का सेवन न करें। कहा कि नियमित योगा व व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है।

टीम में राजेंद्र बारी, कमला सिंह, बृजेश पांडेय, अमरनाथ तिवारी, प्रीति, कपिल देव पांडेय शामिल रहे। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम नाथ चौधरी, जिला मंत्री उमाकांत शुक्ल, सुरेंद्र सिंह, फूलराम वर्मा, दिलीप पांडेय, संतराम शर्मा, वीरू श्रीवास्तव, रामशंकर निषाद, चंद्रभान निषाद, विपिन कुमार, रामचंद्र, राम उजागिर, सावित्री, कलावती, लल्लू प्रसाद, यशोदा, विद्यावती, सियाराम दुर्गावती, दुर्गेश सुमित्रा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सकरदहरा स्कूल में राखी, मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। बस्ती



आदर्श प्राथमिक विद्यालय सकरदहा में रक्षाबंधन व मेहंदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर रंग- बिरंगी राखियों और मेहंदी की खुशबू से महक उठा। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों की प्रति जागरूकता और कलात्मक अभिव्यक्ति को विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद व प्रधानाचार्य योगेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुई।

मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने हाथ पर पारंपरिक एवम आधुनिक डिजाइनों की कलाकृतियां उकेरी।

छात्राओं की रचनात्मकता और कला को देखकर वहां मौजूद सभी खासे प्रभावित हुए। मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन अनीता सिंह व पिंकी शुक्ला के देखरेख में में हुआ जबकि राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन सहायक अध्यापक राजेश कुमार और विकास निगम की देखरेख में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षाबंधन त्यौहार भाई- बहन का अटूट विश्वास का त्यौहार होता है।

ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में आयोजित होना चाहिए, जिससे बच्चों की प्रतिभा निखार आ सके। विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेश कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्र-छात्राओं में छुपी प्रतिभा को मंच मिलता है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आयोजन विद्यालय के लिए एक यादगार क्षण बन गया ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने के साथ एकता और सद्भावना का संदेश भी मिलता है। मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में रिया प्रथम व अंजू वर्मा को दूसरा स्थान मिला। कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद, समाज सेवी अतुल सिंह, ग्राम पंचायत सचिव शालिनी गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि अशोक शुक्ला, एआरपी काशीराम वर्मा सहित तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

## जौनपुर में गोमती नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जलस्तर बढ़ने से प्रशासन दिखा अलर्ट सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नदन कुमार सिंह ने किया निरीक्षण गोपीघाट सहित विभिन्न स्थानों का किया निरीक्षण नदी किनारे न जाने की सभी से प्रशासन ने किया अपील गोमती नदी के बढ़ते हुए जलस्तर मौके पर पहुंचे जायजा लेने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट वहां पर कुछ लोग सेल्फी ले रहे थे उनका प्रशासन के द्वारा मना किया गया खतरा के निशान पर न जाए आप लोग जहां पर कोतवाली थाना के पुलिस मौके पर पहुंच का लोगों को किनारे जाने से रोका लगातार गोमती नदी का जलस्तर बढ़ता है।

# बारिश से बदहाल रामपुर नगर, हर वर्ष इस समस्या से जूझता है थाना रामपुर, फिर भी नहीं हुआ कोई सुधार





जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जिले की रामपुर नगर पंचायत की बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने साफ सफाई की पोल खोल दिया है। बारिश का पानी पुरानी बाजार से लेकर रामपुर थाने तक एक एक घर में डूब चुका है। नगरवासी पानी घर से बाहर निकालने के लिए परेशान है। घरों में सांप बिच्छू एवं अन्य जहरीले जीव जंतुओं का निवास बन चुका है। गुरुवार की रात से ही मूसलाधार बारिश लगातार शुरू रहने के कारण रामपुर नगर पंचायत की पुरानी बाजार नई सड़क बरसठी रोड एवं रामपुर थाना पानी पानी हो गया है। मूसलाधार बारिश ने रामपुर नगर पंचायत के सफाईकर्मियों की सफाई का पोल खोल कर रख दिया है। नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की कोई भी सफाई का दावा काम नहीं कर रहा है। जगह-जगह कुड़े कचरों की ढेर ने नालियों को पूरी तरह जाम कर दिया है। जिसके कारण नगरवासियों को घरों में पानी भरकर नदी जैसा बन गया है। पुरानी बाजार में स्थित नगरवासी सोहराब, विजय जायसवाल, रमेश, मनोज, राजेश प्रजापति, गोपी चंद जायसवाल, असरफ अली, मोहम्मद अली जाबिर अली, राजकुमार, विक्की तिवारी, अजय जायसवाल सहित तमाम व्यापारियों के घर में पानी घुसा हुआ है। घर में पानी घुसने के साथ जहरीले जीव जंतु भी घरों के अंदर कुलाटे खा रहे हैं जिसके कारण बच्चे देखकर भयभीत हो रहे हैं। अभिभावक इन जहरीले जीव जंतुओं से अपने बच्चों को बचाने की जुगत में भी लगे हुए हैं। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल चुप्पी साधे हुए हैं। अपने-अपने वार्ड के सभासद नगर वासियों के घरों में पानी घुसने के कारण परेशान दिखाई पड़ रहे हैं। नगरवासियों की तरफ से उनकी वोट खिसकती नजर आ रही है। जिसके कारण नगर के सफाई कर्मियों पर सभासदों का गुस्सा उतर रहा है। बरसठी रोड पर निकासी की व्यवस्था सही नहीं होने के कारण वहां पानी भरकर नाले का रूप ले चुका है लोग इसी पानी से अंदर जाकर बाहर निकल रहे हैं। सबसे मजेदार बात यह है कि रामपुर थाना परिसर भी मूसलाधार पानी के चलते डूब चुका है अभी थाना के अंदर घुटने भर पानी है जिसमें से फरियादी हो अथवा पुलिसकर्मी हो सभी बिना चप्पल के और अपने कपड़ों को उठाकर थाने के अंदर प्रवेश कर रहे हैं। अगर इसी तरह मूसलाधार बारिश शुक्रवार को भी हो गई तो पूरा पानी मालखाने से लेकर कार्यालय तक को अपनी चपेट में ले लेगा जिससे काफी नुकसान होगा, फिर भी मूसलाधार बरसात को लेकर पुलिसकर्मी सतर्क हो गए हैं और रजिस्टरों को कार्यालय से दूर हटाना शुरू कर दिया है। नगर पंचायत द्वारा थाने के अंदर भूगर्भ में पानी जाने के लिए बनवाया गया है लेकिन थाने में पानी इकट्ठा होने के कारण वह भी बेकार साबित हो रहा है।

रामपुर थाना के अंदर पानी होने की खबर जैसे ही ग्रामीणों की लगी थाना के अंदर पहुंचे देखने के लिए।

# उर्मिला एजुकेशनल की छात्राओं ने डीआईजी बस्ती को बांधा रक्षा बंधन



जन एक्सप्रेस। बस्ती

शुक्रवार को उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी की छात्राओं ने डीआईजी संजीव त्यागी को रक्षाबंधन बांधकर आशीर्वाद लिया।डीआईजी ने छात्राओ का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि रक्षा का यह धागा साधारण नहीं हैं, इसमें भाई-बहन का प्रेम, विश्वास और भरोसा बंधा हुआ है। उन्होने छात्राओं को उपहार भेंट किया।

एकेडमी के प्रबंधक धीरेन्द्र शुक्ल, प्रबन्ध निदेशक विनय शुक्ला ने बताया कि विद्यालय में सभी पर्व, त्यौहार उल्लास के साथ मनाये जाने के साथ ही शिक्षकों द्वारा छात्रों को उनके महत्व से भी परिचित कराया जाता है। डीआईजी संजीव त्यागी को रक्षाबंधन बांधने वाली छात्राओं में एकेडमी की ओजस्वी सिंह,अपूर्वा पटेल, कृतिका पाण्डेय, श्रेयांशी पाण्डेय, आराध्या सिंह, रीत कसौधन शामिल रही। उनके साथ शिक्षक श्रुति चौधरी और अमन मिश्र ने मार्ग दर्शन किया।

# भारी बारिश से सीमेंट शेड सहित दीवार ढही

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर में बीती रात हुई बारिश के चलते गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ। सड़क किनारे कई पेड़ गिर गए। लोगों के घरों में पानी घुस गया ।निचले हिस्से में स्थित मुख्य मार्ग पानी और कीचड़ से पूरी तरह लबालब हो गया। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर की सड़कों की नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने लगा। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

इलाके के गोविंदपुर मनिहा गांव में गुरुवार की रात हुई भारी बारिश के चलते एक महिला सीमेंट शेड दीवार सहित गिर जाने से उसके नीचे घायल हो गई।

जब वह उसके नीचे सो रही थी। गोविंदपुर मनिहा निवासी आशा सिंह 50 अपने सीमेंट शेड के कमरे में सो रही थी।

भारी बरसात के चलते गुरुवार की रात डेढ़ बजे दीवार सीमेंट शेड से सहित भरभरा कर गिर गई। जिससे उसके नीचे सो रही आशा देवी दबकर घायल हो गई।

चीख पुकार सुनकर पहुंचे परिजन उन्हें उपचार हेतु स्थानीय निजी चिकित्सक के यहां ले गए। सूचना देने के बाद भी राजस्व विभाग का किसी भी कर्मचारी ने मौके पर पहुंचना उचित नहीं समझा।

# लायंस क्लब जौनपुर गोमती द्वारा राखी मेकिंग कंपटीशन का आयोजन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

लायंस क्लब जौनपुर गोमती द्वारा राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को सदानंद सरस्वती शिशु मंदिर नखास में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 130 छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता और कलात्मक कौशल विकसित करने के साथ ही भाई बहन के रिश्ते को दिल से समझने और रिश्ते की डोर को मजबूती देने की एक अनोखी पहल है। प्रतियोगिता में छात्रों को अपनी पसंद की सामाग्री उपयोग करके राखी बनाने के लिए कहा गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय का पुरस्कार दिया गया। अन्य छात्रों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में पेंसिल बॉक्स, कलर व अन्य स्टेशनरी सामान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर व पुरस्कार प्राप्त कर बच्चे बहुत ही खुश हुए। बच्चे रंगीन धागे, मोती,बटन, स्टोन, रंगीन कलर फोम के कट जैसी चीजों से बड़े उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों की कला को देखते हुए मनीष गुप्ता ने बच्चों को राखी के पर्व पर उसकी विशेषता बताई और उनका उत्साह और हौसला बढ़ाया। इसी उपलक्ष में रीजन चेयरपर्सन प्रतिमा गुप्ता ने भी भाई बहन के इस सुंदर त्यौहार का महत्व समझाया। अध्यक्ष डा राजेश मौर्या ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। धन्यवाद व आभार सचिव खुशबू गुप्ता द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में संयोजक गणेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष नूपुर सिंह, डा सुलोचना सिंह, धीरज गुप्ता, डॉ रश्मि मौर्या, गौरव श्रीवास्तव, देवेश गुप्ता, सुनील कश्यप, प्रियंका गुप्ता, धनंजय पाठक, अजय श्रीवास्तव, विद्या भारती के संभाग निरीक्षक कमलेश, प्रधानाचार्य शिरीष पाठक उपस्थित रहे।

# बदलापुर नगर पंचायत में 3 करोड़ की लागत से 64 इंटर लॉकिंग सड़कों का होगा निर्माण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

विभिन्न वार्डों में होगा विकास, वार्ड नं 6 में बनेगा स्नान घर बदलापुर नगर पंचायत बदलापुर में विकास कार्य के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति शासन से की गयी है। विभिन्न वार्डों में विकास कार्य के लिए कुल 64 नए इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य होगा। यह निर्माण कार्य हो जाने से नगरवासियों को आने-जाने में सुविधा हो जायेगी। यह नगर के विकास की सबसे बड़ी सौगात है।

नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह ने बताया कि 15 वार्डों में विभिन्न बस्ती में 64 नए इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का सौगात मिला है। इसमें कुछ वार्डों में नाली का भी निर्माण कार्य कराया जायेगा। वार्ड नम्बर 6 तखागंज में स्नान घर व वार्ड नं 1 सरोखनपुर में संग्राम बालिका विद्यालय से हेमा नर्सिंग होम तक एक बड़ी नाली निर्माण का भी सौगात मिला है। उन्होंने बताया कि जल्द ही भूमि पूजन कार्य कराकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। और उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नगर विकास मंत्री एके शर्मा तथा विधायक रमेशचन्द्र मिश्र के प्रति आभार व्यक्त किया है। वार्ड नं 1 में चिंतामणि खरवार के मकान से चंचल खरवार, वार्ड नं 2 हंकारपुर में मौर्य बस्ती से बब्बन शुक्ल, वार्ड नं 3 बरौली में कमला के मकान से अनुपम के मकान, वार्ड नं 4 सरोखनपुर में संदीप गुप्ता के मकान से अरविंद मिश्रा के घर के आगे तक, वार्ड नं 5 भलुआही में जियालाल के मकान से लालसाहब के मकान तक आदि वार्डों में 64 नए इंटर लॉकिंग वा नाली का निर्माण किया जायेगा। यह बदलापुर के लिए सबसे बड़ी सौगात मिली है। चेयरमैन प्रतिनिधि वैभव सिंह ने अपनी फेसबुक पर पोस्ट व वाट्सएप भेजकर लोगों को जानकारी दी।

# बीडीओ ने हर घर तिरंगा को लेकर की बैठक

## नागरिकों से अपील, तिरंगे को सम्मानपूर्वक अपने घरों पर लगाएं

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर धर्मापुर विकास खंड के बीडीओ कृष्णमोहन यादव ने ब्लाक कार्यालय में सचिवों के साथ बैठक की। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर निर्देश देते हुए बताया कि 13 से 15 अगस्त सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों और आम नागरिकों के घरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। सभी नागरिकों से अपील है कि वे तिरंगे को सम्मानपूर्वक अपने घरों पर लगाएं। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के मौके पर मौन तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। स्कूल, कालेजों और अन्य संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर विभाजन की पीड़ा को स्मरण किया जाएगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर भव्य रूप से तिरंगा फहराया जाएगा। सभी सरकारी, निजी कार्यालय, पंचायत भवन, सहकारी समितियां और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान का आयोजन किया जायेगा।

बीडीओ ने ब्लाक में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। अधूरे पड़े आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी एडीओ पंचायत राजेश यादव, एडीओ आईएसबी राकेश रोशन, सचिव माता प्रसाद, रामकृष्ण पाल, अरविंद यादव, विपिन राय, स्वतंत्र कुमार, अखिलेश, श्रुति गुप्ता, चंद्रजीत यादव, मनीषचंद्र, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# जंगल में छिपा था हिस्ट्रीशीटर, पुलिस को देखते ही झोंकी फायरिंग

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर



मिर्जापुर जिले की अहरौरा पुलिस ने वनस्थली विद्यालय के पास से शुक्रवार की सुबह मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर व इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है। उसके पास से छह मोबाइल फोन, 5500 रुपये, एक तमंचा, कारतूस बरामद किया। अहरौरा थानाध्यक्ष अजय सेठ को सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर हिस्ट्रीशीटर व 20 हजार का इनामी अपराधी थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत वनस्थली विद्यालय के पास स्थित जंगल में छिपा है। इस पर अहरौरा पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई।

इस दौरान अपराधी द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए जंगल की तरफ भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई, जिसमें जिला बदर हिस्ट्रीशीटर अपराधी के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल अपराधी जावेद निवासी दुर्गा जी पहाड़ी नई बस्ती थाना अहरौरा को इलाज हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया।

### ट्रक के केबिन में घुसकर करता था चोरी

अपराधी जावेद टोल टैक्स तथा ढाबों के आसपास रात में खड़ी ट्रक के शीशे में लगी रबर को ब्लेड से काट कर शीशा निकालकर ट्रक के केबिन में प्रवेश कर सो रहे ड्राइवर की जेब व केबिन में रखे हुए मोबाइल, रुपये को चुरा लेता है। इसके गैंग में इसके अतिरिक्त पांच अन्य सदस्य हैं। जिसमें से चार सदस्यों की गिरफ्तारी सात अगस्त को हुई। उनके कब्जे से भी मोबाइल फोन व रुपये बरामद हुए हैं। अभियुक्त द्वारा 24 से अधिक घटना करना बताया है। जावेद पूर्व में लूट तथा चोरी में भी जेल जा चुका है।

# दो रेलवे लाइन के बीच में मिला अज्ञात युवक का शव



जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

मिर्जापुर जिले में विंध्याचल थाना क्षेत्र के भटेवरा गांव के सामने नई रेल लाइन व पुरानी रेल लाइन के बीच झाड़ी में शुक्रवार की सुबह एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अष्टभुजा पुलिस चौकी प्रभारी शव का शिनाख्त कराने में जुट गए।

शुक्रवार की सुबह विंध्याचल थाना क्षेत्र के भटेवरा गांव के सामने पुलिया के पास डीएफ सीलाइन व पुरानी रेल लाइन के बीच झाड़ी में शव देख लोगों ने अष्टभुजा पुलिस चौकी पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने में जुट गई। मृतक लाल रंग का टी-सर्ट व काला रंग का पैंट पहना था। मामले को लेकर थानाध्यक्ष विंध्याचल वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि नई रेल लाइन पर आ रही ट्रेन से टकराने के कारण युवक की मौत हुई है। पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

# हर घर तिरंगा- 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन






जन एक्सप्रेस। जौनपुर

राजभवन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा - 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत रज्जू भइया संस्थान, विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रभक्ति की भावना को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में विधि विभाग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि तृतीय स्थान फार्मेसी विभाग की टीम ने हासिल किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी- प्रियांशी मौर्या, अपर्णा उपाध्याय, प्रतीक्षा शुक्ला, पारुल गुप्ता, प्रिया सोनी, प्राची जैसवाल, खुशी कनौजिया, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी- शिवानी पांडेय, रानी सिंह, पूजा बिन्द, साक्षी यादव, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी- खुशी शर्मा, लक्ष्मी प्रजापति, सौम्या मौर्या, काजल यादव, जिज्ञासा विमल, सृजन मौर्या रहीं।

कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डा. वनिता सिंह एवं डॉ. पूजा सक्सेना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह आयोजन विश्वविद्यालय परिवार के लिए न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव रहा, बल्कि देशभक्ति एवं रचनात्मकता के संगम का प्रतीक भी बना।

# रोडवेज बस पर गिरा गूलर का पेड़, चार महिलाओं सहित पांच की दर्दनाक मौत



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

हैदरगढ़ रोड पर हरख के निकट रोडवेज बस पर गूलर का पेड़ गिर जाने से दो महिला एडीओ एक शिक्षिका, बस ड्राइवर व एक अन्य महिला यात्री की दर्दनाक मौत हो गई और एक घायल महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व जैदपुर विधायक गौरव रावत ने मौके पर पहुँचकर जानकारी प्राप्त की। उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम की अनुबंधित बस शुक्रवार की सुबह साढ़े दस बजे यूपी 41 एटी 7033 सवारियों को लेकर बाराबंकी बस स्टॉप से हैदरगढ़ के लिए रवाना हुई थी। यात्रा के दौरान बाराबंकी-हैदरगढ़ मार्ग पर हरख के समीप राजाबाजार में सड़क किनारे स्थित एक गूलर का पेड़ भारी बारिश के कारण अचानक बस पर गिर पड़ा, जिससे बस क्षतिग्रस्त हो गई औ यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुँचा। तत्काल कार्रवाई करते हुए घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। बस में मौजूद शेष यात्रियों को भी मौके पर प्राथमिक उपचार कर उन्हें सुरक्षित उनके गंतव्य तक भेजा गया। सड़क हादसे में भिटरिया के जेठौती निवासी बस चालक संतोष कुमार पुत्र देव नारायण उम्र 40 वर्ष, जनपद रायबरेली के भिखीपुर इन्हौना निवासी रफीकुन निशां पत्नी मो अली उम्र करीब 75 वर्ष देवा दर्शन के लिए आयी थी। नगर कोतवाली के मोहल्ला गुलरिया गार्दा निवासी शिक्षिका शिक्षा मेहरोत्रा पत्नी विनय कुमार उम्र 55 वर्ष, हरख ब्लॉक में एडीओ एसटी के पद पर कार्यरत जूही सक्सेना पुत्री मदन मोहन सक्सेना उम्र 28 वर्ष जो कि शहर के राजकमल रोड निकट संतोषी माता मंदिर व नगर कोतवाली के उत्तर टोला बंकी निवासी मीना श्रीवास्तव पत्नी दुर्गेश कुमार उम्र 35 वर्ष जोकि हरख ब्लॉक के एडीओ डब्ल्यू के पद पर तैनात थी। थाना कोठी निवासी कोटवा की शैल कुमारी पत्नी सुधीर कुमार उम्र 36 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने स्वयं घटना स्थल पर पहुँचकर राहत कार्यों की निगरानी की तथा घायलों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की। राहत एवं बचाव टीम द्वारा क्षतिग्रस्त पेड़ को हटाकर सड़क मार्ग को शीघ्र साफ कराया गया, जिससे यातायात पुनः सुचारु हो गया। बस में 60 यात्री थे शेष सभी को सुरक्षित रूप से निकालकर उनके घर भेजने की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि मृतकों के परिजनों को परिवहन निगम के माध्यम से 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## मृतक के परिजनों को जिला प्रशासन देगा 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद



### पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे सतीश, परिजनों के पोछे आंसू

शुक्रवार सुबह हैदरगढ़ रोड पर परिवहन विभाग की अनुबंधित बस पर चलते समय सड़क किनारे लगा गूलर का पेड़ गिर जाने से उसके नीचे दबकर चार महिला यात्रियों और एक चालक की दर्दनाक मौत की सूचना जैसे ही प्रदेश के राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने पायी सूचना मिलते ही सतीश शर्मा पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये। मृतकों के परिजनों से उन्होने सारी घटना जानी और मृतक परिजनों के आंसू पोछे। इस मौके पर सतीश शर्मा ने कहा कि यह हादसा एक दर्दनाक हादसा है भगवान करें आगे कभी इस तरह के हादसे ने हों। हादसे से मृतकों के परिजन तो दुखी हैं ही साथ ही मैं जिसने भी इस घटना का सुना और देखा वह भी दुखी हो गया। उन्होने मृतकों के परिजनों को आश्वासन दिया कि सरकार आपके साथ में खड़ी है शासन स्तर से हर सम्भव मद्द की जायेगी। श्री शर्मा के साथ में जवाहर लाल वर्मा, निजी सचिव प्रदीप द्विवेदी, अधिवक्ता सुरेश गौतम, रमन लाल द्विवेदी, विकास खण्ड हरख की खण्ड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा सहित विकास खण्ड के अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सभी की आंखे नम थी।

### ट्रामा सेंटर पहुंचे गोप, घायलों का देखा हाल

बाराबंकी। विधानसभा जैदपुर के ब्लॉक हरख क्षेत्र के राजा बाजार मे रोडवेज की अनुबंधित बस पर पेड़ गिरने से चार महिलाओं एवं एक पुरुष सहित पांच लोगों के निधन की दुखद सूचना प्राप्त होने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला अस्पताल स्थित ट्रामा सेंटर पहुंचकर घायल का हाल जान ईश्वर से शोकसंतप्त परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति एवं दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# हत्या का वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

### एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया?



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा हत्या के वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। दिनांक 06.08.2025 को मुकदमा वादी पीर मोहम्मद पुत्र स्व0 मो0 जलील निवासी यूपी टेनरी मलिन बस्ती थाना जाजमऊ कानपुर नगर हाल पता 16 बिगहा थाना गंगाघाट उन्नाव द्वारा थाना गंगाघाट पर तहरीरी सूचना दी गई कि दिनांक 06.08.2025 को समय करीब 21.00 बजे कमल हसन, कमल हसन का मामा भूरे, मनीस, एजाज और कुछ अज्ञात लोग नैकानी बिल्डिंग के पीछे आए और मेरे लड़को नवाब उर्फ फैस आलम, सुल्तान आलम को मिलने के लिए बुलाया और पुरानी रंजिस को लेकर दोनों लड़कों को जान से मारने कि नियत से चाकू से गोद कर बुरी तरह से घायल कर दिया। सूचना पर थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गंगाघाट पर मु0अ0सं0 465/25 धारा 109(1)/ 191(2)/ 191(3)/ 190 बीएनएस बनाम कमल हसन पुत्र अज्ञात, कमल हसन का मामा भूरे पुत्र अज्ञात, मनीष पुत्र अज्ञात, एजाज पुत्र अज्ञात निवासीगण-अज्ञात, कुछ अज्ञात लोग नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया। जिसमे विवेचना ज्ञात हुआ कि घायल नवाब उर्फ फैज आलम को डाक्टरों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया तथा घायल सुल्तान आलम का इलाज हैलट अस्पताल कानपुर में चल रहा है। जिससे मुकदमा उपरोक्त में धारा 103(1)/ 3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। आज दिनांक 08.08.2025 को प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त भूरे उर्फ छोटू पुत्र मुमताज निवासी 16 बीघा पीपर खेड़ा जाजमऊ गंगाघाट उन्नाव स्थाई पता तौरा थाना पुरवा जनपद उन्नाव उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा एक अन्य बाल अपचारी उम्र करीब 17 वर्ष को पुलिस संरक्षण में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 प्रमोद कुमार मिश्रा, उ0नि0 श्री रविशंकर पाण्डेय, उ0नि0 विनय कुमार यादव, हे0का0 अख्तर अली, का0 राजू सरोज, का0 राजू मौर्य, का0 प्रिय प्रकाश, का0 दीपांशु यादव मौजूद रहे।

## शारीरिक दक्षता एवं लिखित परीक्षा के आधार पर हुआ कैडेटों का चयन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। कस्बे के श्यामलाल इंटर कालेज में एनसीसी प्रथम वर्ष की भर्ती प्रक्रिया शुक्रवार को पूर्ण हुई। कैडेटों का चयन शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा के आधार पर किया गया। यह भर्ती कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक पांडे के दिशा निर्देश में आयोजित की गई। जिसकी पूरी प्रक्रिया की देखरेख 57 यूपी बटालियन के सूबेदार मेजर नवीन चंद्र और पीआई स्टाफ ने की। उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता और मेडिकल जांच सूबेदार कविंद्र चंद्र तिवारी ने ली। योग्य छात्रों के लिए दौड़ का आयोजन किया गया। जिसे नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी और प्रवक्ता धर्मेश प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। दौड़ में सफल छात्रों की लिखित परीक्षा ली गई। भर्ती अधिकारी कैप्टन संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि चयनित कैडेटों को दो साल तक सेना के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान एक सीएटीसी कैंप करना अनिवार्य होगा। जिसके बाद बी प्रमाणपत्र की परीक्षा कराई जाएगी। मेडिकल जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज से डॉक्टर पंकज के नेतृत्व में एक टीम भी उपस्थित रही। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.अनूप सिंह समेत अन्य शिक्षक एवं एनसीसी कैडेट भी मौजूद थे।

# बस यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर मदद के लिए दौड़ पड़े दुकानदार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जैदपुर। बाराबंकी डिपो की बस 60 यात्रियों को लेकर हैदरगढ़ जा रही है। तभी हरख ब्लाक से दो सौ मीटर की दूरी पर अचानक बस के आगे हिस्से पर गूलर का पेड़ भरभरा कर गिर पड़ा। पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर पास में कोचिंग कर रहे छात्र और दुकानदारों के साथ आसपास के ग्राम बस के पास पहुंचे तो देखा बस में सब जान बचाने के लिए चिल्ला रहे हैं। आनन फानन में प्रत्यक्षदर्शियों ने बस के शीशे तोड़कर अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। तबतक ज़ैदपुर पुलिस के साथ अन्य थाना क्षेत्र की पुलिस, वन विभाग की टीम के साथ हरख गाँव के काफी ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। बस पेड़ गिरा होने से उसकी कटाई में काफी समय लग रहा था। बस के आगे के हिस्से से जब पेड़ को हटाया गया तो उसके अंदर दबने से बस चालक व चार महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। जिसमें दो महिला एडीओ पंचायत व शिक्षका के साथ एक महिला यात्री शामिल है। जबकि आधा दर्जन भर लोग घायल हैं जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। शुक्रवार रात्रि से मूसलाधार तेज़ बारिश हो रही थी। सुबह के साढ़े दस बजे के करीब ज़ैदपुर थाना क्षेत्र के हरख गाँव के राजबाज़ार के पास बाराबंकी डिपी की बस संख्या यूपी 41 एटी 7033 पर एक गूलर का मोटा पेड़ बस के आगे के हिस्से पर गिर गया।

पेड़ गिरने की आवाज़ सुनकर पास में कोचिंग पढ़ रहे छात्र और ग्रामीणों के साथ दुकान पर मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए। बस में फंसे लोग जान बचाने की अंदर से गुहार लगा रहे थे। मौजूद लोगों ने बस यात्रियों की जान बचाने के लिए खिड़की के शीशे तोड़ कर बाहर निकाल रहे रहे। तब तक ज़ैदपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, सतरिख थाना प्रभारी डीके सिंह व कोठी थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, वन विभाग की टीम के साथ हरख प्रधान प्रतिनिधि चट्टान सिंह, पेड़ काटने वाले नसीम, कन्हैया लाल व पास में कोचिंग करने वाले छात्रों आदि ने काफी मेहनत कर बस के अंदर दबे लोगों को बाहर निकाला। जिसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जिसमें बस चालक संतोष कुमार (35) सोनी नई सड़क थाना कोठी, रकीबुन निशा (50) पत्नी मो अली निवासी भीजीपुर थाना इन्हौना जिला अमेठी देवा शरीफ से लौटकर अपनी बहू व बेटी के साथ घर जा रही थी। शिक्षिका शिक्षा मलहोत्रा (45) पत्नी विजय कुमार मल्होत्रा निवासी गुलरिहगदा नगर कोतवाली,हरख ब्लाक में तैनात एडीओ पंचायत सांख्यकी जूही सक्सेना (30) पुत्री मदनमोहन सक्सेना निवासी मोहल्ला राजकमल शहर,एसडीओ पंचायत महिला के पद पर तैनात मीना श्रीवास्तव (52) कस्बा बंकी नगर कोतवाली शामिल हैं।

घटना के बाद मौके पर जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी, एसडीएम संदीप तिवारी, सीएमओ डॉ अवधेश कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ट्रैफिक पुलिस के साथ काफी ग्रामीणों ने बस से पेड़ काटने में मदद की है।

# बुनकर लें सरकारी योजनाओं का लाभ: दिव्या रॉय

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



जैदपुर बाराबंकी के मोहल्ला शाह कटरा स्थित हमजा मैरिज हॉल में 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नाबार्ड के माध्यम से बुनकरों के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नाबार्ड की डीडीएम दिव्या रॉय ने किया। उन्होंने बुनकरों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ हर बुनकर को लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार बुनकर समाज के उत्थान के लिए विभिन्न फायदेमंद योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं में मुख्य रूप से सीएम योजना शामिल है, जिसमें 5 लाख रुपये का प्रावधान है। इसके तहत सरकार बुनकरों को 50,000 रुपये की छूट देती है। साथ ही प्रधानमंत्री हैंडलूम योजना के हथकरघा योजना, सिलाई मशीन योजना अंतर्गत धागे पर 15 प्रतिशत की छूट भी दी जाती है। कार्यक्रम के आयोजक अंसार हैंडलूम के अध्यक्ष जफर अंसारी ने महिला बुनकरों के साथ युवाओं को सम्मानित किया। उन्होंने डीडीएम दिव्या रॉय से बुनकरों के हित में मांग की कि सरकार उनके आवास और कारखानों में टीन शेड की सुविधा मुहैया करवाए, जिससे बरसात में बुनकर पानी से बच सकें। इस अवसर पर मोहम्मद शमी, जुबेर, अब्दुल मुफ्तलिब, जफरुल हसन, अल्ताफ, सभासद अबसार, अजीम, अलीम, शफीक, रूमान अंसारी सहित अनेक महिला बुनकर भी मौजूद रहीं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का डीएम और एसडीएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 53 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। इससे तराई क्षेत्र के गांवों की स्थिति बिगड़ती जा रही है। एल्गिन ब्रिज पर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे जल स्तर 106.600 मीटर दर्ज किया गया। यहां खतरे का निशान 106.070 मीटर है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उनके साथ नायब तहसीलदार दिनेश पांडेय और राजस्व टीम भी मौजूद थी। अधिकारियों ने तेलवारी, गोबरहा और सनावा गांवों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।अलीनगर रानीमऊ तटबांध और सनावा बाढ़ राहत केंद्र पर उपजिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी। विशेष रूप से बच्चों को नदी या जलभराव वाली सड़कों पर न जाने देने की हिदायत दी गई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नावें तैनात कर दी गई हैं। तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने सनावा गांव का निरीक्षण किया। सनावा, टेपरा पासिन और टेपरा कुर्मिन में पानी गांव और सड़कों पर भर गया है। अधिकारियों ने पूर्व प्रधान सुधीर सिंह और मंगल प्रसाद यादव से स्थिति पर चर्चा की। सिरौलीगुंग के प्रधान प्रतिनिधि और ग्राम सचिव अरविंद कुमार यादव से भी बाढ़ के हालात पर विचार-विमर्श किया गया। शुक्रवार को शारदा बैराज से 288019 क्यूसेक पानी छोड़ा जा गया। प्रशासन स्थिति पर नजर रखे हुए है और आवश्यक कदम उठा रहा है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह ने बताया कि जहां नाव की जरूरत है वहां नाव लगाई जा रही है तथा ग्रामीणों को जागरूक किया गया और बच्चों को पानी से दूर रखने की लिए कहा गया।

### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समारोह 2025 कार्यक्रम की शुरुआत की गई, सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें संस्कृति विभाग के कलाकारों ने काकोरी ट्रेन ऐक्शन से जुड़े क्रांतिकारियों की स्मृति में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। काकोरी ट्रेन एक्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व विभिन्न स्कूलों के शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### दो महिला अधिकारियों की मौत पर ब्लाक में पसरा सन्नाटा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर। शायद अपने हरख ब्लाक कार्यालय के गेट पर पहुंचने की सोच रहीं होगी। तभी कार्य क्षेत्र से महज दो सौ मीटर की दूरी पर दो महिला अधिकारियों की एक साथ मौत से ब्लाक के कर्मचारियों के साथ ग्राम प्रधान व सब सहम गए हैं। जिस बस पर गूलर का पेड़ गिरने से चालक व चार महिलाओं की मौत हुई है। उसमें हरख ब्लाक कार्यालय में तैनात एडीओ पंचायत महिला मीना श्रीवास्तव (45) व एडीओ पंचायत सांख्यिकी जूही सक्सेना (28) भी शामिल हैं। अक्सर यह लोग तकनीक सहायक आफ़ताब आलम व अभिनव तिवारी के साथ कार से ब्लाक आती थी। लेकिन शुक्रवार को आफ़ताब आलम नही आए तो यह लोग बस से ब्लाक के लिए एक साथ निकली थी। और एक साथ दोनों महिला अधिकारी की मौत से ब्लाक के कर्मचारी काफी सदमें में हैं। ब्लाक की दो महिला अधिकारियों की मौत के बीडीओ प्रीति वर्मा व ब्लाक प्रमुख रवि रावत ने अन्य कर्मचारियों के साथ घटना स्थल, जिला अस्पताल के साथ पोस्टमार्टम पहुंची। हरख ब्लाक प्रधान प्रतिनिधि चट्टान सिंह वर्मा, एडीओ पंचायत बृजेश कुमार, एडीओ आइएसबी आलोक सिंह, सचिव नवीन राय, के के सिंह, अमित कुमार, कंचन मिश्रा, प्रदुम कुमार, बीना, अक्षिता अस्थाना, दिनेश पटेल, नवीन कुमार, आकाश पटेल, आफ़ताब आलम, मो ताहा, अरुण मिश्रा, शिवबदन, विजय मिश्रा, अतुल वर्मा, प्रधान अयोध्या प्रसाद यादव, मो. सलमान आदि ने महिला अधिकारी के निधन पर शोक जताया है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, पिता-पुत्र गम्भीर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हैदरगढ़। कोतवाली क्षेत्र हैदरगढ़ अन्तर्गत चौबीसी कस्बा स्थित मुर्गी दाना फैक्ट्री के समीप अज्ञात वाहन एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया। जहां युवक हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार इन्हौना के कोटवा गांव निवासी राम सेवक पुत्र सर्वेश कुमार अपने पुत्र दिलीप के साथ शुक्रवार की शाम लगभग 03 बजे चौबीसी क्षेत्र के जमुनीपुर गांव बाइक से दवा लेने जा रहे थे। वह जैसे मुर्गी दाना फैक्ट्री के समपी पहुंचे ही थे, तभी एक चार पहिया वाहन बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पिता पुत्र मौके पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर कार सवार मौके से भाग निकला लेकिन कार की नंबर प्लेट वही छोड गया। स्थानीय लोगो घटना की जानकारी इन्हौना पुलिस चौकी को दिया और दोनो घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया। इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने दोनों घायलो का प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में ट्रामासेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि घटना की जानकारी नही है।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हैदरगढ़। शिक्षा क्षेत्र त्रिवेदीगंज अन्तर्गत एमडीकेपी लॉ कालेज में खंड शिक्षाधिकारी के निर्देशन में शिक्षकों को एफएलएन एवं एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ। खंड शिक्षाधिकार ने बताया कि 100 शिक्षकों को 50-50 के बैच में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा कक्षा शिक्षण में इसके उपयोग के बारे में बताया गया। जानकारी के अनुसार ब्लाक त्रिवेदीगंज के खंड शिक्षा अधिकारी राम नारायण के निर्देशन में एमडीकेपी लॉ कॉलेज मकनपुर में एफएलएन एवं एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। ब्लॉक के 100 शिक्षकों को 50-50 के बैच में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण की समाप्ति पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा कक्षा शिक्षण में इसके उपयोग के बारे में बताया गया। राहुल कुमार शुक्ल द्वारा प्रशिक्षण की महत्ता एवं भारतीय ज्ञान परंपरा की पाठ्य पुस्तकों में उपयोगिता पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में संदर्भ दाता के रूप में रोहित कुमार शुक्ल, देवेंद्र नाथ पांडे, मोहम्मद आसिफ, नम्रता एवं सावित्री गुप्ता ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में टेक्निकल सहयोग के लिए सुनील कुमार, हरिशंकर, इसरार एवं अनुराग सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने छात्राओं को दी रक्षाबंधन के पावन पर्व की शुभकामनाएं



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में एक अनोखे और भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्री दीपक भूकर, पुलिस अधीक्षक उन्नाव ने एड्ट्री स्कूल की छात्राओं से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं को रक्षाबंधन के महत्व और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार हमें भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा के बंधन की याद दिलाता है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उन्नाव पुलिस हमेशा महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्राओं को अपने सपनों को पूरा करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक को राखी बांधकर अपनी भावनाओं का इजहार किया और पुलिस की सेवाओं की सराहना की।

# समय पर ग्राहकों को हो शासकीय योजनाओं की जानकारी: आशुतोष श्रीवास्तव

- वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने वितरित किया चार करोड़ का ऋण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



फतेहपुर। भारत सरकार वित्तीय सेवा विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान में यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की नवीन मंडी शाखा बाराबंकी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें 29 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के तहत करीब 4 करोड़ रुपयों के स्वीकृत पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला उद्योग महाप्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव, मंडी सचिव इंद्र कुमार व क्षेत्रीय प्रमुख अरुण कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। भारी बारिश के बीच पहुंचे बड़ी संख्या में बैंक ग्राहकों ने बैंक की सेवाओं को लेकर खूब सराहा और ऐसे कार्यक्रमों से एक सशक्त समाज का निर्माण होने की भी बात कही। कार्यक्रम का आगाज करते हुए मंडी सचिव इंद्र कुमार सिंह ने बैंक ग्राहक को संबोधित करते हुए कहा, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शासकीय योजनाओं के लाभ एवं जागरूकता कार्यक्रम होना अनिवार्य है समय-समय पर लोगों को शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी होनी चाहिए जिससे आर्थिक लाभ की संभावना प्रबल बने रहने की बात कही। इस बीच जिला उद्योग महाप्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव ने लोगों से जानकारी साझा करते हुए कहा, उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना पीएम निधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजनाओं से जुड़े रहने पर बल दिया। इस बीच उद्यानिकी विभाग अधिकारी अनिल शुक्ला ने बैंक ग्राहकों से अपील करते हुए कहा, जिले में चल रही विभिन्न उद्यानिकी योजनाओं में उन्नतशील तकनीकी के माध्यम से हम अपने आर्थिक सोर्स को बढ़ा सकते हैं। जिसमें फूलों की खेती, पाली हाउस लगाकर कमर्शियल बेस पर व्यवसायीकरण करते हुए अपनी आर्थिक उन्नति कर सकते हैं। इसके बाद क्षेत्रीय प्रमुख अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बृहद रूप से वित्तीय समावेशन योजनाओं में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा योजना, स्वयं सहायता समूह, केसीसी योजना आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी की 5 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग भी सभी को सुनाई गई। इस दौरान 29 हितग्राहियों को ऋण योजना के तहत लगभग 4 करोड़ रुपए के स्वीकृत पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम समापन होने के बीच शाखा प्रबंधक नीलिमा वर्मा ने सभी आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। वही कार्यक्रम का सफल संचालन रवि किरण करपात्री ने किया।

इस मौके पर मुख्य प्रबंधक रामकेश, शैलेंद्र कुरील, विनोद कुमार, राजविंदर कौर व जनपदीय शाखा प्रबंधकों के साथ बड़ी संख्या में बैंक ग्राहक मौजूद रहे।

# हाईवे पर हादसों और अपराधों को रोकने के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। हाईवे पर बढ़ते सड़क हादसों और आपराधिक घटनाओं पर लगाम कसने के लिए नवाबगंज पुलिस ने नवाबगंज हाईवे पर सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं। जो चौबीसों घंटे हाईवे पर होने वाली हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगे। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नवाबगंज-जैतीपुर मोड़ के पास हाइवे के डिवाइडर पर दो हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे लखनऊ-कानपुर हाईवे के दोनों ओर आने-जाने वाले वाहनों और लोगों पर लगातार निगरानी रखेंगे। इन कैमरों की मदद से पुलिस को किसी भी दुर्घटना या अपराध के मामले में तुरंत जानकारी मिल सकेगी। जिससे समय पर कार्रवाई करना आसान होगा। इन कैमरों की मॉनिटरिंग पास के एक स्कूल में स्थापित कंट्रोल रूम से की जा रही है। पुलिस अधिकारी वाईफाई की मदद से अपने मोबाइल फोन पर भी इन कैमरों की लाइव फुटेज देख सकते हैं। जिससे निगरानी और भी प्रभावी बन गई है। अजगैन कोतवाली के प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि फिलहाल नहर के पास कैमरे लगा दिए गए हैं। हाईवे पर दो और जगहों पर कैमरे लगाने के लिए जगहों की पहचान की जा रही है।

## नाटक के जरिए गर्भवती महिलाओं को किया जागरूकता

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को सीएचसी में एसआरएमएस कॉलेज के नर्सिंग कोर्स के छात्रों ने नर्सिंग टीचर प्रगति यादव के मार्गदर्शन में नाटक के माध्यम से स्तनपान के महत्व को समझाया और इसके लिए गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया। इस नाटक का मुख्य उद्देश्य स्तनपान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा इसके प्रति जागरूक करना था। छात्रों ने गर्भवती महिलाओं और अन्य लोगों को बताया कि शिशुओं के लिए माँ का दूध क्यों सबसे जरूरी है। उन्होंने स्तनपान कराने के कई फायदे गिनाए और यह भी समझाया कि इसे नजरअंदाज करने से शिशु के स्वास्थ्य को क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं। इस जागरूकता टीम में आराध्या, करन, आनंद, तान्या, शिवांगी, शिवानी, मान्यता, काजल और उत्कर्ष आदि छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान डॉ अखिलेश विक्रम, डॉ शैलेन्द्र अस्थाना, डॉ प्रशांत, फार्मासिस्ट महेश साहू आदि मौजूद रहे।



# अगर टैरिफ हटाया गया तो अमेरिका में आएगी 1929 जैसी महामंदी : ट्रंप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



अमेरिकी अदालतों की ओर से टैरिफ के फैसले को पलटे जाने को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि अगर टैरिफ को हटाया जाता है तो अमेरिका में 1929 जैसी महामंदी आ सकती है। ट्रंप का यह बयान कुछ देशों पर टैरिफ लगाने के ठीक बाद आया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि टैरिफ का शेयर बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लगभग हर दिन नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। सैकड़ों अरब डॉलर अमेरिकी खजाने में आ रहे हैं। अगर कोई कट्टरपंथी और वामपंथी अदालत टैरिफ को रद्द करती है तो अमेरिकी फिर 1929 जैसी महामंदी में घिर जाएगा। ट्रंप ने लिखा कि अगर अदालतों को अमेरिका की संपत्ति, ताकत और शक्ति के खिलाफ फैसला सुनाना ही था, तो उन्हें बहुत पहले मामले की शुरुआत में ही ऐसा कर लेना चाहिए था। जब हमारा पूरा देश इस तरह की महानता को फिर कभी हासिल न कर पाने के बावजूद 1929 जैसी संकटग्रस्त स्थिति में न पड़ता। अमेरिका इस तरह की न्यायिक त्रासदी से उबर नहीं सकता, लेकिन मैं अपनी न्यायिक व्यवस्था को किसी से भी बेहतर जानता हूं। इतिहास में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है जो मेरे जैसे परीक्षणों, कष्टों और अनिश्चितताओं से गुजरा हो। हमारा देश सफलता और महानता का हकदार है, न कि उथल-पुथल, असफलता और अपमान का। ईश्वर अमेरिका का भला करे!

### भारत पर लगाया है 50 फीसदी टैरिफ

ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारत से अमेरिका पहुंचने वाला सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया था जो 7 अगस्त से प्रभावी हो गया है। उन्होंने रूस से तेल खरीदने का आरोप लगाकर भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया है जो 27 अगस्त से प्रभावी होगा। इस तरह अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है जो दुनिया में किसी भी देश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है। इसके अलावा ट्रंप ने कई अन्य देशों पर भी टैरिफ लगाया है।

### किन देशों पर कितना टैरिफ

अतिरिक्त टैरिफ के बाद भारत ब्राजील के साथ दुनिया का सबसे अधिक अमेरिकी टैरिफ वाला देश बन जाएगा। अमेरिका ने म्यांमार पर 40 फीसदी, थाईलैंड और कंबोडिया पर 36-36 फीसदी, बांग्लादेश पर 35 फीसदी, इंडोनेशिया पर 32 फीसदी, चीन और श्रीलंका पर 30-30 फीसदी, मलयेशिया पर 25 और फिलिपींस और वियतनाम पर 20-20 फीसदी टैरिफ लगाया है। इन देशों का अमेरिका के साथ कई क्षेत्रों में कारोबार है, जिसका सीधा भारत से संबंध है। अब जब इन देशों पर और भारत पर अधिक टैरिफ होगा, तो स्वाभाविक रूप से अमेरिकी बाजार में भारत के इन प्रतिस्पर्धी देशों को बढ़त मिलेगी। हालांकि, टैरिफ में कटौती की एक उम्मीद भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की स्थिति में नजर आ रही है, जिसके लिए अमेरिका वार्ताकारों की टीम 25 अगस्त को भारत आने वाली है।

### ट्रंप के फैसले का विरोध

भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता और राष्ट्रपति जो बाइडन के पूर्व सलाहकार अजय भुटोरिया ने भारतीय चीजों पर 50 प्रतिशत टैरिफ का कड़ा विरोध किया है। अमेरिका की लगभग आधी सस्ती जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति भारत से होती है। इनकी कीमतें बढ़ेंगी, जिसका असर परिवारों पर पड़ेगा। रोजमर्रा की चीजें मसाले, दालें, दिवाली के कपड़े महंगे हो जाएंगे, कपड़ों व जूतों के दाम 37त्न तक बढ़ सकते हैं। भूटोरिया ने भारत को उसकी ऊर्जा ज़रूरतों के लिए निशाना बनाने की निंदा की है। भारतीय मूल के अमेरिकी समुदाय ने ट्रंप के दोहरे मापदंडों को 186 अरब डॉलर की मजबूत भारत-अमेरिका व्यापार साझेदारी और 2030 तक 500 अरब डॉलर का साझा लक्ष्य हासिल करने वाली अर्थव्यवस्था के लिए क्षति पहुंचने का खतरा बताया। उन्होंने जोर दिया कि दोनों देश जीवंत साझेदारी साझा करते हैं, ऐसे में संबंधित चुनौतियों का भी मिलकर सामना करना होगा।

# जेल की राखियां बनीं शहरवासियों की पसंद, कैदियों के हुनर को मिली नई पहचान

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



गाजियाबाद के जिला कारागार डासना में कैदियों द्वारा बनाई गई राखियां इस रक्षाबंधन पर शहरवासियों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रंग-बिरंगी, आकर्षक और हस्तनिर्मित ये राखियां अपनी सुंदरता से लोगों का मन मोह रही हैं। ये राखियां कैदियों के हुनर और उनके पुनर्वास के प्रयासों को उजागर कर रही हैं। जेल प्रशासन द्वारा शुरू किए गए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत कैदियों को राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप उनकी बनाई राखियां बाजार में धूम मचा रही हैं। जेल अधीक्षक सीताराम राम शर्मा ने बताया कि जिला कारागार डासना में कैदियों के लिए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज में पुनर्वास के लिए तैयार करना है। इस प्रोग्राम के तहत पुरुष और महिला कैदियों को राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार की राखियां, जैसे मोती, धागा, कढ़ाई और क्रोशिया से सजी राखियां बनाने की कला सिखाई गई। ये राखियां न केवल सुंदर हैं, बल्कि किफायती भी हैं, जिसके कारण स्थानीय बाजारों और प्रदर्शनियों में इनकी भारी मांग है। जेल में बनी राखियों की खासियत यह है कि इन्हें बनाने में कैदियों ने अपनी रचनात्मकता और मेहनत का पूरा उपयोग किया है। रंग-बिरंगे धागों, चमकीले मोतियों और पारंपरिक डिजाइनों से सजी ये राखियां हर वर्ग के लोगों को पसंद आ रही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन राखियों में एक अनूठी भावना झलकती है, क्योंकि इन्हें बनाने वाले कैदी अपने जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। जेल प्रशासन ने राखी बिक्री के लिए शहर में कई स्टॉल भी लगाए हैं, जहां लोग इन्हें खरीदकर कैदियों के प्रयासों को समर्थन दे रहे हैं। इस पहल से न केवल कैदियों को आर्थिक लाभ हो रहा है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सामाजिक स्वीकार्यता भी मिल रही है। जेल अधीक्षक के अनुसार, इस तरह के कार्यक्रम कैदियों को नई शुरुआत करने का मौका देते हैं और समाज में उनकी सकारात्मक छवि बनाने में मदद करते हैं।

# मेजर जनरल अमर पाल सिंह चहल को मिली अहम जिम्मेदारी बने बंगाल और सिक्किम एनसीसी निदेशालय के एडीजी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मेजर जनरल अमर पाल सिंह चहल ने पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम एनसीसी निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने मेजर जनरल विवेक त्यागी का स्थान लिया है। यह नेतृत्व परिवर्तन सुचारू रूप से हुआ, जो सेवा, परंपरा और राष्ट्र व युवाओं के प्रति समर्पण के निरंतर प्रवाह का प्रतीक है। यह परिवर्तन केवल एक कमान का हस्तांतरण नहीं, बल्कि एनसीसी के मूल्यों - अनुशासन, कर्तव्य और राष्ट्र निर्माण के प्रति अडिग प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि है। पदभार ग्रहण करने के बाद, मेजर जनरल चहल ने सभी रैंकों से आग्रह किया कि वे सशस्त्र बलों और एनसीसी की सर्वोत्तम परंपराओं को बनाए रखें। उन्होंने उभरती तकनीकों को अपनाने, भविष्य के लिए तैयार प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और कैडेटों को जिम्मेदार, सक्षम एवं सशक्त नागरिक के रूप में ढालने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि वे विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर सकें। निदेशालय ने पूर्व एडीजी मेजर जनरल विवेक त्यागी को भी हार्दिक धन्यवाद और कृतज्ञता प्रकट की, जिनके प्रेरणादायी नेतृत्व और दृढ़ संकल्प से एनसीसी के मिशन को क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति मिली। उनके कार्यकाल में कैडेट विकास, प्रशिक्षण की गुणवत्ता और सामुदायिक संपर्क के क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां दर्ज हुईं। इस नए अध्याय के साथ, पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम एनसीसी निदेशालय सेवा, समर्पण और संकल्प की भावना के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए फिर से प्रतिबद्ध हुआ है।

# डीपीडीपी अधिनियम में कोई बदलाव नहीं करेगी सरकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम 2023 में कोई बदलाव नहीं करेगी और जल्द ही पत्रकारों और नागरिक अधिकार समूहों की ओर से उठाए गए सवालों के जवाब में विस्तृत जानकारी साझा करेगी। एक आधिकारिक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नागरिक अधिकार और पत्रकार संगठनों ने बुधवार को इस कानून को लेकर चिंता जताई थी कि इसके प्रावधान सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम को प्रभावित कर सकते हैं और प्रेस की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सरकारी सूत्रों ने कहा कि डीपीडीपी अधिनियम संसद में पारित हो चुका है, इसलिए इसमें अब कोई बदलाव संभव नहीं है। नियम बनाए जा रहे हैं जो इस कानून के दायरे में ही होंगे। सरकार ने कहा कि मसौदा नियम कई स्रोतों से प्राप्त हजारों सुझावों के बाद तैयार किए गए हैं।

# राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के मुद्दे को देशभर में उठाएगी कांग्रेस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग और भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए जाने के बाद इस मुद्दे को पूरे देश में उठाने की रणनीति बना रही है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस सोमवार को कथित मतदाता सूची हेरफेर और चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की रणनीति पर बैठक करेगी। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने कहा कि इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तैयार करने के लिए पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में शाम 4.30 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, विभिन्न राज्यों के प्रभारी और प्रमुख संगठनों के प्रमुखों की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि, जिस तरह बापू ने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान हमें करो या मरो का आह्वान किया था, उसी तरह आज हमें भारतीय लोकतंत्र को बचाने के लिए उसी तरह के करो या मरो के अभियान पर निकलना होगा। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर लिखा कि मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनाव धोखाधड़ी के खिलाफ पार्टी के आगे के राष्ट्रव्यापी अभियान पर चर्चा करने के लिए एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों और फ्रंटल संगठन प्रमुखों की एक बैठक 11 अगस्त को शाम 4:30 बजे 24 अकबर रोड पर होगी। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे।

# अमेरिका समेत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा भारत : उद्योग मंत्री पीयूष गोयल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



टैरिफ मामले में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, हम सिर्फ अमेरिका ही नहीं दुनिया के कई अन्य देशों के साथ व्यापार वार्ता कर रहे हैं। इनमें ओमान, यूरोपीय संघ, चिली, पेरू, न्यूजीलैंड आदि शामिल हैं। कई अन्य देश भारत के साथ संबंध बनाना चाहते हैं। दुनिया आज भारत की ताकत और उसके जनसांख्यिकीय लाभों को पहचानती है। दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 140 करोड़ लोग बड़ी मांग और विशाल घरेलू बाजार लेकर आते हैं... वरना आपको क्या लगता है, हर कोई हमारे साथ व्यापार करने या बेहतर बाजार पहुंच पाने के लिए होड़ क्यों लगा रहा है? उन्होंने भरोसा जताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का निर्यात पिछले वर्ष के आंकड़ों से अधिक होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु और सेवा निर्यात 82.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर रहा। उन्होंने कहा, हम ओमान, यूरोपीय संघ, अमेरिका, चिली, पेरू, न्यूजीलैंड समेत कई देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं। कई अन्य देश भारत के साथ बातचीत शुरू करना चाहते हैं। गोयल ने एक कार्यक्रम में कहा, आज पूरी दुनिया भारत की ताकत और हमारी विशाल आबादी को पहचानती है। 140 करोड़ लोग मिलकर एक बहुत बड़ी मांग और एक विशाल घरेलू बाजार बनाते हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो आप ही सोचिए कि हर कोई भारत के साथ व्यापार करने या यहां के बाजार तक बेहतर पहुंच बनाने के लिए इतना उत्सुक क्यों होता। भारत और अमेरिका मार्च से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अगले दौर की वार्ता के लिए, एक अमेरिकी दल 25 अगस्त से भारत आने वाला है।

### अमेरिकी टैरिफ पर कही ये बात

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत ने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, ईएफटीए और ब्रिटेन सहित कई देशों के साथ व्यापार समझौते किए हैं। अमेरिका द्वारा लगाए गए अतिरिक्त शुल्क पर उन्होंने कहा, मुझे वैश्वीकरण में कोई कमी नहीं दिखती। मैं देख रहा हूं कि देश अपने व्यापार मार्गों और साझेदारों को नए सिरे से तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि इस साल भारत का निर्यात पिछले साल से ज्यादा होगा।

# निर्वाचन अधिकारी से मिले कांग्रेस नेता, डिप्टी सीएम बोले, राहुल गांधी के आरोपों की जांच कर रहा आयोग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर आरोप लगाने के बाद शुक्रवार को कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य चुनाव अधिकारी से राहुल गांधी के आरोपों की जांच की मांग की। मुलाकात के बाद डिप्टी सीएम और कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी अंबुकुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चुनावी धोखाधड़ी के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं कर्नाटक के निर्वाचन आयोग ने डीके शिवकुमार से आरोपों की जांच के लिए संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चुनावी धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। इसे लेकर डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी अंबुकुमार को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद डिप्टी सीएम और कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि निर्वाचन कार्यालय ने अपनी जांच शुरू कर दी है। मुझे यह जानकर खुशी हुई।

### शिकायत से जुड़े दस्तावेज दें डिप्टी सीएम : चुनाव आयोग

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के नियम 20(3)(बी) के अनुसार घोषणा/ शपथ के साथ अपनी शिकायत से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करनी चाहिए। ताकि उनकी शिकायत पर कार्रवाई की जा सके।

# हिंदू युवा वाहिनी नेता सुशील प्रजापति पर युवती ने लगाया दुष्कर्म का गंभीर आरोप, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद



गाजियाबाद जिले के मुरादनगर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवती ने हिन्दू युवा वाहिनी के नेता होने का दावा करने वाले युवक के खिलाफ नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में तहरीर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामला दर्ज करके अपनी विवेचना शुरू कर दिया है। हिंदूवादी संगठन के नेता का नाम आने के बाद पुलिस फूंक फूंक कर कदम रख रही है। जबकि पीड़ित ने राजनीतिक दबाव का भी आरोप लगाते हुए तहरीर वापसी की बात कही है। पीड़िता द्वारा थाना मुरादनगर में दी गई तहरीर के अनुसार आरोप है कि सुशील प्रजापति ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर मेट्रो होम फ्लैट में ले जाकर दुष्कर्म किया। अब तक इस पूरे मामले में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अब यह सवाल जनता उठा रही है कि क्या आरोपी पर सख्त कार्रवाई होगी ? पीड़िता को न्याय मिलेगा या दबाव में मामला रफा-दफा कर दिया जाएगा संगठन इस पर क्या रुख अपनाता है?

# 2024 में 2 लाख से अधिक भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता


जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

साल 2024 में 2,06,378 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी है। साल 2023 में यह संख्या 2,16,219 थी। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में पिछले 5 वर्षों में भारतीय नागरिकता त्याग दूसरे देशों की नागरिकता लेने वालों की संख्या के सवाल पर यह जानकारी दी। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने यह सवाल पूछा था। मंत्री ने बताया कि साल 2020 में भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या 85,256 थी। साल 2021 में 1,63,370, साल 2022 में 2,25,620 थी। उन्होंने बताया कि संदर्भ के लिए ऐसे मामले साल 2011 में 1,22,819, साल 2012 में 1,20,923, साल 2013 में 1,31,405 और साल 2014 में 1,29,328 थे। सरकार ने कहा, भारतीय नागरिकता छोड़ने या विदेशी नागरिकता लेने के कारण व्यक्तिगत होते हैं। सरकार ज्ञान अर्थव्यवस्था के युग में वैश्विक कार्यस्थल की क्षमता को पहचानती है।















**NOTICE**

I, Ajay Kumar S/o Ranvir Singh Tomar, resident of Flat no.10034 Tower no.10, ATS ADVANTAGE, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh, 201014, have changed my name from Ajay Kumar to Ajay Tomar. Henceforth I would be known by the name of Ajay Tomar for all future purposes.

**NOTICE**

I, Brijesh W/o Ajay Tomar, resident of Flat no.10034 Tower no.10, ATS ADVANTAGE, Indirapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh, 201014, have changed my name from Brijesh to Brijesh Kumari .Henceforth I would be known by the name of Brijesh Kumari for all future purposes.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)